राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 115 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'कोई भी देश 100 फीसदी फुलप्रूफ खुफिया व्यवस्था नहीं रख सकता'



**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को पहलगाम आतंकी हमले को खुफिया विफलता करार दिया और इसकी तुलना सात अक्तूबर 2023 के हमास के उस हमले से की, जिसके बाद इस्राइल ने गाजा पट्टी पर हमले शुरू किए। इस्राइल को अपनी मजबूत खुफिया एजेंसियों के लिए जाना जाता है। थरूर ने कहा, 'साफ तौर पर पूरी तरह से पुख्ता खुफिया जानकारी नहीं थी। इसमें कुछ विफलता जरूर रही। हमारे पास इस्राइल का उदाहरण है, जिसने दुनिया सबे अच्छी खुफिया सेवा के लिए जानते हैं और जिसे दो साल पहले सात अक्तूबर को अचानक हमले का सामना करना पड़ा। मेरे मुताबिक,जैसे इस्राइल युद्ध के खत्म होने तक जवाबदेही तय करने का इंतजार कर रहा है, वैसे ही हमें भी मौजूदा संकट को पूरी तरह से देखने के बाद सरकार से जवाबदेही मांगनी चाहिए। कोई भी देश कभी भी सौ फीसदी फुलप्रूफ खुफिया जानकारी नहीं रख सकता।' उन्होंने यह भी बताया कि कई बार जब आतंकी हमलों को सफलतापूर्वक टाल दिया जाता है, तो उनकी चर्चा नहीं होती। लेकिन जब विफलता होती है, तो वह सबके सामने आ जाती है। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें उन आतंकी हमलों के बारे में कभी पता नहीं चलता, जिन्हें सफलतापूर्वक रोक दिया जाता है। हमें केवल उन्हीं के बारे में जानकारी मिलती है, जिन्हें रोका नहीं जा सका। यह हर देश में सामान्य बात है। हां, कुछ विफलताएं हुई हैं। मैं मानता हूं फिलहाल हमारा फोकस यहीं नहीं होना चाहिए। इस बीच, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीमें 23 अप्रैल से पहलगाम हमले की जगह पर मौजूद हैं और उन्होंने सबूतों की तलाश तेज कर दी है। एनआईए ने एक बयान में कहा, एजेंसी के आईजी, डीआईजी और एसपी के नेतृत्व में टीमों ने उन चश्मदीदों से पूछताछ शुरू कर दी है, जिन्होंने 22 अप्रैल को हुए इस खौफनाक हमले को अपनी आंखों से देखा। यह हमला दोपहर करीब दो बजे बायसारन घाटी में हुआ था, जो जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम के पास है। इस हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी, जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था और तीन दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे।

# पहलगाम हमला: पीड़ितों को न्याय जरूर मिलेगा- पीएम

- न्याय जरूर होगा', मन की बात में पहलगाम हमले के पीड़ितों से पीएम मोदी ने किया वादा
- भारत के लोगों में जो आक्रोश है वो आक्रोश पूरी दुनिया में है: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने कार्यक्रम की शुरूआत में ही पीएम मोदी ने पहलगाम हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए इस हमले से मन में गहरी पीड़ा है। पीएम ने कहा कि हमारे देश के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में भी है। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सबने कड़ी निंदा की। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमले के पीड़ितों को न्याय मिलेगा।

**पहलगाम हमले का किया जिक्र**
पीएम ने कहा, 'पहलगाम में हुआ ये हमला, आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता है, उनकी कायरता को दिखाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में एक वाइब्रेंसी थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति




आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी। देश के दुश्मनों को, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया।' उन्होंने कहा कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। पीड़ितों से किया न्याय का वादा पीएम ने कहा हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है।

### पहलगाम हमले के बाद एक्शन मोड में एनआईए

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंपी है। एनआईए की टीम घटना से जुड़े हर एक पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। एक-एक कड़ियों को जोड़ा जा रहा है और चश्मदीदों से पूछताछ की जा रही है। एएनआई के एक आईजी, डीआईजी और एसपी के नेतृत्व में टीमें उन चश्मदीदों से पूछताछ कर रही हैं, जिन्होंने 22 अप्रैल को हुए हमले को देखा था। उनसे घटना मिनटवार विवरण लिया जा रहा है। बता दें कि घटना पहलगाम स्थित बैसरन घास के मैदान में दोपहर के वक्त हुई थी। एनआईए ने बयान में कहा, 'जांच कर रही टीमें आतंकवादियों के सुराग के लिए एंट्री और एग्जिट पॉइंट की बारीकी से जांच कर रही हैं।

### भारत को मिल रहा पूरे विश्व का समर्थन

*नई दिल्ली।* *पीएम नरेन्द्र मोदी ने रविवार (27 अप्रैल) को मन की बात कार्यक्रम में कहा है कि भारत को पूरे विश्व का समर्थन मिला हुआ है। सच्चाई यही है कि समर्थन अभूतपूर्व है। विदेश मंत्रालय ने जो अभी तक सूचना उपलब्ध कराई है उससे पता चलता है कि शनिवार तक 16 देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने पीएम मोदी से टेलीफोन पर बात की है। कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकियों के हमले की निंदा की है, मृतकों के लिए अपनी संवेदना जताई है। कई देशों ने पीएम मोदी से भारत को समर्थन देने की बात भी कही है। आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पहलगाम हमले के बाद भारत के प्रमुख रणनीतिक साझेदार देश अमेरिका ने जो प्रतिक्रिया दी है, उसको भी भारतीय कूटनीतिक विश्लेषक काफी महत्वपूर्ण मान रहे हैं।*

### सीडीएस जनरल के साथ रक्षा मंत्री की बैठक

*नई दिल्ली।* *चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने रविवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की है। यह बैठक 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के जवाब में बुलाई गई थी, जिसमें 26 लोगों की आतंकियों ने हत्या कर दी थी, जिनमें एक नेपाली नागरिक सहित ज्यादातर पर्यटक शामिल थे। पुलवामा के बाद पहलगाम सबसे घातक आतंकी हमला यह घटना जम्मू-कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन शहर पहलगाम के पास बैसरन मैदान में दोपहर करीब 2 बजे हुई। यह 2019 के पुलवामा हमले के बाद से इस क्षेत्र में सबसे घातक हमलों में से एक था। बता दें, पुलवामा में 40 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान शहीद हो गए थे।*

## ...तो पाकिस्तानियों पर होगी बड़ी कार्रवाई

- भारत न छोड़ने वाले पाकिस्तानियों की खैर नहीं, तीन साल जेल, 3 लाख जुर्माना या दोनों

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई की गई है। जिसमें भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों (अलग-अलग वीजा रखने वालों) को देश छोड़ने का निर्देश दिया गया था। जिसमें कुछ चले गए हैं और कुछ दो दिन कुछ और भी वापस देश से भेजे जाएंगे। वहीं इस नियम को न मानने वाले पाकिस्तानियों पर बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। जानकारी के मुताबिक, कोई भी पाकिस्तानी नागरिक, जो सरकार की तरफ से निर्धारित समय-सीमा के भीतर भारत छोड़ने में विफल रहता है, उसे गिरफ्तार किया जाएगा, उस पर मुकदमा चलाया जाएगा और उसे तीन साल तक की जेल या अधिकतम तीन लाख रुपये का जुर्माना या दोनों सजाओं का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि, सार्क वीजा रखने वालों के लिए भारत छोड़ने की समय-सीमा 26 अप्रैल थी। मेडिकल वीजा रखने वालों के लिए समय-सीमा 29 अप्रैल है। जिन 12 श्रेणियों के वीजा धारकों को रविवार तक भारत छोड़ना है, वे हैं - आगमन पर वीजा, व्यवसाय, फिल्म, पत्रकार, पारगमन, सम्मेलन, पर्वतारोहण, छात्र, आगंतुक, समूह पर्यटक, तीर्थयात्री और समूह तीर्थयात्री।



### क्या है आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम 2025

*4 अप्रैल को लागू हुए आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम 2025 के अनुसार, निर्धारित समय से अधिक समय तक रहना, वीजा शर्तों का उल्लंघन करना या प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनाधिकार प्रवेश करने पर तीन साल की जेल और 3 लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। अधिनियम में कहा गया है, 'जो कोई भी, (क) विदेशी होते हुए, भारत के किसी क्षेत्र में उस अवधि से अधिक अवधि तक रहता है.*

### गृह मंत्री ने राज्यों के सीएम से की बात

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन करके यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे। मुख्यमंत्रियों के साथ अमित शाह की टेलीफोन पर बातचीत के बाद, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मुख्य सचिवों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की थी।*

## पाक से तनाव के बीच इंडियन नेवी कर रही युद्धाभ्यास

**जहाज-रोधी**
- खौफ के साए में जी रहा पाकिस्तान
- अरब सागर में नो-फ्लाई जोन घोषित
- एक्शन की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पहलगाम हमले के बाद भारत पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन की तैयारी में है। पाकिस्तान से इस तनातनी के बीच भारतीय नौसेना युद्धाभ्यास में जुटी है। रविवार को अधिकारियों ने बताया कि नौसेना ने लंबी दूरी के सटीक हमलों के लिए अपनी तत्परता को फिर से प्रमाणित करने के लिए जहाज-रोधी फायरिंग को अंजाम दिया। नौसेना की तरफ से ये फायरिंग अभ्यास भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच किया जा रहा है। इसके पहले आईएनएस सूरत से हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया।




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के सेक्टर-18 में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

## 'कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को हटाना चाहती है बीजेपी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**बंगलूरू:** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने आरोप लगाया कि भाजपा और जद(एस) किसी तरह राज्य में कांग्रेस सरकार को हटाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2028 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस एक बार फिर राज्य में सत्ता में आएगी। शिवकुमार सरकार के दो साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों को गिनाने और बंगलूरू ग्रामीण जिले में विभिन्न विकास कार्यों को



शुरू करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने भाजपा और जद (एस) से पूछा कि उन्होंने लोगों, महिलाओं, किसानों, युवाओं और रोजगार सृजन के कल्याण के लिए क्या किया है, उन्होंने कहा कि वे इसके बारे में बोलने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा, किसी तरह, वे इस सरकार को हटाना चाहते हैं। कुछ केंद्रीय मंत्री इसके बारे में सपना देख रहे हैं। दोनों पार्टियों ने गठबंधन बनाया है। एक बात याद रखें, 2028 के विधानसभा चुनाव में, कांग्रेस एक बार फिर राज्य में सत्ता में आएगी। यह हमारा विश्वास है हमने इसके लिए काम किया है।

## सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर हमला



**टीम एक्शन इंडिया**
**अलीगढ़:** अलीगढ़ से होकर निकल रहे सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले को विरोध का सामना करना पड़ा। काफिले को करणी सेना व क्षत्रिय समाज ने काले झंडे दिखाए और टायर भी फेंके गए। पुलिस-प्रशासन ने काफिले को रोका और रामजी लाल सुमन को वापस कर दिया।

**बुलंदशहर के सुनेहरा को जा रहे थे रामजी लाल सुमन**
बुलंदशहर के कोतवाली देहात अंतर्ग गांव सुनहेरा में 21 अप्रैल की रात दबंगों ने काले रंग की थार से दलित समाज के चार लोगों को कुचल दिया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल काले रंग की थार को भी बरामद कर लिया था। रामजी लाल सुमन ने बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल के साथ सुनेहरा जानकारी करने जा रहा था। रामजी लाल सुमन का काफिला बुलंदशहर के लिए निकला।

**काफिले को दिखाए काले झंडे, फेंके टायर**
जैसे ही पता चला कि रामजी लाल सुमन का काफिला अलीगढ़ से जा रहा है, तभी उसका विरोध करने की प्लानिंग बना ली गई। ऐसा ही हुआ, जैसे ही काफिला अलीगढ़ से गुजरा तो करणी सेना और क्षत्रिय समाज के लोगों ने रामजी लाल सुमन के खिलाफ नारेबाजी, विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। काफिले पर टायर फेंके गए और काले झंडे दिखाए।

## सभी कानूनी सेवा समितियां अपना काम करेंगी: सुप्रीम कोर्ट

**प्रस्ताव पारित**
- कोर्ट ने कानूनी सेवा समितियों को मदद करने का प्रस्ताव
- शुभम के परिवार ने शहीद का दर्जा देने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जम्मू और कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले पर सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस दीपंकर दत्ता ने शोक व्यक्त किया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि सभी कानूनी सेवा समितियां अपना काम करेंगी। जस्टिस दत्ता ने कहा, "हम उन सभी परिवारों के साथ हैं जो इस हमले में शिकार हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव लिया है। हम पीड़ितों के साथ हैं, जो भी किसी अन्य कानूनी सेवा समिति के तहत किया जा सकता है, वे समितियां अपना काम करेंगी।

## भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान की उड़ी नींद

**डरा पाक**
- खुद को बचाने के लिए चीन-रूस के कदमों में गिरा, पाक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जांच की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/मॉस्को**
पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आतंकियों को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान की वैश्विक स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। तमाम



देशों के नेताओं ने आतंक से निपटने के लिए भारत के प्रति अपना समर्थन जताया है। वहीं इस हमले के बाद भारत के कड़े रुख और जवाबी एक्शन से पड़ोसी देश की नींद उड़ गई है। आतंकवाद के मुद्दे पर फंसे पाकिस्तान ने हमले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जांच की मांग की है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान ने जांच के लिए अपने पुराने दोस्त चीन का नाम लिया है।

### हमले की जांच में चीन-रूस की भागीदारी की बात की

*रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए गए एक हालिया साक्षात्कार में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच में चीन और रूस की भागीदारी की बात की। मुझे लगता है कि रूस या चीन या यहां तक कि पश्चिमी देश इस संकट में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। वे एक जांच दल भी गठित कर सकते हैं, जिसे जांच का काम सौंपा जाना चाहिए कि भारत झूठ बोल रहा हैं या सच।*

**पानी की जरूरत** सतलुज नदी का पानी हिमाचल प्रदेश के रास्ते हरियाणा में सरस्वती नदी तक लाने की योजना

## सिंधु जल संधि निलंबित होने से हरियाणा और पंजाब की आंखों में चमक आई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता निलंबित होने से हरियाणा और पंजाब की आंखों में चमक आ गई है। पंजाब के कुछ संगठनों ने प्रदेश में बढ़ती पानी की जरूरत और घटती आपूर्ति के मद्देनजर सिंधु घाटी की नदियों का पानी पंजाब के साथ साझा करने की मांग शुरू कर दी है। उधर हरियाणा ने भी रावी ब्यास नदी जल में एस वाई एल के जरिए अपने हिस्से का पानी न मिलने से दक्षिण हरियाणा की सिंचाई की आवश्यकता पूरी न होने से सिंधु नदी जल मिलने की उम्मीद बढ़ा दी है।



सिंधु जल समझौते के निलंबित होने के बाद सतलुज नदी का पानी हिमाचल प्रदेश के रास्ते हरियाणा में सरस्वती नदी तक लाने की योजना है। आरम्भ में 50 से 100 क्यूसिक पानी लाने की संभावना है। इस परियोजना से हरियाणा को सतलुज के पानी के लिए पंजाब पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। किसानों को लाभ होगा

**मांग**
- पंजाब के कुछ संगठनों ने सिंधु घाटी की नदियों का पानी पंजाब के साथ साझा करने की मांग शुरू कर दी

और सरस्वती नदी का धार्मिक महत्व भी बढ़ेगा। भारत द्वारा पाकिस्तान का पानी बंद करने के फैसले के बाद सतलुज, रावी, ब्यास, सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों का पानी हरियाणा लाने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के शिमला और नाहन के रास्ते इस पानी को हरियाणा के यमुनानगर से आरंभ होकर बहने वाली सरस्वती नदी में लाने की योजना है। आरंभ में 50 से 100 क्यूसिक तक पानी लाने की संभावना तलाश की जा रही है। परियोजना सिरे चढ़ी तो पानी की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाई जा सकती है। इससे हरियाणा को अपेक्षित पानी मिलेगा तथा उसे अपने हिस्से के सतलुज के पानी के लिए पंजाब की तरफ भी नहीं देखना पड़ेगा। तीन पूर्वी नदियों ब्यास, रावी और सतलुज का नियंत्रण भारत तथा तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम का नियंत्रण पाकिस्तान के पास है।

## किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय: धनखड़

**व्याख्यान**
- भारत में 46 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी हुई है बावजूद सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16 प्रतिशत का योगदान देता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नई:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस समय दो दिवसीय तमिलनाडु के दौरे पर हैं। यहां रविवार को वे तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) में एक व्याख्यान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि अब किसानों को सिर्फ उत्पादक होने से ऊपर उठना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय कृषि एजेंडे के लिए खाद्य सुरक्षा से



किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय आ गया है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि और टीएनएयू के अधिकारी मौजूद थे। भारत में 46 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी हुई है बावजूद इसके यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16 प्रतिशत का योगदान देता है। कृषि वैज्ञानिक दिवंगत डॉ एम एस स्वामीनाथन की विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए।

### भारत अब कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कृषि के क्षेत्र में भारत की स्थिति की बात करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक है। हमारे कुल निर्यात में कृषि खाद्य उत्पादों का हिस्सा 11 प्रतिशत से अधिक है। टीएनएयू में मौजूद लोगों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि लेकिन अब आपको एक नया अध्याय लिखना होगा।

# भाजयुमो ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
**पहलगाम आतंकी** हमले में मारे गए लोगों को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कैंडल मार्च निकालकर शहीद स्मारक पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की कैंडल मार्च व श्रद्धांजलि कार्यक्रम भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलविंदर आर्य की अध्यक्षता में निकल गया कैंडल मार्च लाल बत्ती चौक से शुरू होकर शुरू होकर पाकिस्तान मुदार्बाद आतंकवाद मुदार्बाद के नारे के साथ शहीद स्मारक पहुंचा। वहां? दो मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए लोगों को नमन किया गया। अपने उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि




आतंकवादी व उनके पनहागारो क को नेस्तनाबूत किया जाएगा किसी भी कीमत पर उनको बक्सा नहीं जाएगा डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा धर्म के नाम पर बर्बरता भारत कभी सहन नहीं करेगा इसका मुंह तोड़ जो जवाब दिया जाएगा। डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कुछ लोगों और देश को जम्मू कश्मीर में शांति व विकास सहन नहीं रो रहा इसलिए वे धरती के इस स्वर्ग पर धर्म के नाम पर हिंसा फैला रहे हैं परंतु वो जान जाए की अब विकास व शांति की ओर बड़ा कश्मीर पीछे कदम नहीं रखेगा उनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे इस अवसर पर बोलते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट

**मौन रखा**

**मोदी के नेतृत्व में भारत घर में घुसकर मारना जानता है फिर उसको उसी की भाषा में जवाब दिया जाएगा**

ने कहा आतंकवाद वह वह आतंकीसतान को सबक सिखा कर रहेंगे। दुष्यंत भट्ट ने कहा की मोदी के नेतृत्व में भारत घर में घुसकर मारना जानता है अब फिर उसको उसी की भाषा में जवाब दिया जाएगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बलविंदर आर्य ने अपने संबोधन में कहा आतंकवाद की आग में जल भारतीयों का खून व्यर्थ नहीं जाएगा हर कीमत पर उसे खून की कीमत वसूली जाएगी।
एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला सूचक किस कुमार राणा ने कहा की भारत अब 2014 से पहले वाला नहीं रहा आप विश्व में नेतृत्व करने वाले देशों में भारत का नाम लिया जाता है ।ये भारत राफेल वाला ,शिकनू वाला ब्रह्मोस वाला भारत है यह मुंहतोड़ जवाब जरूर देगा। देश को मोदी पर भरोसा है।
इस अवसर पर महावीर सिंह भैया , नीरज कश्यप , अंजलि धीमान , शुभम बरनवाल , नवीन वशिष्ठ , अमित शर्मा , जतिन राणा , विकास भारद्वाज , भारद्वाज पंडित अमित शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हर हिन्दू जागे बिना सरकार भी अधूरी है: राजेंद्र अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: पहल** गांव के हिंदुओं की बेरहमी से निर्मम हत्या हर भारतीय के लिए बहुत ही दर्दनाक व शर्मसार करने वाली है। श्री अग्रसेन धाम कुंडली के परिसर में समस्त हिन्दू समाज द्वारा आयोजित श्रंद्धाजलि एवं प्रार्थना सभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हर हिन्दू अब चाहता है कि किसी भी सूरत में भारत से आतंकवाद व आतंकवादी खत्म होने चाहिए। श्री अग्रसेन धाम कुंडली के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि आज जरूरत है कि पाकिस्तान व सभी आतंकवाद के खिलाफ हर हिन्दू अर्थात भारतियों को जागना चाहिए। देश में हो रही दर्दनाक घटनाओं के खिलाफ डट कर खड़ा होना चाहिए क्यों कि समाज के जागृत हुए बिना



अकेली सरकार भी कुछ नहीं कर पाएगी । हमें सरकार व हर हिंदू की ताकत बनना चाहिए । बंधुओं इस मानसिकता व कहावत को झूठा साबित करना चाहिएं कि हमें फिर देश को आजादी करवाने वाले राष्ट्र भक्त लाला लाजपत राय एवं सरदार भगत सिंह जैसे भारत माता के सच्चे भक्त चाहिए लेकिन उनका जन्म किसी पड़ोस के मोहल्ले में हो । श्री अग्रवाल ने कहा कि भयभीत व्यक्ति को किसी के द्वारा मारने की आवश्यकता नहीं है बल्कि खुद ही डर कर मर जाते हैं।
उन्होंनें कहा हम सबको एक दूसरे की ताकत बनना चाहिए । देश हमारा है और हम सबसे पहले देश के हैं और हमसब को इक्ट्ठा होकर किसी भी बुराई या क्रूरता से निर्भिक हो कर लड़ सकते हैं।

# रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
मदद बैंक संस्था और हरियाणा प्राइम न्यूज के द्वारा मुल्तान भवन में दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवा रक्तदान करने पहुंचे। रक्तदान शिविर में 233 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मदद बैंक के संचालक विक्की बत्रा ने बताया कि सुबह 9:00 बजे रक्तदान शिविर की शुरूआत ऋषिकेश से पधारे महंत लोकेश दास जी ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले भारतीय नागरिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करके की। रक्तदान शिविर में पानीपत रेड क्रॉस की टीम तथा करनाल



सामान्य अस्पताल की टीम ने रक्तदान करने आए सभी युवाओं की स्वास्थ्य जांच की। रक्तदान करने वाले सभी लोगों के लिए फल, जूस व भोजन का इंतजाम किया गया था। मदद बैंक के संचालक विक्की बत्रा ने बताया कि मदद बैंक समय-समय पर सामाजिक कार्य करता रहता है। इन कार्यों में गरीब परिवारों को राशन वितरित करना, बच्चों को स्कूली शिक्षा के लिए किताबें उपलब्ध करवाना, गरीब बच्चों के लिए स्कूल की फीस भरना, एक्सीडेंट व गंभीर बीमारी के शिकार हुए लोगों को इलाज के लिए आर्थिक मदद प्रदान करने जैसे सामाजिक कार्य करता रहता है। मदद बैंक संस्था के द्वारा दूसरा रक्तदान शिविर लगाया गया है। शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वयं आकर इस शिविर में अपना योगदान दिया। मदद बैंक संस्था के सदस्य अभिषेक चुघ,मनोज डूडेजा, जगदीश बत्रा, हीरा मनचंदा, गौरव चुघ, विशाल वर्मा, दीपक सलूजा, सुशील बजाज, हेमंत शर्मा, अखिलेश मेंहदीरत्ता, रवि अरोड़ा, अक्षय मिगलानी, सागर खुराना, व अन्य सभी सदस्यों के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन सफल हुआ।

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) थाना समालखा पुलिस ने झोपड़ी** में आग लगा पत्नी की जलाकर हत्या करने के आरोपी पति को शनिवार शाम को चुलकाना गांव से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सारून निवासी शाहपुर सहारनपुर यूपी के रूप में हुई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है। थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना समालखा में इलियास पुत्र फीका निवासी कुंडा सहारनपुर यूपी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसने 5 साल पहले बेटी मोहसिन की शादी यूपी के सहारनपुर के गांव शाहपुर निवासी सारुन से की थी। उनके दो बच्चे है। वह दामाद सारुन के साथ चुलकाना गांव निवासी अशोक के खेत में खरबूजे की खेती के लिए आए थे। खेत में ही परिवार के साथ अलग-अलग झोपड़ी बनाकर रहते हैं। 16 अप्रैल की रात दामाद सारून ने अपनी झोपड़ी में आग लगा दोनों बच्चों को बाहर निकाल लिया और मोहसिन को वहीं जला दिया। तभी उसकी आंख खुली देखा झोपड़ी में आग लगी हुई थी बेटी मोहसिन को जलते देख उसने बाहर निकाला और समालखा सरकारी अस्पताल में ले गया। जहां मोहसिन की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रोहतक पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान बेटी मोहसिन की मौत हो गई। थाना समालखा में इलियास की शिकायत पर आरोपी सारून के खिलाफ हत्या की धारा के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच करने के साथ ही आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिये थे। प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना समालखा पुलिस ने शनिवार को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी सारून को चुलकाना गांव से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने झोपड़ी में आग लगा पत्नी की जलाकर हत्या करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया पत्नी मोहसिन उसके साथ हर रोज छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करती थी और उसका कहना भी नहीं मानती थी।

# मोदी से अपील जल्द आरपार करें: जयहिन्द

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के अलग** अलग जिलों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जा रहा है इसी कड़ी में नवीन जयहिन्द रविवार 27 अप्रैल को गांव पट्टी कल्याणा(पानीपत) में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव में पहुंचे। जयहिन्द ने आयोजन कर्ता व उनकी पूरी टीम का धन्यवाद किया। जयहिन्द ने सभी को रविवार 11 मई 11 बजे गांव पहरावर(रोहतक) में मनाए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव का न्योता दिया। जिसमें स्पेशल खीर का प्रसाद व भंडारा किया जाएगा। साथ ही जयहिन्द ने पहलगाम में शहीद हुए सैनिकों की शहादत पर दो मिनट का मौन धारण किया।

# घरौंडा में शुरू हुई नई कोर्ट, गौरांग शर्मा बने सीनियर सिविल जज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पंजाब एवं** हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर कस्बा घरौंडा में नई अदालत की स्थापना की गई है। न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में उठाए गए कदम के तहत गौरांग शर्मा को अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर नियुक्त किया गया है। अब घरौंडा के लोगों को छोटे-छोटे मामलों के लिए करनाल नहीं जाना पड़ेगा। घरौंडा को उपमंडल का दर्जा मिलने के बाद से ही अदालत की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है। नई अदालत खुलने से क्षेत्र के लोगों को त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सकेगा।
हाल ही में बनी इस अदालत में गौरंग शर्मा को न केवल तैनात किया गया है, बल्कि उन्हें




अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर पदोन्नत भी किया गया है। इससे पहले वे गुरुग्राम में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। अब घरौंडा में उन्हें न्यायिक कार्यों को सुचारू ढंग से संचालित करने की नई जिम्मेदारी दी गई है। हाईकोर्ट ने 26 अप्रैल को चंडीगढ़ से उनका तबादला आदेश जारी करते हुए निर्देश दिए थे कि वे तुरंत घरौंडा में कार्यभार ग्रहण करें। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने तबादला आदेश में साफ निर्देश दिए थे कि न्यायिक कार्यों में कोई बाधा न

**जिम्मेदारी**

**गौरांग शर्मा को अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर नियुक्त किया गया है**

आए, इसलिए गौरंग शर्मा को बिना देरी किए नई जगह पर कार्यभार संभाले। इसके साथ ही कोर्ट के कामकाज में निरंतरता बनी रहे, इस पर भी खास जोर दिया गया था। गौरांग शर्मा के अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए उनके तबादले को न्यायिक गलियारों में सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में घरौंडा की नई अदालत में न सिर्फ न्यायिक कार्यों की गति बढ़ेगी बल्कि गुणवत्ता भी बेहतर होगी। स्थानीय लोगों के लिए यह बड़ा राहत भरा कदम है। पहले जहां छोटे-मोटे केसों के लिए करनाल की अदालतों के चक्कर काटने पड़ते थे, अब घरौंडा में ही सिविल और जेएमआईसी से जुड़े मामलों का निपटारा हो सकेगा।
घरौंडा को जब से सब-डिवीजन का दर्जा मिला था, तभी से यहां कोर्ट स्थापित किए जाने की मांग उठ रही थी। लोगों का कहना था कि छोटी-छोटी सुनवाइयों के लिए उन्हें करनाल जाकर समय और पैसे दोनों खर्च करने पड़ते हैं।
अब नई अदालत के शुरू होने से न केवल उनका समय बचेगा, बल्कि न्याय भी स्थानीय स्तर पर जल्दी मिल पाएगा। घरौंडा के लोगों के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि और सपना पूरा होने जैसा है।

# दो कारों में हो रही थी रेस, राहगीरों ने ड्राइवर को मौके पर पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सेक्टर-4 चौक के** पास देर रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने पहले एक स्कूटी सवार को टक्कर मारकर कुचल दिया, जिससे उसकी दोनों टांगें टूट गईं और फिर सडक किनारे खड़ी हुंडई कार से जा टकराई। जिसके बाद स्विफ्ट कार के सभी एयर बैग खुल गए। हादसे के बाद नशे में धुत ड्राइवर ने वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन राहगीरों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। एक्टिवा सवार घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।
रात को मौके पर मौजूद राहगीर नवीन, सुरेश व रामदास ने बताया कि रात को शराब के नशे में धूत दो गाड़ी ड्राइवर सेक्टर 4 स्थित अंसल टाउन की सडक पर रेस लगा रहे थे। इसके बाद हेरिटेज लॉन के पास शराब के नशे में धुत्त एक कार चालक ने पहले सडक पर आगे चल रहे एक्टिवा सवार युवक को टक्कर मारी, जिससे वह सडक पर गिर गया। उसके बाद उसके दोनों टांगों के ऊपर से गाड़ी उतार कर भागने लगा। इसी दौरान आरोपी ने आगे सडक पर खड़ी दूसरी गाड़ी को टक्कर मारी। इससे दोनों गाडि?ं क्षतिग्रस्त हो गई और आरोपी की गाड़ी भी बंद हो गई। इसके बाद आरोपी गाड़ी से उतरकर मौके से भागने लगा तो लोगों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया, जबकि दूसरा गाड़ी ड्राइवर आरोपी गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गया। वारदात के बाद भाग रहे आरोपी को राहगीरों ने पकडकर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने घायल को इलाज के करनाल के अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।
पुलिस अधिकारी प्रवीन ने बताया कि दो कारों की भिड़ंत और एक स्कूटी सवार को टक्कर मारने की सूचना मिली थी। घायल स्कूटी चालक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जिसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

# करीब एक दर्जन युवकों ने लाठियां बरसाकर तोड़े कार के शीशे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सेक्टर-4 में देर रात** एक काले रंग की कार के चारों तरफ के शीशे तोड़ दिए गए। घटना के बाद इलाके में हडकंप मच गया। घटना के वक्त कार मालिक मोबाइल की दुकान पर बैठा हुआ था। जैसे ही कार के शीशे टूटने की आवाजें आईं, वह दुकान से बाहर दौड़ा, लेकिन तब तक मौके पर मौजूद 10 से 12 युवक वहां से भाग चुके थे। कार मालिक निखिल ने बताया कि वह अपने दोस्त की दुकान पर बैठा था और दुकान से थोड़ी दूरी पर उसने अपनी काले रंग की वरना कार पार्क की थी। अचानक तेज आवाजें सुनाई दीं तो वह तुरंत दुकान से बाहर निकला। बाहर आते ही देखा कि उसकी गाड़ी के चारों ओर के शीशे टूट चुके थे और करीब 10-12 युवक मौके से भागते नजर आए। घटना देखकर वह हैरान रह गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर मौजूद एक चश्मदीद ने पुलिस को बताया कि करीब तीन से चार युवक हाथों में लाठियां लेकर आए थे। उन्होंने कार के शीशों पर ताबड़तोड़ वार किए और शीशे तोड? के बाद तेजी से भाग निकले। चश्मदीद ने यह भी बताया कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आरोपी फरार हो चुके थे।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

मैं, रसीदन नं 16026290 एच रैंक नायक नाम दिलशाद सिंह की मां हूं, जो वर्तमान में वीपीओ-खेवड़ा, तहसील-राई, जिला-सोनीपत, राज्य-हरियाणा, पिन-131021 मैंने अपने बेटे के सेवा अभिलेखों में भाग॥ आदेश के समय गलत दस्तावेजीकरण के कारण अपना नाम रशीदन से रसीदन और जन्मतिथि 10 मई 1966 से 01 जनवरी 1966 कर लिया है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 'मन की बात' ने एकता को बढ़ावा दिया: रेखा

- गौ माता हमारी संस्कृति, परंपरा और संस्कारों का आधार
- यह कार्यक्रम भारत के प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित करता है और देश के विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का कार्य करता है
- प्रधानमंत्री की यह पहल हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत: रेखा






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को बवाना में 'गऊ भजन' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में सदैव ही समाज में सकारात्मकता और एकता को बढ़ावा दिया है। यह कार्यक्रम भारत के प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित करता है और देश के विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का कार्य करता है। यह कार्यक्रम भारत के सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्रीय एकता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बन चुका है। प्रधानमंत्री की यह पहल हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बवाना में ग्रामीण गौशाला द्वारा आयोजित गऊ भजन, हवन व भंडारे में सम्मिलित होकर और गौ माता की पूजा एवं सेवा कर अत्यंत शांति और आनंद की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि गौ माता का आशीर्वाद हमारे जीवन को समृद्ध और पवित्र बनाता है। उनकी सेवा करना जीवन का सर्वोत्तम कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ माता केवल आस्था का नहीं, हमारी संस्कृति, परंपरा और संस्कारों का भी आधार हैं। सेवा, भक्ति और समर्पण का यह भाव हमें अपनी सनातन जड़ों से जोड़ता है। गौ सेवा जैसे पुण्य कार्यों से समाज में करुणा, श्रद्धा और सद्भाव का संदेश प्रसारित होता है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बवाना गांव में सड़क का उद्घाटन किया। इस दौरान दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली के मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह मौजूद रहे।

## दिल्ली देहात के विकास के लिए लगातार काम कर रही सरकार: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि सरकार दिल्ली देहात के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने बजट में 1200 करोड़ रुपये विशेष रूप से दिल्ली देहात के विकास के लिए रखे हैं। इससे गावों के लिए सड़कें, नालियां और समग्र बुनियादी ढांचे के विकास कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने 110 गांवों को आईजीएल पाइपलाइन से जोड़ा है और बाकी के गांवों को जोड़ने की दिशा में काम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली देहात में बड़ी-बड़ी परियोजनाएं लेकर दिल्ली सरकार आ रही हैं। इन परियोजनाएं के यहां शुरू होने के बाद स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि छह सौ गांवों में विकास के काम पूरे होने जाने रहे हैं। गांवों के विकास की तरफ दिल्ली सरकार विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में सर्किल रेट और ट्रैक्टर जैसी कई समस्याओं पर चर्चा करके समाधान की दिशा में दिल्ली सरकार आगे बढ़ रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज कंझावला में देवी मां के दर्शन किए।

## खुशखबरी: दिल्ली के बुजुर्गों को आज से मिलेंगे हेल्थ कार्ड

**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत दिल्ली में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को सोमवार (28 अप्रैल) से आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी किए जाएंगे।

**किसे मिलेगा वय वंदना कार्ड?**

इस योजना के तहत दिल्ली में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग दस लाख रुपये का निशुल्क इलाज पा सकेंगे। जिसमें पांच लाख रुपये का इलाज आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई के तहत और पांच लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा दिल्ली सरकार उपलब्ध कराएगी।

**किन बीमारियों का होगा इलाज**

हर वर्ग के बुजुर्गों को यह कार्ड जारी होगा। इसलिए आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई से पंजीकृत निशुल्क अस्पतालों से 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग बीमार होने पर निशुल्क इलाज पा सकेंगे। इससे बुजुर्गों को बड़ी राहत मिलेगी। बुजुर्गों को अस्थमा, ब्लड प्रेशर, किडनी की परेशानी, हृदय रोग, आंखों में मोतियाबिंद इत्यादि परेशानी अधिक होती है।
मोतियाबिंद से पीड़ित बुजुर्ग अपना निशुल्क सर्जरी भी आसानी से करा सकेंगे।

### कहां होगा रजिस्ट्रेशन?

साथ ही उनका रजिस्ट्रेशन भी शुरू होगा। प्रत्येक पंजीकृत बुजुर्ग को जारी होने वाले इस यूनिक हेल्थ कार्ड में उनका संपूर्ण स्वास्थ्य रिकॉर्ड, नियमित स्वास्थ्य जांच की जानकारी और आपातकालीन सेवाओं से जुड़ी जानकारी सुरक्षित रहेगी। बताया जा रहा है कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में बुजुर्गों की सूची तैयार की जा रही है। प्रत्येक जिला कार्यालयों में उनका रजिस्ट्रेशन हो सकेगा। इसके अलावा जनप्रतिनिधि भी उनका रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।



आर्य समाज, विशाखा इन्क्लेव, पी.यू. ब्लॉक, उत्तरी प्रीतमपुरा द्वारा आयोजित 35वें वार्षिकोत्सव में सम्मिलित हुई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

## फिटजी पर कसता जा रहा शिकंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कोचिंग इंस्टीट्यूट फिटजी के चार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं की जांच के तहत लुकआउट सर्कुलर जारी किए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिकायतकर्ताओं की बड़ी संख्या और पैसे कहां से निकाले गए, इस बारे में अनिश्चितता के कारण एहतियात के तौर पर एलओसी जारी किए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि दस्तावेज जुटाना एक समय लेने वाली प्रक्रिया है। एलओसी का मतलब है कि नामित व्यक्ति देश छोड़कर नहीं जा सकते। सूत्रों के अनुसार, फंड के संभावित दुरुपयोग को उजागर करने के लिए जांचकताओं ने रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से कंपनी के दस्तावेज प्राप्त किए हैं।

## जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में अभाविप ने लहराया परचम




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्रसंघ चुनाव में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय के 16 स्कूलों और विभिन्न संयुक्त केंद्रों के कुल 42 काउंसलर पदों में से 23 पदों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह किसी भी अन्य छात्र संगठन की तुलना में सर्वाधिक है। अभाविप जेएनयू के इकाई अध्यक्ष राजेश्वर कांत दुबे ने बताया कि रविवार को "अभाविप ने जेएनयूएसयू काउंसिल में 42 में से 23 सीटों पर विजय प्राप्त कर काउंसिल में पचास प्रतिशत से अधिक की उपस्थिति पर कब्जा कर लिया है, जिससे जेएनयूएसयू द्वारा किए जाने वाले फैसलों में अब अभाविप की अहम जगह प्राप्त हो सकेगी।

### *इस चुनाव में अभाविप की दो ऐतिहासिक सफलताएं*

स्कूल ऑफ सोशल साइंस, जिसे जेएनयू में वामपंथ का गढ़ माना जाता रहा है, वहां अभाविप ने 25 वर्षों बाद दो सीटों पर विजय प्राप्त कर एक ऐतिहासिक बदलाव का संकेत दिया है। इसी प्रकार, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जो लंबे समय से वामपंथी प्रभाव का प्रमुख केंद्र रहा है, वहां भी एबीवीपी ने दो सीटों पर विजय हासिल कर नई राजनीतिक धारा को स्थापित किया है।
इसके अतिरिक्त, केंद्रीय पैनल की चारों प्रमुख सीटों अध्यक्ष- शिखा स्वराज, उपाध्यक्ष- निट्टू गौतम, महासचिव- कुणाल राय और संयुक्त सचिव-वैभव मीणा शुरू से ही बढ़त बनाए हुए हैं।

# रोहिणी सेक्टर 17: एक दर्जन से अधिक झुग्गियों में लगी आग, दो की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 17 स्थित एक झुग्गी में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग आस पास मौजूद करीब एक दर्जन से अधिक झुग्गियों को अपने चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। तलाशी के दौरान दो शव बरामद किए गए है, अभी तलाशी अभियान जारी है।

स्थानीय लोगों ने दमकल की गाड़ियों के देर से पहुंचने का आरोप लगाया है। **आईटीओ के पास जंगल में लगी आग**
राष्ट्रीय राजधानी के शकरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आईटीओ के पास जंगल में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई।

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आग की घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। गीता कॉलोनी फायर स्टेशन के सब-ऑफिसर भीमसेन ने एएनआई को बताया कि उन्हें दोपहर 12:07 बजे लक्ष्मी नगर से आईटीओ की ओर जाने वाले रास्ते पर पेड़ों में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने कहा, "तीन गाड़ियां घटनास्थल पर हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।"

# सत्यापन शुरू होते ही पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों में बेचैनी

- कोई भी अवैध रूप से न रहे या जाली दस्तावेजों का उपयोग न कर रहा हो

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के मजनू का टीला में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी अपनी स्थिति को लेकर चिंतित हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तानी हिंदू नागरिकों को दिया गया लंबी अवधि का वीजा (एलटीवी) वैध रहेगा, लेकिन अपर्याप्त जानकारी के कारण शरणार्थियों में अनिश्चितता बनी हुई है। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में सत्यापन अभियान शुरू किया है। सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी अवैध रूप से न रहे या जाली दस्तावेजों का उपयोग न कर रहा हो। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया में किसी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। यह कदम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद उठाया गया है। मजनूं का टीला में हिंदू शरणार्थी समुदाय के अध्यक्ष सोना दास ने बताया कि कई परिवार वर्षों से दिल्ली में रह रहे हैं और समय-समय पर दस्तावेज सत्यापन के बाद अपने वीजा नवीनीकृत कराते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ परिवार एक-दो महीने पहले ही पाकिस्तान से आए हैं और मजनू का टीला के पास शिविरों या सिग्नेचर ब्रिज के नीचे शरण लिए हुए हैं।

दूसरे समूह के नेता दयाल दास ने बताया कि पुलिस ने हाल ही में उनसे संपर्क कर नागरिकता प्राप्त करने वालों, आवेदन लंबित वालों और नए आए परिवारों का विवरण मांगा। उन्होंने कहा पिछले दो महीनों में 10-12 नए परिवार पाकिस्तान से यहां आए हैं।



**विवरण मांगा**

- नागरिकता प्राप्त करने वालों, आवेदन लंबित वालों और नए आए परिवारों का विवरण मांगा

## साउथ दिल्ली में घर से गायब हुईं 2 लड़कियों को पुलिस ने बचाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटीयू) ने हौज खास और वसंत कुंज दक्षिण थाने में दर्ज अपहरण के दो अलग-अलग मामले में लड़कियों को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में छापेमारी कर बचाया है। इसके साथ ही टीम ने दोनों ही मामलों में आरोपितों को भी मौके से दबोचा है।
एक आरोपित ने नाबालिग से शादी कर ली थी, तो वहीं दूसरे पर दुष्कर्म का आरोप है। नाबालिगों का बयान दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। दक्षिणी पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने दोनों मामलों की जानकारी दी। बताया कि 13 अप्रैल को हौज खास थाने में एक 14 साल की लड़की की गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया कर तलाश शुरू की।

# दिल्ली में रह रहे पांच हजार पाकिस्तानी, सामने आया आकंड़ा

**लिस्ट सौंपी**

- राज्य सरकारें ने उनके राज्य में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाकिस्तान भेजने में लगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। पाकिस्तानियों को उनके देश वापस भेजने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार के आदेश का पालन करते हुए कई राज्य सरकारें ने उनके राज्य में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाकिस्तान भेजने में लगी है। दिल्ली में करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की गई है। भारत के खुफिया विभाग ने दिल्ली पुलिस को इसकी लिस्ट सौंपी है। आईबी ने दिल्ली में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की सूची दिल्ली पुलिस को सौंप दी है ताकि इन लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सके। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने यह सूची दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के साथ साझा की है और आगे सत्यापन और पहचान के लिए इसे संबंधित जिले के साथ भी साझा किया गया है। इस सूची में उन हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों के नाम शामिल हैं जिनके पास दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) है और उन्हें छूट दी गई है। सूची सत्यापन के लिए संबंधित जिले को सौंप दी गई है और पाक नागरिकों को अपने वतन लौटने को कहा गया है। मध्य और उत्तर पूर्वी जिलों में पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या अधिक है।





# परशुराम अधर्म के खिलाफ जंग के ध्वज वाहक हैं : नायब

**सेवा का भाव**

**मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर जिला पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत**





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने भीतर छुपे हुए परशुराम जी को पहचानें। अपने अंदर के साहस, ज्ञान और सेवा के भाव को जागृत करें, क्योंकि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए ऐसे भाव और आदर्शों की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि हम सभी अपने जीवन में सत्य, निष्ठा और धर्म को अपनाएं तथा एक ऐसा भारत और हरियाणा बनाएं जो आत्मबल से समृद्ध और आत्मा से पवित्र हो। मुख्यमंत्री भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर जिला पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में 31 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा के सांसद कार्तिकेय शर्मा, सुरेंद्र नागर, रेखा शर्मा, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, पूर्व मंत्री विनोद शर्मा और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब भी उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन न केवल हमारे लिए सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से एक विशेष पर्व है, बल्कि यह भारत की उस महान सनातन परंपरा का भी प्रतीक है, जो समय- समय पर अधर्म का नाश करके धर्म की पुनः स्थापना करती रही है। भगवान परशुराम जी अधर्म के खिलाफ इसी जंग के ध्वज वाहक हैं।

## ब्राह्मण समाज 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाला समाज: डॉ अरविंद

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाला समाज है।
ब्राह्मण समाज ने सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अनेक कल्याणकारी कार्य किए, जिनमें समाज के प्रबुद्धजनों ने अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि समाज को हमेशा गरीब कल्याण की सोच को आगे रखते हुए समाज के विकास और मजबूती के लिए कार्य करना है।

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही सरकार

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज जब हम विकसित भारत- विकसित हरियाणा बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब भगवान परशुराम जी के आदर्श और उनके संदेश हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने जीवनभर अन्याय के विरुद्ध युद्ध किया। उन्होंने केवल समाज हित और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए। हमारी सरकार भी भगवान परशुराम जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान परशुराम जी ने शिक्षा के साथ साथ शस्त्र विद्या में भी राष्ट्र को समृद्ध किया है, उसी प्रकार आज हमें भी आधुनिक ज्ञान और तकनीक के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक शक्ति को भी सशक्त करना होगा।

# 'वीर चंद्र सिंह के आदर्शों के पालन का संकल्प लें आमजन'

**विशेष स्थान**

**वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पेशावर कांड के स्मृति दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आमजन से अपील की है कि वे वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के स्मृति दिवस समारोह पर उनके आदर्शों की पालना का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि मेहनत और ईमानदारी के कारण गढ़वाली समाज का विशेष स्थान है। इसे भविष्य में भी बनाए रखें। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण रविवार को करनाल में गढ़वाल सभा की ओर से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पेशावर कांड के स्मृति दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उन्होंने कहा कि वीर चंद्र सिंह में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी हुई थी। देश की माटी के प्रति उनका अटूट विश्वास था। आज स्मृति दिवस पर वे वीर चंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ-साथ विश्व के अन्य देश भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पहलगाम की घटना ने पूरी मानवता को झझकोर कर रख दिया है। पूरा विश्व घटना की निंदा कर रहा है। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि वीर चंद्र सिंह का व्यक्तित्व प्रेरणा देने वाला है। उनके संदेश को जीवन में धारण करने की जरूरत है। आज हर नौजवान को देश के प्रति समर्पण का भाव बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्य समाज के लिए भी अच्छे होने चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण की दिशा में कार्य कर रही है केंद्र और प्रदेश सरकार- खेल मंत्री गौरव गौतम

**चंडीगढ़:** हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण के लिए कृतसंकल्प है। सरकार की ओर से गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अंत्योदय योजनाएं तैयार की जा रही हैं। खेल मंत्री गौरव गौतम आज पलवल में केसी वाटिका में सैन जयंती समारोह और अखिल भारतीय मैथिली ब्राह्मण महासभा में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों को केंद्र में रखकर योजनाओं का खाका तैयार किया जाता है ताकि गरीबों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले और उनका जीवन स्तर ऊपर उठ सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को सुविधाएं देने के उद्देश्य से हर क्षेत्र में विकास कार्य करवा रही है। जिला पलवल में भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का पहिया अब और तेजी से घूमेगा। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा के बल पर अपना भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने जिला के युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे भी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में आगे आएं, ताकि उनके जिला व गांव सहित परिवार का नाम रोशन हो सके।

### कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने लोगों के साथ सुना पीएम का 'मन की बात' का 121वां एपिसोड

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज अपने गुरुग्राम स्थित कार्यालय पर नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम किसी भी लोकतांत्रिक देश का सबसे बड़ा संवाद का कार्यक्रम है, जिसे हमारे देश के नागरिकों ने जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत प्लेटफॉर्म बना दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के संबोधन का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। प्रधानमंत्री ने विश्वास दिलाया कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिलेगा तथा हमले के दोषियों और साजिशकर्ताओं को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। पर्यावरण मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर इस अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। इस अभियान के तहत देश-भर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह सार्थक अभियान आमजनमानस के बीच एक गहरी पैठ बना चुका है। यह ऐसा अभियान है जिसे बिना किसी लक्ष्य के जितना आगे ले जाया जाएगा, हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए यह उतना ही हितकारी होगा। उन्होंने कहा कि पीएम द्वारा कार्यक्रम में किसानों द्वारा कर्नाटक के मैदानी इलाकों में सेब उगाने के प्रयासों का जिक्र कर प्रदेश के किसानों इन प्रयासों से प्रेरणा लेते हुए परंपरागत खेती को छोड़कर खेती में नवाचार तथा नए प्रयोगों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को खेती में जोखिम से मुक्त रखने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं क्रियांवित की जा रही है।

### पलवल में भाजपा का प्रदर्शन,पहलगाम आतंकी हमले का विरोध

**पलवल:** पलवल में भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में रविवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में हरियाणा खेल मंत्री गौरव गौतम और भाजपा जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला मौजूद रहे। कार्यकताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। खेल मंत्री ने हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले से हर भारतीय दुखी है। मंत्री ने करनाल के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सरकार शहीद के परिवार की हर संभव मदद करेगी। गौरव गौतम ने कहा कि देश आतंकवाद से नहीं डरेगा। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

# मुख्यमंत्री ने सिरसा में ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 को झंडी दिखाकर किया रवाना

**नशा मुक्त**

**प्रदेशवासी एकजुट होकर युवा को सशक्त और मजबूत बनाने में दें योगदान: मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री नायब सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश को नशा मुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए ड्रग फ्री हरियाणा के अभियान में सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होकर हरियाणा के युवा को सशक्त और मजबूत बनाना है। उन्होंने संत समाज, खाप पंचायतों, सरपंचों और प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और नशा मुक्त हरियाणा बनाने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग का सहयोग नशे के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सभी मिलकर एक मजबूत और स्वस्थ हरियाणा के निर्माण में सहभागी बनें। नायब सिंह सैनी सिरसा में ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 के समापन अवसर पर साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करने उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। साइक्लोथॉन आज शहीद भगत सिंह स्टेडियम के नजदीक से शुरू होकर सिरसा के अलग अलग इलाके में जायेगी और आज ओढ़ा में इसका समापन होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री स्वयं साइकिल चलाकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे और नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया।

## हरियाणा की धरती जवान, पहलवान और किसान की धरती: सीएम सैनी

सीएम ने कहा कि आयोजकों, प्रतिभागियों और नागरिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब लक्ष्य नेक हो, सोच ईमानदार हो और प्रयासों में जन-भागीदारी हो, तो समाज की किसी भी बुराई को जड़ से मिटाया जा सकता है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की धरती जवान, पहलवान और किसान की धरती है, यहां नशे के लिए कोई स्थान नहीं है। हम सभी को मिलकर धाकड़ हरियाणा को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आज साइक्लोथॉन का अंतिम पड़ाव है, लेकिन इसे अंतिम पड़ाव न मानकर नशे के विरुद्ध लड़ाई की शुरूआत मानें और ये संकल्प लें कि हरियाणा से एक-एक घर, एक-एक गांव को नशा मुक्त करना है। निश्चित तौर पर इस अभियान के सार्थक परिणाम आएँगे।

**ऊर्जा, उत्सव और एकता का यह अद्भुत संगम नशे के खिलाफ सामूहिक लड़ाई का प्रतीक**
मुख्यमंत्री ने सरसाई नाथ जी, गुरु चिल्ला साहिब जी और तारा बाबा जी की धरा को प्रणाम करते हुए कहा कि आज साइक्लोथॉन के माध्यम से सिरसा में ऊर्जा, उत्सव आर एकता का जो अद्भुत संगम देखने को मिला है, यह नशे के खिलाफ सामूहिक लड़ाई का प्रतीक है।
उन्होंने कहा कि इस साइक्लोथॉन को खाप पंचायतों ने अपना समर्थन दिया है, ये गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि गत 5 अप्रैल को हिसार से शुरू हुई यह साइकिल रैली पूरे प्रदेश का भ्रमण कर आज 23 दिनों की यात्रा के बाद अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंची है। इन युवाओं ने दिन-रात एक कर नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया है।

# नये भारत में मोदी के नेतृत्व में है आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत: आरती

**संकल्प**

**पीएम नरेंद्र मोदी का आतंकवाद को जड़ मूल से मिटा देने का संकल्प है: स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि दुश्मनों को समझ लेना चाहिए कि भारत अब हर मोर्चे पर आतंकवाद और देशद्रोहियों से निपटने में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को अपने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना भली भांति आता है। पीएम नरेंद्र मोदी का आतंकवाद को जड़ मूल से मिटा देने का संकल्प है। उन्होंने दोहराया कि देश के गद्दारों और आतंकियों को पनाह देने वालों के ठिकानों को भी जमींदोज कर दिया जाएगा। आतंकवाद को मानवता पर सबसे बड़ा हमला बताते हुए मंत्री आरती राव ने कहा कि मोदी सरकार इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी ताकत और इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया है। आज भारत सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं देता, बल्कि दुश्मन को मुँह तोड़ जवाब भी देता है। जो भी देश की अखंडता और संप्रभुता पर आंख उठाएगा, उसे कठोरतम कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जनता से आह्वान करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, "हर देशवासी प्रहरी है। हर आँख चौकन्नी रहे। जो भी देशद्रोही गतिविधि नजर आए, उसे कानून के हवाले करें।

## मुख्यमंत्री सैनी ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला के सेक्टर-18 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस मौके पर हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा, कार्तिकेय शर्मा, सुरेंद्र नागर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आग से फसल क्षति की मुआवजा राशि तय करने पर मंथन

**मुआवजा**

**किसानों से फसल नुकसान के दावों को क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करने को कहें: सुमिता मिश्रा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में हाल में खेतों में आग लगने से राख हुई गेहूं की फसल का मुआवजा देने के लिए सरकार ने कवायद तेज कर दी है। सरकार को मिली रिपोर्ट के अनुसार 312 किसानों की अब तक 814 एकड़ फसल जलकर राख हुई है। हालांकि अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि किसानों को प्रति एकड़ कितना मुआवजा दिया जाए। पिछले दिनों हुई बैठक में 50 हजार प्रति एक-ड़ देने का सुझाव रखा गया है। हरियाणा सरकार इस सुझाव पर मंथन कर रही है। हालांकि आग से फसलों की क्षति का पूरा आकलन करने के बाद ही सरकार इस पर अंतिम मुहर लगाएगी। खराबे की फसल पर 15 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाता है। उधर, जिन जिलों में गेहूं की फसल जली है, वहां के किसानों के लिए सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। वित्तीय आयुक्त राजस्व (एफसीआर) सुमिता मिश्रा की ओर से सिरसा, कुरुक्षेत्र, फतेहाबाद, चरखी दादरी, यमुनानगर, कैथल और रोहतक उपायुक्त को पत्र लिख कर कहा गया है कि वे किसानों से फसल नुकसान के दावों को क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करने को कहें, ताकि सरकार उन्हें राहत देने पर जल्द से जल्द फैसला कर सके। नुकसान के दावे एक मई तक पोर्टल पर अपलोड करना होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों शार्ट सर्किट व आग लगने से 312 किसानों की अब तक 814 एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइनों के कारण शॉर्ट सर्किट को आग की घटनाओं का मुख्य कारण बताया गया। अब तक मिली सूचना के मुताबिक सिरसा में 266.28 एकड़ गेहूं, कैथल में 146.3 एकड़, फतेहाबाद में 83.3 एकड़ और कुरुक्षेत्र में 57 एकड़ तक फसल बर्बाद हुई है। वित्तीय आयुक्त राजस्व की ओर से आदेश मिलने के बाद सात जिलों के उपायुक्तों ने अपने जिलों के किसानों को संदेश भिजवा दिया है कि क्षतिपूर्ति पोर्टल खुलवा दिया है। उपायुक्तों ने किसानों से कहा है कि जिन किसानों की गेहूं की फसल अप्रैल माह में आग में नष्ट हो गई थी, वे किसान एक मई तक पोर्टल पर नुकसान का ब्यौरा दर्ज करवा सकते हैं।

# हरियाणा भर में न्यायिक अधिकारियों के तबादले

**आदेश जारी**

**हाईकोर्ट ने हरियाणा भर में 57 न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति आदेश जारी किए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा भर में 57 न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति आदेश जारी किए है। आदेश के अनुसार अंजलि जैन को नूंह से पलवल भेजा गया है, जहां वे वरिष्ठ सिविल जज के पद पर कार्य करेंगी। कंवल कुमार को अंबाला से कैथल स्थानांतरित कर वरिष्ठ सिविल जज सह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव का कार्यभार सौंपा गया है। मीनू को पानीपत से झज्जर भेजा गया है और वे वरिष्ठ सिविल जज के पद पर कार्यभार संभालेंगी। संतोष बगोतीया को फतेहाबाद से सिरसा स्थानांतरित किया गया है, जहां वे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट होंगी। विक्रम जीत सिंह को गुरुग्राम से नारनौल भेजा गया है। कीर्ति वशिष्ठा को जगाधरी से पंचकूला स्थानांतरित किया गया है। राजीव को फतेहाबाद से हिसार भेजा गया है जबकि उपेंद्र सिंह को कालका से फरीदाबाद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में पदस्थापित किया गया है। सोनिया श्योकंद को बहादुरगढ़ से नूंह, गीतांजलि गोयल को नारायणगढ़ से अंबाला भेजा गया है, जहां वे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का कार्यभार संभालेंगी। वर्षा शर्मा को गन्नौर से भेजा गया पानीपत।मनीष कुमार को फिरोजपुर झिरका से गुरुग्राम, सुमित्रा कादियान को जगाधरी में ही वरिष्ठ सिविल जज सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नियुक्त किया गया है। वर्षा शर्मा को गन्नौर से पानीपत भेजा गया है। अमित सिहाग को नारनौल से जींद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया गया है। खुशबू गोयल को गोहाना से करनाल, मधुर बजाज को इंद्री से फतेहाबाद, नीतिका भारद्वाज को फरीदाबाद से कुरुक्षेत्र भेजा गया है। रजत वर्मा को शाहबाद से गुरुग्राम, सुयशा जावा को करनाल से फतेहाबाद स्थानांतरित किया गया है। छवि गोयल को होडल से नूंह, नीलम कुमारी को गुरुग्राम से नारनौल, मोहम्मद सगीर को महम से रोहतक भेजा गया है।

# रियाणा में किसानों को न तो समय पर भुगतान मिला और न ही सम्मान: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा के किसानों को अपनी पसीने की कमाई के लिए कई कई सप्ताह इंतजार करना पड़ रहा है। सरकार ने 72 घंटे में भुगतान का वादा किया था, पर 873 करोड़ की राशि अब भी तक अटकी हुई है। अनाज मंडियों में उठान की व्यवस्था चरमरा चुकी है। गेहूं के ढेर मंडियों में सड़ रहे हैं, और भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। ट्रांसपोर्ट, श्रमिक और प्रबंधन, हर मोर्चे पर भारी अव्यवस्था व्याप्त है, लेकिन सरकार की संवेदनहीनता बनी हुई है। भाजपा सरकार के शासन में किसान केवल खोखले वादों और झूठी घोषणाओं का बोझ ढोने को विवश हैं। न उन्हें समय पर भुगतान मिला, न सम्मान। गेहूं की फसल का भुगतान न मिलने से किसान परेशान हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि गेहूं खरीद को लेकर जो भी वायदे किए थे सारे के सारे धरे रह गए है जबकि खरीद का आधा समय निकल चुका है। अनाज मंडियों में कोई सुविधा तक दिखाई नहीं दे रही है जबकि सरकार दावे कर अपनी ही पीठ थपथपा रही है, इस सरकार में न तो कोई करने वाला है और न ही कोई सुनने वाला है। 72 घंटें में भुगतान का राग अलापने वाली भाजपा सरकार को पता होना चाहिए कि किसानों का उसकी ओर अभी तक 873 करोड़ रुपया अटका हुआ है। भुगतान के लिए भटक रहे किसान को आर्थिक कठिनाई हो रही है। सरकार ने किसानों को उनकी उपज का भुगतान 72 घंटों के भीतर करने का वादा किया था, लेकिन कई किसानों को यह वादा पूरा नहीं हुआ है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के नक्शे से मिट जाएगा आतंकवाद :गौरव गौतम

**मन की बात**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और दुनिया के कोने-कोने से प्रेरणादायक बातें साझा करते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल।** हरियाणा सरकार में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने रविवार को एमडी पब्लिक स्कूल हरीनगर पलवल में पार्टी कार्यकर्ताओं व आमजन से साथ भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक कार्यक्रम मन की बात को सुना। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पहलगाम में हुए इस हमले से मन में गहरी पीड़ा है। उन्होंने कहा कि मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोर से कठोर जवाब दिया जाएगा। खेल मंत्री गौरव गौतम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा भारत देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और 140 करोड़ भारतीय आतंकवाद का जड़ मूल से सफाया करने की लड़ाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमले के पीड़ितों को न्याय अवश्य मिलेगा।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पहलगाम में हुआ ये हमला, आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दशार्ता है, उनकी कायरता को दिखाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी। देश और जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। उन्होंने कहा कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक राष्ट्र के रूप में दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद का नामोनिशान देश के नक्शे से मिट जाएगा।
खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मन की बात पूरे देश और जनता का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और दुनिया के कोने-कोने से प्रेरणादायक बातें साझा करते हैं, जो सभी को उत्साहित और प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम अवश्य सुनते हैं, जिससे उन्हें प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है।

# चार मैराथन दौड़ पूरी कर डॉ.बलबीर सिंह विर्क ने हासिल किया प्रोकैम स्लैम फिनिशर का खिताब

- करनाल के पांच धावकों ने बेंगलुरु में हुई टीसीएस वर्ल्ड मैराथन में लिया हिस्सा
- डा. विर्क को मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** जाने-माने डॉ.बलबीर सिंह विर्क ने देश में अलग-अलग हिस्सों में हुई चार मैराथन दौड़ पूरी कर प्रोकैम स्लैम फिनिशर का खिताब हासिल किया है। इस खिताब के लिए एक साल में अलग-अलग स्थानों पर होने वाली चार मैराथन दौड़ को पूरा करना होता है। वहीं पर करनाल के पांच धावकों ने बेगलरू में हुई टीसीएस वर्ल्ड मैराथन में हिस्सा लिया। करनाल के जाने-माने डॉ.बलबीर सिंह विर्क ने इसी साल में मुम्बई में हुई 42 किलोमीटर, कोलकाता में 25 और दिल्ली में 21 और आज बेंगलुरु में हुई 10 किलोमीटर की दौड़ को पूरा कर



लिया। इसके लिए उन्हें प्रोकैम स्लैम फिनिशर का खिताब के साथ-साथ मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बेंगलुरु में हुई 10 किलोमीटर की मैराथन में डॉ. बलबीर सिंह विर्क के अलावा प्रवेश गाबा, अमित गुप्ता, सुमित मान और कर्ण मित्तल ने भाग लिया। यहां उल्लेखनीय है कि डॉ. विर्क की टीम देशभर में होने वाले अलग-अलग मैराथन दौड़ में हिस्सा लेती रहती है। उसके माध्यम से वह फिटनेस का संदेश देते है।

**बच्चे इंडोर गेम्स छोडकर आउटडोर गेम्स में ले हिस्सा**

डॉ. विर्क ने बताया कि खेलों से व्यक्ति स्वस्थ रहने के साथ-साथ व्यक्ति फिट भी रहता है। जब से उन्होंने मैराथन दौड़ में भाग लेना शुरू किया है तब से वह अपने आपको बेहतर और फिट महसूस करते हैं। वह प्रतिदिन 10 किलोमीटर की दौड़ लगाते है। इसके अलावा वह टेनिस भी खेलते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बच्चे इंडोर गेम्स की ओर बढ़ रहे हैं, वह खतरनाक भी है। बच्चों को दौड़ में भाग लेना चाहिए। वहीं पर जो बच्चे टीवी और मोबाइल से चिपके रहते है। उन्हें भी अपने आपको फिट और हेल्दी रहने के लिए आउटडोर गेम्स में हिस्सा लेना चाहिए।

# पहलगाम हमले में मारे गए 28 लोगों को मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। बहालगढ़ स्थित भाजपा** नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल के कार्यालय में रविवार को पहलगाम कश्मीर हमले में मारे गए 28 लोगों की आंतकवादियों के द्वारा निर्मम हत्या करने पर मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी । आंतिल ने कहा कि इसमें किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई, किसी ने अपना जीवन साथी और किसी ने अपना पिता खोया। यह भयानक मंजर उन बहनों ने, उन बच्चों ने अपनी आंखों के सामने देखा, मैं उन्हें सेल्यूट करता हूं। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि परमपिता परमात्मा इन सभी दिवंगत आत्माओं को अपनी श्री चरणों में जगह दे और उन परिवारों को इस दुख को सहन करने की शक्ति देना। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देगी। अब आतंकवादियों और पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम करेंगी। मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने कहा



कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में पांच ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। इसके अलावा भी और कठोर कदम उठाए जा रहे हैं।

सत्यनारायण आंतिल ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों ने बेहद ही कायराना तरीके से हमला किया है जोकि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बुजदिल और घिनौने कृत्य को अंजाम देने वालों पर कार्रवाई होगी, क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार अपराध के सख्त खिलाफ है। मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने कहा कि पाकिस्तान गुंडागर्दी करते हुए लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और छोटी-छोटी हरकतें करने से बाज नहीं आता। अब पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने का समय आ गया है। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को मानवता के खिलाफ सबसे जघन्य अपराध बताते हुए इस क्रूर कृत्य की कड़ी निंदा की और कहा कि इस तरह के कायरतापूर्ण हमले कभी भी भारतीय नागरिकों, सशस्त्र बलों या राष्ट्र की भावना के संकल्प को हिला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश ऐसे कठिन समय में एकजुट है और आतंकवाद से डरने या झुकने वाला नहीं है।

# कुल्हाड़ी से बुजुर्ग दादा की हत्या करने का आरोपित पोता गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** आपसी जमीनी विवाद को लेकर कुल्हाड़ी मारकर बुजुर्ग की हत्या करने के मामले में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार कार्रवाई करते हुए थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान नरेंद्र वासी चेलावास के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में कुल्हाड़ी बरामद कर जब्त कर ली है। पुलिस ने आरोपित को चेलावास गांव क्षेत्र से पकड़ कर गिरफ्तार किया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शिकायतकर्ता विनोद कुमार वासी चेलावास ने थाना शहर कनीना में शिकायत देते हुए बताया कि पांच भाइयों में वह सबसे छोटा है, उसकी माता जी का देहांत हो चुका है और उसका पिता जी उसके साथ रहता है। उसके बड़े भाई सुरेन्द्र के दो लड़के हैं, बडा लड़का नरेंद्र अविवाहित है। दिनांक 25.04.2025 को समय करीब 7:00/7:15 ढट पर वह अपने पिता जी को खाना खिलाकर अंदर चारपाई लेटाकर खुद खाना खाने के लिए अंदर चला गया, जो उसी दौरान नरेंद्र हाथ में कुल्हाड़ी लेकर अन्दर आया और कुल्हाड़ी से उसके पिता जी के सिर में कई बार वार किया। शोर सुनकर वह दौडकर आया तो नरेंद्र ने हाथ में ली हुई कुल्हाड़ी से उसके उपर भी वार करना चाहा लेकिन वह बच गया। शिकायतकर्ता उसके पिता जी को ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल कनीना में लेकर गया, जहां पर डाक्टर साहब ने उसके पिता जी को चैक करके मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। भारतीय जनता पार्टी** के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने गन्नौर विधानसभा के गांव राजलू गढ़ी के बूथ संख्या 173 पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इसके बाद संबोधित करते हुए भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात राष्ट्र हित को समर्पित रहती है। प्रधानमंत्री की हर बात को हमें अपना संकल्प बनाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्र हित से बढ़कर दूसरा कोई हित हमारे लिये नहीं होना चाहिए। राष्ट्र ही



सर्वप्रथम होना चाहिए। राष्ट्र के उत्थान और कल्याण के लिए हमें अपना सर्वस्व बलिदान करने को उत्सुक रहना चाहिए। नेहरा ने कहा कि वे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कदम आगे बढ़ायें। नेहरा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की एक बार पुनः कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि यह हमला मानवता पर किया गया हमला है। बेगुनाह लोगों पर कायराना हमला इंसानियत पर किया गया हमला है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। आंतक और आतंकियों के लिए कोई स्थामन नहीं है। आतंक के खिलाफ पूरे विश्व को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी ,मण्डल उपाध्यक्ष एडवोकेट जगबीर राठी , गांव के सरपंच बिजेंद्र राठी, ज़िले सिंह राठी, कुलदीप राठी, धर्म सिंह राठी, त्रिलोक शर्मा, चिराग राठी, आदि उपस्थित रहे।

**सर्वस्व**

- राष्ट्र के उत्थान और कल्याण के लिए हमें अपना सर्वस्व बलिदान करने को उत्सुक रहना चाहिए

# विजन 2047 को पूरा करने के लिए 'स्व' को पहचानना जरूरी : सुरेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ ( आरएसएस ) के सह सरकार्यवाहक सुरेश सोनी ने कहा कि विजन 2047 को पूरा करने के लिए 'स्व' को पहचानना जरूरी है। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत देश ने स्व को पहचानने की ओर कदम बढ़ाया है। स्वतंत्रता संग्राम केवल राजनीतिक आंदोलन नहीं था, बल्कि यह जीवन के स्व के आधार पर लड़ा गया संघर्ष था। वे शनिवार को नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, स्वदेशी शोध संस्थान, नई दिल्ली, तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में विजन 2047: समृद्ध और महान भारत विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समृद्ध व विकसित भारत बनने के लिए उत्पादन में प्रचुरता, वितरण में समानता, उपभोग में संयमता जरूरी है। उन्होंने आगामी विकास मॉडल को 7 एम के सूत्र से जोड़ते हुए कहा कि भारत का भविष्य मेन, मटेरियल, मनी, मोटिव पावर, मैनेजमेंट, मार्केट और मशीन पर आधारित होगा।

# नगर पालिका ने वार्ड नंबर-एक में चलाया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। स्वच्छ भारत** अभियान के तहत नगर पालिका ने शहर के वार्ड नंबर-एक में सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत वार्ड में गलियों, नालियों व सड़कों की सफाई की गई। इस दौरान कर्मचारियों ने फ्रैंडस कॉलोनी, छाजुपुरम कॉलोनी व कर्मचारी कॉलोनी में सफाई की गई। नगर पालिका सचिव अनिल कुमाार ने कहा कि सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना है। लोगों की भागीदारी से ही शहर को गंदगी



से मुक्त किया जा सकता है। शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई कर लोगों को अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे स्वस्थ्य का आधार स्तंभ है। घरों आसपास नियमित रूप से सफाई करने से बिमारियां नहीं फैलती हैं। लोगों को कचरा सड़क अथवा गली में डालने के स्थान पर डस्टबीन में एकत्रित करके नगर पालिका के डोर-टू-डोर वाहन में डालना चाहिए, ताकि शहर की सड़कों पर गंदगी ने फैले।

# केंद्र सरकार ने आतंकवाद के विरूद्व अपनाया कड़ा रुखः जगमोहन आनंद

**सख्त निर्णय**

- पहलगाम की घटना ने पूरे देश को जख्म दिए हैं। यह घटना दिल दहलाने वाली है : विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के विधायक** जगमोहन आनंद ने कहा कि गत 22 अप्रैल को पहलगाम की घटना ने पूरे देश को जख्म दिए हैं। यह घटना दिल दहलाने वाली है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोगों ने इस घटना में अपने प्राण गंवाए हैं। पूरा देश इस घटना से स्तब्ध व आक्रोशित है। करनाल के विनय नरवाल भी इस घटना के शिकार हुए हैं और करनाल में भी इस घटना को लेकर बेहद आक्रोष देखने को मिल रहा है। इस दुख की घड़ी में सभी पीड़ित परिवार के साथ हैं। विधायक प्रत्येक रविवार की तरह इस बार भी चाय की चर्चा पर आमजन के साथ संवाद कर रहे थे। इस मौके पर उपस्थित सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की। विधायक



जगमोहन आनंद ने कहा कि पहलगाम की घटना देश के नागरिकों को कतई मंजूर नहीं है। सरकार भी आतंकवाद के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाए हुए है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकवाद पर पाकिस्तान के खिलाफ सख्त निर्णय ले रहे हैं। आगे भी आतंकवाद के खिलाफ इसी प्रकार के निर्णयों की सरकार से अपेक्षा है। पाकिस्तान के लोगों को उनके देश वापिस भेजा जा रहा है। हरियाणा ने भी इस दिशा में कार्यवाही शुरू कर दी है। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए जनता से भी रायशुमारी की जा रही है। चाय की चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित कर सुझावों और विचारों का आदान-प्रदान करते हुए विकास के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी ली जा रही है और भविष्य में इन सभी सुझावों पर कार्य करते हुए करनाल को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि चाय पर चर्चा कार्यक्रम पूरे शहरवासियों का सार्वजनिक प्लेटफॉर्म है। कोई भी व्यक्ति यहां आकर अपने सुझाव दे सकता है।

यदि सुझाव बेहतर होगा तो अवश्य उस पर कार्य किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता सुनील गुप्ता, दीपक धवन, निशांत शर्मा शानू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति व शहरवासी उपस्थित थे।

# वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के आदर्शों के पालन का संकल्प लें आमजन : हरविन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आमजन से अपील की है कि वे वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के स्मृति दिवस समारोह पर उनके आदर्शों की पालना का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि मेहनत और ईमानदारी के कारण गढ़वाली समाज का विशेष स्थान है। इसे भविष्य में भी बनाए रखें। हरविन्द्र कल्याण रविवार को गढ़वाल सभा की ओर से करनाल के रामलीला भवन में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पेशावर कांड के स्मृति दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर पहलगाम हमले में मारे गए लोगों




की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उन्होंने कहा कि वीर चंद्र सिंह में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई थी। देश की माटी के प्रति उनका अटूट विश्वास था। आज स्मृति दिवस पर वे वीर चंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ-साथ विश्व के अन्य देश भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पहलगाम की घटना ने पूरी मानवता को झझकोर कर रख दिया है। पूरा विश्व घटना की निंदा कर रहा है।

हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि वीर चंद्र सिंह का व्यक्तित्व प्रेरणा देने वाला है। उनके संदेश को जीवन में धारण करने की जरूरत है। आज हर नौजवान को देश के प्रति समर्पण का भाव बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्य समाज के लिए भी अच्छे होने चाहिए। वीर चंद्र सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत का भारत के खिलाफ आदेश मानने से इंकार कर दिया था, जिसके कारण न केवल उन्हें पदावनत किया गया बल्कि कठोर सजा भी सुनाई गई। नौकरी छोडने की पेशकश भी ठुकरा दी गई। उन्होंने लोगों से राष्ट्र की मजबूती की भी अपील की।इससे पहले भाजपा के जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल ने अलग उतराखंड प्रकोष्ठ बनाने के लिए पार्टी का आभार जताया और कहा कि गढ़वाली समाज हर कदम पर सरकार के साथ है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मेयर रेणु बाला गुप्ता के अलावा भाजपा उत्तराखंड प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश भट्ट, सह संयोजक ईश्वर सिंह रावत, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर, धीरज खरकाली, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

**संकल्प**

- पहलगाम की घटना ने पूरी मानवता को झझकोर कर रख दिया है। पूरा विश्व घटना की निंदा कर रहा है

# जीडी गोयंका वर्तनी कौशल प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। खेवड़ा स्थित** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में वर्तनी कौशल कक्षा विधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि के अंतर्गत कक्षा तीसरी से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी विद्यार्थी ने उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम व अंतिम चरण कक्षा में ही आयोजित किया गया । प्रत्येक कक्षा के छात्रों ने मुश्किल सवालों से लेकर परिभाषा तक बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत की। कठिन सवालों के जवाब देते हुए कक्षा तीसरी से लारण्या और अद्युत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कक्षा चौथी से तूषिका और वरदान खत्री




ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी से कुंजल और क्षितिज वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक योगेश जिंदल, प्रधानाचार्या नीरा मुद्गल और उप प्रधानाचार्या निधि जैन उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या द्वारा विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी गई। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा व शुद्ध वर्तनी लिखने का विकास होता है ।

# निगम पार्षद नवल ने अपने वार्ड में सुनी मोदी के मन की बात

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**रविवार को पानीपत** शहर की महाजन गली के बूथ न. 88 पर निगम पार्षद नवल जिन्दल ने मन की बात कार्यक्रम को बूथ के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ सुना। यह आयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्राण रत्नाकर ने आयोजित किया था । इससे पुर्व नवल जिन्दल का पटका व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया । नवल जिन्दल ने कहा कि मन की बात से जंहा हमें अनेक विषयों पर ज्ञान मिलता हैं वंही महिने में एक दिन बूथ स्तर पर पडोसी परस्पर एक साथ बैठकर जलपान व चर्चा के लिए समय निकाल लेते हैं।

# स्पीकर कल्याण ने बंधाया विनय के परिवार को ढांढस

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार को ढांढस बंधाने उनके निवास स्थान सेक्टर-7 पहुंचे। उन्होंने ईश्वर से विनय को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लडने के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर केंद्र व राज्य सरकार बेहद गंभीर है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी जिसकी कल्पना भी नहीं की जा



सकती। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती, अखंडता अथवा माहौल को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सरकार ठोस कदम उठाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह समाज की भी जिम्मेदारी है कि ऐसे समय में पीड़ित परिवार को सहयोग करें। चूंकि विनय नरवाल का गांव भूसली घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में है, इसलिए उनके लिए यह एक तरह से पारिवारिक मामला है। वे इस परिवार से लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि विनय की हत्या से परिवार को जो क्षति हुई, उसकी पूर्ति तो कोई नहीं कर सकता, पर जनप्रतिनिधि व समाज के नाते सब इस परिवार के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी विनय नरवाल के परिवार को 50 लाख रुपये और एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा की है।

**परिवार के साथ**

- आतंकवाद के खिलाफ लडने के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है : हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष

हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि पूरा देश व दुनिया घटना की निंदा कर रही है। आतंकवाद दूसरे देशों के लिए भी चिंता का विषय है। भारत ने इसके खिलाफ लड़ाई लडने का संकल्प लिया है। आतंकवाद के खिलाफ लडने.के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है। प्रधानमंत्री भी इस विषय पर गंभीर है। सरकार इस मामले में कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# संपादकीय

## सामुदायिक हिंसा का बढ़ता खतरा

**भारत** में हिन्दुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिन्दू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हमले और हिंसा बढ़ गई हैं। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। भारत के पड़ोसी इस्लामिक देश में हिन्दुओं की स्थिति बद से बदतर है, जबकि ये कभी भारत के हिस्सा थे। यहाँ हिन्दुओं पर लगातार धार्मिक उत्पीड़न और हिंसा की घटनाएं भारत की चिंता को बढ़ा दिया है। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रहीं हैं। सबसे अहम मुद्दा यह है कि अपने देश में ही हिन्दू बाहुल्य होने के बाद भी वह सामुदायिक हिंसा का शिकार बन रहा है। जबकि चीन में उइगर मुसमानों का दमन किसी से छुपा नहीं है, लेकिन चीन के खिलाफ पाकिस्तान, बांग्लादेश खामोश हैं। कश्मीर के पहलगाम में हुआ नरसंहार इसका ताजा उदाहरण है। भारत में इस तरह की हिंसा के पीछे वोट बैंक के लिए राजनीतिक तुष्टिकरण सबसे बड़ी समस्या है। भारत में हिन्दुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है, जबकि अफगानिस्तान में हिन्दुओं की आबादी गिनती पर आ गईं है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है। लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में राजनैतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। दोनों समुदायों में एक दूसरे के प्रति नफरत और डर का माहौल पैदा हुआ है। इस तरह की सामुदायिक हिंसा के पीछे सामाजिक, आर्थिक, राजनीति, सोशलमीडिया और धार्मिक कारण मुख्य हैं, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं देश के धार्मिक और सांप्रदायिक तानेबाने को विभाजित करती दिखती हैं। जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया, वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। आतंकवादियों ने सिर्फ हिन्दुओं को निशाना बनाया और उनका धर्म पूछ कर उन्हें गोली मारीं । हालांकि की कश्मीर में इस नरसंहार को लेकर काफी गुस्सा देखा जा रहा है। इस बात पर भी गुस्सा है कि हमले में सिर्फ हिन्दू मारे गए। लोगों का कहना है कि पर्यटकों की जान बचाने के लिए एक मुस्लिम भी मारा गया। अब पूरा कश्मीर पीड़ित परिवारों के साथ है। देश के कई हिस्सों में मुस्लिम संस्थाओं ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी भी की है। इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल कियानी की तरफ दिया गया वह उकसाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने भारत व हिन्दुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था।

# शराब से प्राप्त राजस्व के भरोसे एमपी में जनकल्याण

नरेंद्र तिवारी

"1 अप्रेल 2025 से एमपी मे लागू नवीन शराब नीति से महंगे हुए शराब ठेकों के बाद प्रदेशभर मे अवैध शराब के पकड़ाने, कीमतों मे हुई वृद्धि के परिणाम स्वरूप ग्राहक और दूकानदार के मध्य विवादों की खबरों से अखबार भरे पड़े है। प्रदेश मे अवैध शराब के पकड़ाने शराब दुकानों पर कीमत बढ़ने से हो रहे विवाद प्रतिदिन कहीं न कहीं सुनाई पड़ रहे है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अलीराजपुर मे कांग्रेस नेता महेश पटेल ने प्रदेश मे पूर्ण शराब बंदी की वकालत करते हुए सरकार पर आरोप लगाया की आबकारी विभाग और ठेकेदार की मिली भगत से ग्रामीण रास्तों से शराब गुजरात पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा की एक ओर सरकार शराबबंदी के प्रयास कर रही है, दूसरी ओर ठेकेदार ओर विभाग की मिली भगत से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है"

**दुनियाँ** के ज्ञानियों ने एक स्वर मे कहा है, पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये साधनों की पवित्रता का होना भी जरुरी है, जब एक राष्ट्र के किसी ह्रदय प्रदेश मे जनता के कल्याण की बात हो तो साधनों की पवित्रता का होना अत्यंत जरुरी हो जाता है। यहां हम मध्यप्रदेश की बात कर रहे है। जहां प्रदेश के मुखिया ने वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति मे बदलाव करते हुए प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों मे शराबबंदी का जनकल्याण कारी निर्णय लिया है। उनका यह कदम स्वागत योग्य है। हालांकि इस निर्णय से उज्जैन स्थित कालभैरव मंदिर भी प्रभावित हुआ जहां के बारे मे यह मान्यता है की कालभैरव को शराब प्रसाद के रूप मे चढ़ाई जाती है, शराब चढ़ाने की यह परम्परा अति प्राचीन है,जो उज्जैन के कालभैरव मंदिर मे बरसों से प्रचलित थी, इस हेतु प्रशासन द्वारा मंदिर प्रांगण मे शराब काउंटर स्थापित कर रखे थे,जो एमपी की नविन शराब नीति के तहत हटा लिये गए है। मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 19 धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी के निर्णय के दौरान कहा था की 'जनभावनाओं का ध्यान रखते हुए, धार्मिक स्थानों की पवित्र गरिमा को बनाए रखने के लिये, शराबबंदी का निर्णय लिया गया है।'

सवाल यह उठता है की जनभावना का ख्याल महज 19 धार्मिक क्षेत्रों के लिये ही क्यों रखा गया.. ? यह नेक और जनहितकारी निर्णय सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिये क्यों नहीं लिया गया..? जबकि एमपी मे भाजपा सरकार के राज मे धर्म, कर्म और आस्था की ध्वजा चारो दिशाओं मे फहरा रही है। हर शहर, हर गाँव के नागरिक चाहते है की प्रदेश मे अधूरी नहीं पूर्ण शराबबंदी हो। इस सच्चाई से मुंह नहीं मोडा जा सकता है की शराब के अत्यधिक सेवन से नागरिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, शराब पीना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। अनेक विवादों मे शराब ने नकारात्मक भूमिका निभाई है, शराब समाज मे अशांति और विवादों का कारण मानी जाती रही है। अधिकांश सडक दुर्घटनाओं मे शराब पीना एक महत्वपूर्ण कारण माना गया है। यह तथ्य प्रमाणित और सच है की शराब से समाज को नुकसान पहुँचता है, नागरिक समाज मे अशांति फैलती है, शराब समाज के विकास मे बहुत बड़ी



रूकावट है। किंतु मध्यप्रदेश सरकार गुजरात और बिहार की तर्ज पर पूर्ण शराबबंदी लागू कर पाने का साहस नहीं दिखा पा रही है, जिसका महत्वपूर्ण कारण शराब के ठेकों से प्रदेश को प्राप्त होने वाला राजस्व है। जो सरकार की महत्वपूर्ण जरूरत बन गया है, जिसके मोह मे फंसकर सरकार शराब के ठेकों से प्राप्त राजस्व से जनकल्याण कर विकास और जनहित का ढिढोरा पिट रही है।

जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश के राजस्व मे शराब ठेकों से प्राप्त राजस्व का बड़ा योगदान है। शराब बिक्री राज्य के खजाने मे 15% का योगदान देती है, जो इसे गैर कर आय के सबसे बड़े स्त्रोत मे से एक बनाती है। सरकार को वर्ष 2023 मे शराब ठेकों से 13590 करोड़, वर्ष 2024-25 मे 16000 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था, वर्ष 2025-26 मे आबकारी विभाग का लक्ष्य 16500 करोड़ रु है, याने शराब के ठेकों से प्राप्त राजस्व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्त पोषण मे महत्व पूर्व भूमिका निभाता है। 19 धार्मिक महत्व के स्थानों मे शराबबंदी से राजस्व मे हुए घाटे को रोकने के लिये सरकार ने शराब की कीमतों मे वृद्धि का निर्णय लिया है। 1 अप्रेल 2025 से एमपी मे लागू नवीन शराब नीति से महंगे हुए शराब ठेकों के बाद प्रदेशभर मे अवैध शराब के पकड़ाने, कीमतों मे हुई वृद्धि के परिणाम स्वरूप ग्राहक और दूकानदार के मध्य विवादों की खबरों से अखबार भरे पड़े है। प्रदेश मे अवैध शराब के पकड़ाने शराब दुकानों पर कीमत बढ़ने से हो रहे विवाद प्रतिदिन कहीं न कहीं सुनाई पड़ रहे है।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अलीराजपुर मे कांग्रेस नेता महेश पटेल ने प्रदेश मे पूर्ण शराब बंदी की वकालत करते हुए सरकार पर आरोप लगाया की आबकारी विभाग और ठेकेदार की मिली भगत से ग्रामीण रास्तों से शराब गुजरात पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा की एक ओर सरकार शराबबंदी के प्रयास कर रही है, दूसरी ओर ठेकेदार ओर विभाग की मिली भगत से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। इसी प्रकार का आरोप आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, विधायक विक्रांत भूरिया ने मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय मे आयोजित पत्रकार वार्ता मे प्रदेश सरकार पर यह आरोप लगाया की आदिवासी क्षेत्रों को शराब का गढ़ बना दिया है, पुरे प्रदेश को शराब के नशे मे डूबाकर हमारी पीड़ियों को बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने धार कलेक्टर के उस पत्र का भी जिक्र किया जिसमे नकली होलोग्राम से शराब का कारोबार होने, पकड़ाए जाने पर वाहन के चालक पर कार्यवाही किये जाने और शराब के मालिक पर कोई एक्शन नहीं लिये जाने की बात कही। यह तथ्य भी जगजाहिर है, एमपी मे जिन 19 स्थानों पर शराब प्रतिबंधित की गयी है वहां शराब का अवैध कारोबार फलने-फूलने लगा है। खासकर आदिवासी और सीमावर्ती क्षेत्रों मे देखा गया है की दुकानों का मूल्य करोडो रुपया है, किंतु काउंटर पर शराब की उतनी बिक्री नहीं है। यह स्थिति शराब की अवैध तस्करी का उदाहरण है। यह भी देखने मे आता है की शराब ठेकों की शराब अधिकृत काउंटर से कम सड़क किनारे स्थित ढाबो, गाँव की दुकानों मे खुलेआम बिकती नजर आ रही है। शराब के ठेकों मे नेताओं, माफियाओं और धन्ना सेठों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है, पुलिस और आबकारी विभाग भी इस गठजोड़ मे शामिल दिखाई देता है। इस गठजोड़ के परिणामस्वरूप एमपी के बड़े शहरों, नगरों एवं गाँवो मे अवैध शराब का गौरख धंधा फल फूल रहा है। अभी एक माह भी नहीं हुआ शराबबंदी वाले धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से शराब की उपलब्धता आसान हो गयी है। शराब धंधे से जुड़े लोगो का मानना है की शराबबंदी से अवैध शराब का कारोबार फलने-फूलने लगा है। अप्रेल 2025 से नई शराब नीति के लागू होने के बाद से प्रदेश भर मे विवादों की खबरों का आना मध्य प्रदेश सरकार की नवीन शराब नीति को सन्देश के कठघरे मे खड़ा करता है। दिल्ली की पूर्व सरकार की शराब नीति से उपजा विवाद अभी न्यायालय मे चल ही रहा है। ऐसे मे एमपी की नवीन शराब नीति मे भी शराब के अवैध कारोबारियों को लाभ पहुंचाने की मंशा साफ दिखाई देती है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जिन स्थानों पर शराबबंदी की है, वहां अवैध शराब कारोबारियों पर सख़्ती की जाना चाहिए, सरकार द्वारा एमपी मे की गयी आंशिक शराबबंदी का निर्णय तारीफेकाबिल है, किंतु मध्यप्रदेश मे पूर्ण शराबबंदी मोहन सरकार को करना चाहिए। शराबबंदी के साथ ही शराब के अवैध कारोबार की कमर भी तोडना होंगी।

शराब नागरिक समाज के सेहत के लिये नुकसानदायी है, शराब विवादों की जड़ है, इस पर पूर्ण सख़्ती की आवश्यकता है। अपने सख्त एवं दृढ फैसलों के लिये पहिचान रखने वाली मोहन सरकार जिसका परिवहन चैक पोस्ट बंद करने का निर्णय भष्ट्राचार को खत्म करने का जनहितैषी फैसला मना जा रहा है। एमपी मे पूर्ण शराबबंदी का निर्णय जिस दिन सरकार लेगी, मुख्यमंत्री सहित सम्पूर्ण सरकार की तारीफ प्रदेश की जनता मुक्तकंठ से प्रदेश की जनता करेंगी। फिलहाल तो एमपी की सरकार शराब से प्राप्त राजस्व के भरोसे जानकल्याण की उम्मीद लिये बैठी है।

# कविता

पाँच की मैगी साठ में खरीदी,
सौदा भी कोई सौदा था?
खच्चर की पीठ पे दो हजार फेंके,
इंसानियत भी कोई इरादा था?

बीस के पराठे पर दो सौ हँस कर,
पचास टिप फोटो वाले को,
हाउस बोट के पानी में बहा दिए
हजारों अपने भूखे प्याले को।

नकली केसर की खुशबू में
अपनी सच्चाई गँवा बैठे,
सिन्थेटिक शाल के झूठे रेशों में
अपने सपनों को सिलवा बैठे।

इतना लुटे, फिर भी मुस्काए,
आज जान भी लुटा आए हो,
और सुनो –
वो फिर भी कहते हैं –
"मेहमान हो, मेहमान हमारे हो!"

--- डॉ सत्यवान

## स्थाई सिरदर्द बन चुका आतंक पोषक पाकिस्तान

तनवीर जाफरी

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए बर्बरतापूर्ण व अमानवीय आतंकी हमले को देश जल्दी भुला नहीं पायेगा। इसमें 27 बेगुनाहों की जान चली गई जिनमें अधिकांश देश के विभिन्न राज्यों से आये हुये पर्यटक शामिल थे। इस अमानवीय घटना की जितनी भी निंदा की जाये वह कम है। इस घटना के बाद राजनीति,भारतीय मीडिया,सोशल मीडिया, पक्ष और विपक्ष से जुड़े कई ऐसे पहलू थे जिनपर चर्चा होनी स्वभाविक थी और वह हुई भी। जैसे इस त्रासदी को मुख्य धारा के कहे जाने वाले टी वी चैनल्स ने एक बार फिर 'एजेंडा रिपोर्टिंग ' की तर्ज पर पेश कर देश में विभाजनकारी माहौल बनाने की पूरी कोशिश की। और इस आतंकी हमले को हिंदू बनाम मुस्लिम के रूप में पेश करने का भरसक प्रयास किया। इन टी वी चैनल्स को हमले के बाद कश्मीर सहित पूरे देश में इस हमले के विरुद्ध उपजी सहानुभूति,एकजुटता, पर्यटकों को बचाने,उन्हें पनाह देने व आतंकियों का बहादुरी से मुकाबला करते हुये स्थानीय कश्मीरी की जान देने व पर्यटकों के प्रति मानवता से पेश आने के दृश्य नजर नहीं नजर आये। न ही सुरक्षा एजेंसियों की लापरवाही न ही 'आपदा में अवसर ' ढूंढने वाली विमानन कंपनियों द्वारा आतंकी हमले की दहशत के परिणामस्वरूप पर्यटकों की वापसी की भारी भीड़ को देखते हुये उनसे आठ से दस गुना तक अधिक किराया वसूल किया जाना दिखाई दिया। बहरहाल 22 अप्रैल से लेकर अब तक इस विषय को लेकर दोनों देशों की ओर से कई कदम उठाये जा चुके हैं। भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध जो अहम फैसले लिए हैं उनमें मुख्य रूप से भारत-पाकिस्तान के बीच हुये सिंधु जल समझौते को स्थगित करना,अटारी बॉर्डर को बंद करना,भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इसी मार्ग से लौटने के लिए 1 मई तक की समय सीमा निर्धारित करना,पाकिस्तानी नागरिकों को भारत का वीजा न देना,भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय देना, सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी हाईकमीशन में तैनात पाकिस्तानी डिफेन्स एडवाइजर्स को भारत छोड़ने के लिए एक हफ़्ते का समय देना, तथा दोनों हाई कमीशन में तैनात कर्मचारियों की संख्या 55 से घटाकर 30 तक किया जाना शामिल है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत के विरुद्ध कई फैसले लिये हैं जिनमें भारत के साथ हुआ शिमला समझौता स्थगित करना,वाघा बॉर्डर से व्यापार पूरी तरह बंद करना,30 अप्रैल तक जिन लोगों ने वैध कागजों के साथ इस रास्ते से पाकिस्तान प्रवेश किया है, वीजा छूट खत्म करना भारतीय हाई कमीशन में काम कर रहे सैन्य सलाहकारों डिफेंस, नेवी और एयर अटैची को अवांछित व्यक्ति घोषित करना और उन्हें व उनके सहायक स्टाफ को 30 अप्रैल तक पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश देना ,इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के कर्मचारियों की संख्या घटाकर 30 करना,पाकिस्तानी एयरस्पेस को अब भारतीय स्वामित्व या संचालन वाली सभी एयरलाइंस के लिए बंद करना तथा हर प्रकार का व्यापार चाहे वह सीधे भारत से हो या किसी तीसरे देश के जरिए।

# विचार

## शायद 1965 भूल गया पाकिस्तान

प्रेम शर्मा

**पहलगाम** में जो हुआ वह मानवता के साथ कूरता और आतंकियों नीचता, कायरता की पराकष्ठा थी। कश्मीर में अन्दरूनी और बाहरी रूप से जो देश विरोधी गतिविधिया लम्बे अरसे से चल रही है। राजनीति के चक्कर में जिसकी अनदेखी स्थानीय और केन्द्र सरकार कर रही है यह उसी का परिणाम है। भारत के अन्दर देश का अन्न पानी खाकर आतंकियों के समर्थक इस देश को अन्दर अन्दर खोखला कर रहे है। देश का सिर कश्मीर लम्बे अरसे से खूनाखच्चर हो रहा है। यही वजह थी कि 1965 का भारत-पाक युद्ध, जिसे कश्मीर का दूसरा युद्ध भी कहा जाता है, 1965 में हुआ था। यह युद्ध जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए था और पाकिस्तान ने इसे शुरू किया था जब उसने जम्मू और कश्मीर में ऑपरेशन जिब्राल्टर के तहत सैनिक घुसपैठ की. यह युद्ध 23 सितंबर 1965 को समाप्त हुआ जब दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर युद्धविराम की घोषणा की थी। एक बार फिर पाक की नापाक हरकत ने हमें 1965 की याद दिलाई है जिसमें वह मुंह की खा चुका है। लेकिन अब समय बदल चुका है। अगर अब 1965 वाली नौबत आई तो निश्चित तौर से पाकिस्तान तबाह होगा। बहरहाल देश की खुफिया एजेन्सी, बार्डर पुलिस, स्थानीय पुलिस को पहलगाम घटना पर मंथन अवश्य करना चाहिए। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई जवाबी कदम उठाए हैं। इनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी-वाघा सीमा बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना और रक्षा अटैचेज को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित करना शामिल है इसके अलावा देश के हर राज्य की सरकारों ने अवैध रूप से भारत में रहने वाले पाकिस्तानी और बाग्लादेशियों को खदेड़ना शुरू कर दिया है। सिंधु जल समझौते को स्थगित करने की घोषणा ने पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिंतित किया है। यह बहुत बड़ी घोषणा है और इसके निहितार्थ दूर तक जाते हैं। लेकिन भारत का मकसद भी यही है कि सब इस तथ्य को अच्छी तरह समझ लें कि ऐसे हमलों को रोकने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है। आखिर, दशकों से सीमापार आतंकवाद को बंद करने की भारत की अपील को पाकिस्तान अनदेखा करता आया है। पहलगाम आतंकी हमले पर गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भारतीय राजनीति का वह रूप दिखा, जिसकी जरूरत थी। सभी दलों ने एक स्वर में सरकार से कहा कि आतंक को मुंहतोड़ और निर्णायक जवाब देने के लिए जो भी जरूरी हो, किया जाए। इससे पहले जम्मू-कश्मीर, खासकर घाटी में जिस तरह से आम लोगों ने सड़कों पर निकलकर इस आतंकवादी हमले की भर्त्सना की, वह पूरी दुनिया के लिए स्पष्ट संदेश है। उरी में आतंकी हमले के बाद भारतीय पीएम ने कहा था कि सिंधु में जल और खून एक साथ नहीं बह सकते। इस बार सरकार इसी पर आगे बढ़ी है। हालांकि इतना काफी नहीं है। पुलवामा और पहलगाम जैसी घटनाओं से बचने के लिए ज्यादा निर्णायक और सटीक कदम उठाने की जरूरत है। सभी को याद होगा कि भारत ने पुलवामा का जवाब बालाकोट से दिया था। वह अप्रत्याशित और साहसिक कदम था। हालांकि इसके बाद भी सीमा पार आतंकवाद खत्म नहीं हुआ। इसकी वजह है आतंकियों तक पहुंचने वाली वह सप्लाई चेन, जिसे पाकिस्तान चालू रखे हुए है। वह पिछले कुछ साल से गंभीर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। उसकी गाड़ी आईएमएफ और कुछ सहयोगी देशों के कर्ज से किसी तरह चल रही है। इसके बाद भी वह आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंडिंग का जुगाड़ कर लेता है।

भारत को इसी फंडिंग को खत्म करना होगा। ज्ञात हो कि पाकिस्तान का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता चीन है। इस्लामाबाद अपने 81 प्रतिशत हथियार पेइचिंग से लेता है। दूसरे नंबर अमेरिका है । इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल फिर भारत के खिलाफ किया जाता है। ऐसे में नई दिल्ली को इस बारे में दोनों देशों के साथ स्पष्ट बात करनी चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## लू लगने के लक्षण, बचाव के उपाय और सावधानियां

डॉ.शिप्रा शर्मा

तेज गर्मी ने इन दिनों सभी को परेशान किया हुआ है। पारा 40 के ऊपर पहुंच रहा है। तेज गर्मी के बीच, हीट स्ट्रोक से बचना जरूरी है। लू लगने के लक्षण क्या है, इससे बचाव करने में कौन-से घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं, चलिए समझते हैं। इन दिनों गर्मी तेजी से बढ़ती जा रही है और पारा रोज ऊपर की ओर बढ़ रहा है। अप्रैल माह में ही पारा 40 के आस-पास पहुंच चुका है। ऐसे में मई-जून में गर्मी क्या रिकॉर्ड तोड़ेगी, इसे लेकर अभी से सभी के मन में चिंता के बादल छाए हुए हैं।

तेज गर्मी का असर हमारी सेहत पर भी होता है। तपिश वाले मौसम का असर, शरीर के हर अंग पर होता है और ऐसे में अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के महीनों में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी हो जाता है। हीट स्ट्रोक क्या है, गर्मी के मौसम में इससे कैसे बचना चाहिए, लू लगने पर शरीर में क्या लक्षण नजर आते हैं और किन घरेलू नुस्खों से आप खुद को इससे बचा सकते हैं।

**हीट स्ट्रोक या लू के क्या लक्षण होते है ?***

गर्मियों के मौसम में अधिक तापमान, सेहत के लिए खतरा बन जाता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी है। जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है और खुद को ठंडा नहीं कर पाता है, तो हीट स्ट्रोक होता है। ऐसा हाई टेम्परेचर में बहुत अधिक समय तक रहने या अधिक एक्सरसाइज के कारण होता है। इसके लक्षणों को समय पर पहचानकर, तुरंत इलाज करने से खतरे को कम किया जा सकता है। लू लगने पर स्किन लाल हो जाती है, दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सिर में दर्द होता है, उल्टी महसूस होती है, मांसपेशियों में दर्द होता है और पसीना अधिक आता है। हीट स्ट्रोक की वजह से कई बार काम करने में और किसी चीज पर ध्यान देने में भी मुश्किल होती है। इसकी वजह से बेहोशी भी आ सकती है।

**हीट स्ट्रोक से बचने के लिए क्या करें?**

हीट स्ट्रोक से बचने के लिए खुद को हाइट्रेट रखना बहुत जरूरी है। दिन भर अधिक से अधिक पानी पिएं। शुगर वाली ड्रिंक्स, कॉफी और एल्कोहल से दूर रहें। इनसे डिहाइड्रेशन हो सकता

## स्वतंत्रता और राष्ट्र-विरोधी नैरेटिव में अंतर

विवेक रंजन

**सोशल** मीडिया में खालिस भारतीय 'विदेशी भक्त' और उनके दोहरे चरित्र देखने लायक हैं। भारत के डिजिटल जंगल में इस नई प्रजाति का उदय हुआ है , जिनकी जुबान 'वैश्विक नागरिकता' का राग अलापती है, पर भारत की आस्तीन में छुपा उनका 'घर' किसी और ही महाद्वीप का पता बताता है। ये वो शख़्सियतें हैं जो भारत की मिट्टी में पलती-बढ़ती हैं, पर उनकी नजरें हमेशा विदेशी "स्टैंडर्ड्स" के पैमाने से ही देश को नापती हैं। अगर कोई भारत सरकार की आलोचना करे, तो ये उसकी पीठ थपथपाने को तैयार मिलते हैं।

यदि सरकार के समर्थन में कुछ लिख दिया तो यह ब्रिगेड भक्त का टाइटिल देने में देर नहीं लगाती , इस तरह वे स्वयं को कथित सेक्युलर साबित करने में जुट जाते हैं। विदेशी सरकारों के मुंह से भारत पर कोई टिप्पणी निकले, तो ये उसे "सच्चाई का आईना" घोषित कर देते हैं। आस्तीनों में बसे इनके 'घर' की नींव तो शायद , न्यूयॉर्क या जेनेवा की मिट्टी से बनी है!

इनके रहने वाली बांबी भीतर ही भीतर पाकिस्तान और बंगलादेश तक जुड़ी हुई है। इनका व्यंग्य-शस्त्रागार बेहतरीन होता है। सरकार ने कोई नीति बनाई? तुरंत ट्विटर पर ट्रेंड करो: "अरे, स्वीडन में ऐसा होता तो..."। किसी भारतीय संस्था ने कोई उपलब्धि हासिल की? " ..पर सिंगापुर में तो ये सालों पहले..."। ये लोग "कॉम्पेयर एंड डिस्पेयर" के मास्टर हैं। इन्हें पता ही नहीं कि स्वीडन की आबादी भारत के एक छोटे राज्य जितनी है, या सिंगापुर का भूगोल चंडीगढ़ से छोटा है। पर इन्हें यथार्थ से क्या लेना-देना? इनका काम "वर्चुअल एक्सपर्ट" बनकर अपने ही देश को लताड़ना है। ये अभिव्यक्ति की "आजादी" की दुहाई देते हैं, पर इनकी परिभाषा में आजादी सिर्फ. सरकार की आलोचना करने तक सीमित है। अगर कोई इनसे पूछे, "भई, आप जिस देश को आइडियल मानते हो, वहाँ तो पुलिस प्रोटेस्टर्स पर घोड़े दौड़ाती है!" तो जवाब मिलता है "वो अलग बात है, वहाँ की सरकार 'परफेक्ट' है।" यानी, इनके लिए आलोचना का अधिकार सिर्फ. भारत के लिए रिजर्व्ड है।

## न्यूज फ्लैश

### फर्जी समाचार की सार्वजनिक स्थल पर चर्चा करने से बचे

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पहलगाम** में पर्यटकों पर हुई हमले के बाद प्रशासन हर चीज पर निगरानी बरस रहा है। रेलवे स्टेशन में बस स्टैंड पर भी नजर नजर रखी जा रही है। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अफवाये और गलत सूचनाऐ,आधे-अधूरे सच और झूठ के साथ कवरेज अपराध की श्रेणी में आता है । इसके दुष्परिणामों से खुद को भी बचाएं और समाज के लोगों को भी जागरूक करें। जहां तक हो सके गलत सूचना फैलाने से बचे । कोई भी जानकारी टुकड़ों में ना दें। जब तक समाचार की पुष्टि ने हो इस प्रेषित ना करें। उपायुक्त ने बताया कि अफवाहओ से दूर रहकर ही हम अच्छे समाचार प्रेषित कर सकते हैं। ऐसी नौबित ना आए की बाद में समाचार का खंडन करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि झूठी अफवाओं के समाचारों से दूर रहकर हीअपनी लेखनी का प्रयोग करें व पुष्ट खबरों का प्रसारण करने से पहले प्रशासन का वर्जन जरूर ले। उपायुक्त ने कहा कि फर्जी समाचार के घातक परिणाम हो सकते है। हालांकि यहां के पत्रकारों ने कभी भी इस तरह की पत्रकारिता नहीं की जिसके दुष्परिणाम देखने को मिले हो।उपायुक्त ने कहा कि ऐसी समय में हमें आम नागरिक के बीच मे रह कर विश्वास की सटीकता को कायम रखना है और भावनाओं से दूर रहकर समाचार प्रेषित करने चाहिए। पूवार्नुमान से संबंधित समाचार पर कुरेज बरतने का प्रयास करना चाहिए। उपायुक्त ने आम जन से भी अनुरोध किया की वो भी इस स्थिति में फर्जी समाचार पर खास तौर पर सार्वजनिक स्थल पर चर्चा ना करें । क्योंकि ऐसी स्थिति में इसके नकारात्मक परिणाम की संभावना ज्यादा रहती है।

### बाबा बागेश्वर धाम सरकार का अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद को आशीर्वाद हुआ प्राप्त-डॉ नवीन नैन भालसी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) अन्तरराष्ट्रीय** मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी व राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय को देवों के देव महादेव के अवतार वीर बजरंगबली हनुमान जी के परम भक्त पूज्य गुरु बाबा बागेश्वर धाम सरकार ने इतना प्यार, आशीर्वाद व सम्मान के लिए किया आभार व्यक्त। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अब अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद का सातवाँ चरण शुरू होने वाला है जिसमें पहले 6 देशों में सिद्ध तिरसूल लगाकर शिव - शक्ति केन्द्र बनाया जाएगा,उसी दौरान बाबा बागेश्वर धाम सरकार के आशीर्वाद अनुसार आने वाले जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में दिल्ली के अन्दर विशाल भव्य प्रोग्राम अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि भविष्य में अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की आगे की यात्रा व प्रोग्राम पूज्य श्री बाबा बागेश्वर धाम सरकार के सानिध्य में किए जाएँगे।

### पीएम मोदी मन की बात कार्यक्रम में प्रेरणादायक प्रसंगों की चर्चा करते है: सलूजा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का प्रयास रहता है कि देश की जनता को देश में हो रहे सकारात्मक बदलवा से लगातार अवगत करवाया जाए। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में जनसरोकारों एवं प्रेरणादायक प्रसंगों की चर्चा करते है। हमें प्रधामनंत्री मोदी द्वारा बताए प्रसंगो से प्रेरणा पा कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान ये शब्द प्रदेश प्रमुख, भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान गजेन्द्र सलूजा ने इसराना विधानसभा क्षेत्र के गांव नौल्था के बुथ संख्या 119 पर लोगों के साथ मन की बात सुनने के बाद अपने संबोधन में कही।गजेन्द्र सलूजा ने आगे कहा कि एक पेड़ मां नाम अभियान तहत अधिक से अधिक पौधे लगाकर मन की बात कार्यक्रम को सार्थक बनाए।उन्होंने कहा कि हमें अपने कृषि के व्यवसाय में बदलाव लाकर दूसरे क्षेत्र की फसलें उगा कर अपनी आए बढ़ाए। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष जसबीर टिटाना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की इस अवसर पर समुन्दर जागलान,गुलाब शाहपुर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें निवारण: उपायुक्त डॉ मनोज

## लंबित शिकायतों का समयबद्धता के साथ करवायें समाधान, अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। उपायुक्त डॉ० मनोज** कुमार ने कहा कि लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान हो इसी उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा सीएम विंडो, जनसंवाद, एसएमजीटी पोर्टल तथा समाधान शिविरों की शुरूआत की है ताकि लोगों को अपनी शिकायतों का समाधान करवाने का एक मंच मिल सके। इसलिए इन पोर्टलों पर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्धता के साथ निवारण करें ताकि लोगों को समस्याओं से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि शिकायत का निवारण करने के साथ ही पोर्टल पर अपनी एटीआर अपडेट करवायें। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी और लापरवाही करने वाली अधिकारियों पर कार्रवाई की



जाएगी। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने रविवार को कैंप कार्यालय में सीएम विंडो, जनसंवाद, एसएमजीटी तथा समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के पेंडिंग शिकायतों की क्रमानुसार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो विभाग अपने से संबंधित शिकायत पर जो भी कार्रवाई करता है उसकी एटीआर अवश्य अपलोड करें। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि संबंधित शिकायतों की अधूरी एटीआर भेजने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पेमाईस से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिए कि गेंहू का सीजन खत्म हो चुका है और अब खेत भी खाली है इसलिए पेमाईस करने का यह सबसे अच्छा समय है। उन्होंने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि सभी तहसीलों को डीजीपीएस मशीन उपलब्ध करवाई जाए ताकि पेमाईस से संबंधित शिकायतों का निवारण हो सके। बैठक में उन्होंने पिछले वर्षों की लंबिंत शिकातयों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इन शिकायतों को अगले एक सप्ताह में दूर किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अगर पोर्टल में किसी त्रुटि को लेकर मुख्यालय स्तर पर कार्यवाही की जानी है तो उसके बारे में उनको जरूर अवगत करवाएं ताकि उस त्रुटि को जल्द दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी प्रतिदिन इन पोर्टलों पर आने वाली शिकायतों की समीक्षा जरूर करें।

## पहलगाम घटना को लेकर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ने जताया रोष




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : पहलगाम में** आतंकवादियों द्वारा एक ही वर्ग के 26 सैलानियों को मौत के घाट उतारने की घटना को रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा ने एक बहुत ही दुखताई घटना बताते हुए इस पर गहरा रोष प्रकट किया है । प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल यादव व मुख्य प्रवक्ता कुलभूषण शर्मा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में सरकार से मांग की है कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसलिए जम्मू कश्मीर के अंदर सेना की गस्त और बढ़ानी चाहिए और संवेदनशील स्थानों पर सेना का सख्त पहरा लगाना चाहिए ताकि वार्डर पार से आने वाले इस प्रकार के आतंकियों को सबक सिखाया जा सके। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस प्रकार के आतंकियों को सबक सिखाने के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए चाहे उसमें पड़ोसी देश के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई क्यों न करनी पड़े। उन्होंने मांग की कि निर्दोष प्राणियों की हत्या करने वाले ऐसे लोगों के साथ सख्ती से निपटने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं बॉर्डर पार से आकर आतंकी कैसे कर जाते हैं।

## जादूगर रामचन्द्र महाशय की धर्मपत्नी का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़, ग्राम नौताना** के निवासी इलेक्ट्रोड रामचन्द्र महाशय की धर्मपत्नी शांति देवी का निधन हो गया है। वह 86 साल की बातें और धार्मिक विचारधारा वाली महिला थीं। उनकी मृत्यु क्षेत्र से शोक की लहर में हुई है। उनके पीछे पूरा परिवार नष्ट हो गया है। उनके अंतिम संस्कार में गांव व क्षेत्र के कई लोगों ने नारे लगाए। हिंदू रीति रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार उनके ज्येष्ठ पुत्र नरेंद्र नंबरदार ने किया, उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी गई।

## मन की बात कार्यक्रम करता है प्रेरित: विधायक

**राई-सोनीपत। राई** हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के कैंप कार्यालय में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। विधायक के निर्देशन एवं उनके मीडिया प्रभारी योगेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात के अनुसरण का संकल्प लिया। विधायक कृष्णा गहलावत के कैंप कार्यालय में नियमित तौर पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होते आ रहे हैं। इस बार भी कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। विधायक कृष्णाा गहलावत ने संदेश प्रेषित किया कि प्रधानमंत्री के मन




की बात राष्ट्र हित को समर्पित रहती है। प्रधानमंत्री की हर बात को हमें अपना संकल्प बनाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्र हित से बढ़कर दूसरा कोई हित हमारे लिये नहीं होना चा?हिए। राष्ट्र ही सर्वप्रथम होना चाहिए। राष्ट्र के उत्थाढन और कल्याण के लिए हमें अपना सर्वस्व बलिदान करने को उत्सुक रहना चाहिए।
विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने कार्यकताओं को प्रोत्साहित किया कि वे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कदम आगे बढ़ायें। इस दौरान विधायक ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की एक बार पुनः कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि यह हमला मानवता पर किया गया हमला है। बेगुनाह लोगों पर कायराना हमला इंसानियत पर किया गया हमला है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। आंतक और आतंकियों के लिए कोई स्थामन नहीं है। आतंक के खिलाफ पूरे विश्व को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। इस दौरान विधायक गहलावत के मीडिया प्रभारी योगेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के प्रति कार्यकताओं में उत्साह बना रहता है।

## पार्टी पदाधिकारियों की की गई नियुक्ति

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) भाजपा संगठन को** मजबूत बनाने के लिए पार्टी हाई कमान के साथ विचार विमर्श करने के बाद जिला भाजपा संगठन की और से पार्टी पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि पानीपत जिला में भाजपा के कुल 19 मंडल है जिसमें से आज 15 मंडलों के मंडल पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। जारी की गई सूची के अनुसार समालखा विधानसभा के समालखा ग्रामीण मंडल में 14 वरिष्ठ कार्यकताओं को पदाधिकारी बनाया गया इसी प्रकार समालखा शहरी मंडल में 13, चुलकाना धाम मंडल में 13, बापौली मंडल में 14, सनौली मंडल में 17 कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी नियुक्त किया गया। इसी प्रकार पानीपत ग्रामीण विधानसभा के कूटानी मंडल में 13, काला आम्ब मंडल में 17, बबैल मंडल में 19, काबड़ी मण्डल में 16 और सिवाह मंडल में भी 16 वरिष्ठ कार्यकताओं को भी पार्टी पदाधिकारी बनाया गया। इसी प्रकार इसराना विधानसभा क्षेत्र के इसराना मंडल में 18 कार्यकर्ताओं को, थर्मल मंडल के 13, पाथरी धाम मंडल के 15 वरिष्ठ कार्यकताओं को पार्टी पदाधिकारी बनाया गया। इसी तरह पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के कृष्णपुरा मंडल में 19 कार्यकताओं को एवं तहसील कैंप मंडल के 20 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को पार्टी पदाधिकारी बनाया गया।

## मन की बात कार्यक्रम देता है देश को नई दिशा: हरविन्द्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा विधानसभा** के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज यहां रेलवे रोड स्थित काम्बोज धर्मशाला में प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 121वें एपिसोड को सुना। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश को नई दिशा और युवाओं में ऊर्जा का संचार करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून को पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान को गति देने का आह्वान किया है। यही नहीं उन्होंने प्रगतिशील किसानों द्वारा नए प्रयोगों के



माध्यम से की गई उन्नत कृषि के लिए किसानों के प्रयासों की भी सराहना की। हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि एपिसोड की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में मारे गए लोगों को याद करते हुए आतंकवाद के विरूद्ध कड़े कदम उठाए जाने की बात कही। इस आतंकी हमले के खिलाफ देशवासियों में भारी आक्रोश है। पूरे विश्व ने घटना पर संवेदना प्रकट की है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा। एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा-कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में पढ़ाई अच्छे से चल रही थी, निर्माण कार्यों में अपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। पीएम ने पीडित परिवारों को न्याय का भरोसा दिया और कहा कि इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत के ग्लोबल स्पेस पावर बनने की भी बात की। एक साथ 104 सैटेलाइट्स का लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है। भारत चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाला पहला देश बना है। प्रधानमंत्री ने पूर्व इसरो चीफ डॉ. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि दी और कहा कि आज भारत जिन उपग्रहों का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ. कस्तूरीरंगन की देखरेख में लॉन्च की गई थी। उनका व्यक्तित्व खास था और युवा पीढ़ी उनके कार्यों से बहुत कुछ सीख सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है।

## अब हरियाणा में नई पीढ़ी की सोच के साथ आगे बढ़ेगी कांग्रेस: वीरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : अगर सब कुछ ठीक** चला तो जल्द ही हरियाणा में कांग्रेस नई पीढ़ी की सोच को साथ लेकर आगे बढ़ेगी। यह खुलासा पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कुरुक्षेत्र में एक पत्रकार वार्ता के दौरान किया। चौधरी वीरेंद्र सिंह गोवा अधिवेशन में हुए कांग्रेस के निर्णय के अनुसार हरियाणा में पुराने कांग्रेसियों की नब्ज टटोलने के लिए निकले हुए हैं। इसी कड़ी में रविवार को वह कुरुक्षेत्र में



अपने पुराने मित्र स्वर्गीय विश्वपाल गोयल टिक्कू के प्रतिष्ठान पर भी पहुंचे थे। पत्रकारों से बात करते हुए चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि बेशक कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव हार गई है, लेकिन प्रदेश में पार्टी बहुत मजबूत स्थिति में है।

## पार्किंग की नहीं सुविधा, सड़कों पर खड़े रहते हैं वाहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। नगर पालिका** के गठन के 30 वर्ष बाद भी शहर में एक भी स्थान पर पार्किंग नहीं बन पाई। आए दिन शहर की मुख्य सड़कों और बाजारों में छह हजार से अधिक वाहन सड़कों पर खड़े रहते हैं। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुख्य बाजारों में सुबह व शाम के समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। शहर में स्थायी पार्किंग के अभाव में लोग इधर-उधर वाहन पार्किंग करने को मजबूर हैं। 30 वर्षो से शहर में आबादी के साथ वाहनों की संख्या दो गुनी हो गई है।

## यूपीएससी में 978वीं रैंक पाने पर निधि का हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गांव कैलाना की बेटी** निधि रंगा ने यूपीएससी परीक्षा में 978वीं रैंक हासिल कर गांव का नाम रोशन किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बजाकर और मिठाई बांटकर जोरदार स्वागत किया। सरकारी स्कूल परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने निधि रंगा को माला पहनाई और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। विधायक ने निधि की उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेहतर कर सकती हैं।समारोह में गांव के लोगों ने निधि के साथ उसके माता-पिता का भी स्वागत किया। निधि के पिता रघबीर रंगा



रिटायर्ड हेड मास्टर हैं और मां राजवंती गृहिणी हैं। निधि और उसका परिवार फिलहाल सोनीपत के देव नगर में रहते हैं। निधि ने समारोह में अपनी सफलता की कहानी साझा की। बताया कि 12वीं के बाद परिवार से देश सेवा की प्रेरणा मिली। लक्ष्य बनाकर मेहनत की तो यूपीएससी में सफलता मिली। निधि ने युवाओं को संदेश दिया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती, सफलता जरूर मिलती है। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गांव की मिट्टी से निकलकर बेटियों ने साबित किया है कि शिक्षा और खेल में भी वे आगे बढ़ सकती हैं। निधि ने सामान्य आर्थिक स्थिति के बावजूद देश की सबसे बड़ी परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।
उनकी सफलता कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास का परिणाम है।पिता रघबीर सिंह ने बेटी की सफलता पर खुशी जताई। कहा कि बच्चों को सही परवरिश और माहौल मिलेगा तो वे जरूर सफल होंगे। समारोह में सरपंच प्रतिनिधि रघबीर, पूर्व सरपंच वीरेंद्र फोगाट, पूर्व जिला पार्षद राकेश फोगाट, बलजीत, विजय, मंगल पांडे, लज्जा, रामचंद्र, रमेश, बनी सिंह, सतवंत, बीर सिंह, डॉ. जयकंवार, कुलदीप और धर्मराज मौजूद रहे।

## नौजवान सभा: 15वाँ त्रैवार्षिक राज्य सम्मेलन का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**स्थानीय भगत सिंह स्मारक** के स्वतंत्रता सेनानी कामरेड टीका राम सखुन हाल में अखिल भारतीय नौजवान सभा ( ए आई वाई एफ) का 15 वाँ त्रैवार्षिक राज्य सम्मेलन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड नीरज चौहान एडवोकेट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में सर्वप्रथम हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों एवं नागरिकों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन का उद्घाटन ए आई वाई एफ के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड आर तिरुमल्लई ने किया। अपने उदघाटन भाषण में उन्होंने कहा कि ए आई वाई एफ पिछले काफी



समय से पढ़े लिखे, शहरी व ग्रामीण युवकों एवं युवतियों को रोजगार देने के लिए मनरेगा की तर्ज पर भगतसिंह नैशनल एम्पलाईमेंट गारंटी एक्ट ( बनेगा) बनाने की मांग करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें हरियाणा में ए आई वाई एफ की सदस्यता बढाते हुए नौजवानों को संगठित करके रोजगार के लिए व्यापक स्तर पर आंदोलन तेज करना होगा। सम्मेलन का समापन ए आई वाई एफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड सुखजिन्द्र महेश्वरी ने किया। उन्होंने कहा कि देश में रोजगार एक प्रमुख मुद्दा है और भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रति वर्ष 2 करोड़ लोगों रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों रोजगार देने के बजाए रोजगार छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि रोजगार ना मिलने के चलते युवा पीढ़ी अपने लक्ष्य से भटक कर नशे की लत का शिकार हो रही है जो देश के लिए शुभ संकेत नही है।
भगत सिंह स्मारक के प्रांगण में ए आई वाई एफ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कामरेड हरदेव सिंह जोश ने भगत सिंह अमर रहे, भगत सिंह जिंदाबाद आदि नारों के बीच ए आई वाई एफ का झंडा फहरा कर सम्मेलन का शुभारम्भ किया। संगठन के राज्य महासचिव कामरेड सत्येन्द्र गिरि ने पिछले तीन वर्षों में संगठन द्वारा चलाई गई गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट पर हुई चर्चा में मिथलेश कुमार, सुमेर, अरमान गिल, मनोज पचेरवाल, दिनेश सिंह, मनीष शर्मा, सतबीर कश्यप आदि ने भाग लिया। वक्ताओं द्वारा दिये गए सुझावों के रिपोर्ट सर्वसम्मति से पारित की गई। सम्मेलन में सुखजिन्द्र महेश्वरी, आर तिरुमल्लई ,हरदेव सिंह जोश, पवन कुमार सैनी, अरुण कुमार शक्करवाल, सत्येन्द्र गिरि, मिथलेश कुमार व सीपीआई के राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप को स्मृति चिन्ह व शाल देकर सम्मानित किया गया। आगामी तीन वर्षों के लिए सर्बजीत सिंह सिधु को अध्यक्ष, मनीष शर्मा व प्रेम चौहान को उपाध्यक्ष, नीरज चौहान एडवोकेट को महासचिव, बिपिन बरार को संयुक्त सचिव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी, विदुर फोर व संदीप कुमार को सचिव चुना गया।

## 30 अप्रैल को अक्षय तृतीय, इस दिन किए दान का मिलता है अनंत गुणा फल: राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हिंदू धर्म में अक्षय** तृतीया के पर्व का विशेष महत्व होता है। पंचांग के अनुसार हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया जाता है। अक्षय तृतीया को (अबूझ)सर्वश्रेष्ठ सिद्ध मुहूर्त माना गया है यानी इस दिन बिना कोई मुहूर्त देख कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य कर सकते हैं और भूमि ,भवन,वाहन की खरीददारी कर सकते है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया अक्षय तृतीया व भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव 30अप्रैल बुधवार को मनाया जाएगा।इस बार आखा तीज पर अक्षय तृतीया के दिन सवार्थ सिद्धि योग,रवि योग,शोभन योग और रोहिणी व मृगशिरा नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। जो किसी भी शुभ कार्यों को करने तथा दान पुण्य के लिए विशेष फलदाई बताया है।ज्योतिष के अनुसार इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों अपनी उच्च राशि में विराजमान रहते है। और कई ग्रह शुभ स्थिति में रहते है।इस कारण से भी ये अपने आप में शुभ मुहूर्त बन जाता है।जो किसी भी जप,तप,ज्ञान,पूजा-पाठ अनुष्ठान,हवन दान,स्नान के फायदेमंद बताया गया है।

**इस दिन खरीददारी करना शुभ होता है**भारद्वाज गढ़ी ने बताया की अक्षय तृतीया के दिन खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना जाता है।इस दिन खरीदी गई वस्तुओ में वृद्धि होती है।इस दिन सोना चांदी के आभूषण की खरीददारी करनी चाहिए।अक्षय तृतीया के दिन मिट्टी की महत्ता सोना खरीदने के बराबर माना जाता है। अगर आप सोना चांदी नहीं खरीद पा रहे हैं तो मिट्टी का पात्र जैसे घड़ा, दीपक आदि चीजों को इस दिन घर लाना शुभ माना जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### युवक की गोली मारकर हत्या करने के चार आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम यूनिट वेस्ट प्रथम** ने घर के अंदर दोस्तों संग हंसी मजाक कर रहे युवक की गोली मारकर हत्या करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार करने की सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित अनिल उर्फ दिवा, समुंद्र उर्फ कालिया, संदीप व सुनील निवासी गांव रोहणा का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितो को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितो से पूछताछ की जा रही है। गांव रोहणा निवासी सुरेंद्र ने गत 22 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका बेटा योगेंद्र (39) गत सोमवार शाम को घर पर अपने दो-तीन दोस्तों संग बैठे थे। वह आपस में हंसी मजाक कर रहे थे। इसी दौरान गांव का सुनील उर्फ पंखा वहां पहुंचा और योगेंद्र के साथ गाली-गलौज करने लगा। योगेंद्र ने उसे कहा था कि वह अपने घर में हंसी मजाक कर रहे है। उनके बेटे ने सुनील को शांत रहने और घर लौटने को कहा। जिस पर सुनील ने धमकी दी कि वह उसे देख लेगा और वहां से चला गया। कुछ ही देर बाद सुनील अपने चार अन्य साथियों के साथ उनके घर पर पहुंचा।

### अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: थाना मोहाना पुलिस** ने एक युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पवन निवासी गुहणा का है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।थाना मोहाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव गुहणा का रहने वाला पवन अवैध शराब बेचने का काम करता है। उसके खेत में बने कमरे में अवैध शराब रखी है। टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की तो अवैध देसी शराब की 15 और बीयर की 12 बोतल शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित पवन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

### कंपनी के कार्यालय से लैपटॉप चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में कंपनी के कार्यालय से लैपटॉप चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। कंपनी के कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। कंपनी के हेड आफ डिपार्टमेंट रविंद्र खंडूरी ने बताया कि उनके कार्यालय में लैपटॉप के साथ ही अन्य सामान रखा था। बृहस्पतिवार की रात को कार्यालय से कोई लैपटॉप चोरी कर ले गया। अपने स्तर पर चोर का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई दीपक ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# शहीदी स्मारक में हाईड्रॉलिक वर्टिकल लिफ्ट लग चुकी है: विज

## शहीदी स्मारक में जब भी हम आते हैं यहां पर नई चीज देखने को मिलती है : विज

**आधुनिक**

**हाईड्रोलिक वर्टिकल लिफ्ट लग चुकी है जोकि निचले फ्लोर से ऊपरी फ्लोर तक जाएगी: अनिल विज**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहीदी स्मारक के म्यूजियम में 40 लोगों की सीट वाली हाईड्रोलिक वर्टिकल लिफ्ट लग चुकी है जोकि निचले फ्लोर से ऊपरी फ्लोर तक जाएगी। यह शायद हिन्दुस्तान में किसी स्मारक पर पहली लिफ्ट होगी। विज दोपहर जीटी रोड पर सन् 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों की याद में बनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शहीदी स्मारक का निरीक्षण कर रहे थे।कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक का अवलोकन करते हुए म्यूजियम में बनाई जा रही विभिन्न आर्ट एवं डिजिटल गैलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों व एजेंसी प्रतिनिधियों को कहा कि यहां पर इस कार्य को तेजी से करवाएं और एक-एक गैलरी एवं हाल से सम्बन्धित कार्य को पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहीदी स्मारक में तेजी से कार्य किया जा रहा है और 150 के करीब यहां पर आर्टिस्ट, कर्मचारी, अधिकारी यहां पर लगे हुए हैं। हम जितनी बार भी यहां पर आते हैं, नई चीज देखने को मिलती है। आज प्रोजेक्टर पर वीडियो गैलरी के माध्यम से प्रेजेंटेशन देखी तथा ओपन एयर थियेटर में जो 40 सीट वाली हाईड्रोलिक वर्टिकल लिफ्ट लगाई गई है, उसे देखा है। इसमें एक फ्लोर से दूसरे फ्लोर तक आसानी से पहुंच सकेंगे। यहां रैंप, सीढियां और हर स्थान पर लिफ्ट का प्रावधान किया है। यहां पर कमल के फूल पर जाने के लिए हाई स्पीड दो लिफ्ट लगाई गई हैं जो 12वीं मंजिल तक जाती है और इस मंजिल पर स्काई कैफे बनाने पर कार्य कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक में कई स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। हम यह भी प्लान कर रहे हैं कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इस शहीदी स्मारक का उदघाटन होते ही हरियाणा के स्कूल हैं उनमें छठी से 12वीं तक पढने वाले विद्यार्थियों को रोस्टर अनुसार इस स्मारक को दिखाने का काम किया जाएगा ताकि उन्हें भी 1857 की आजादी की पहली लड़ाई का इतिहास पता चल सके।

ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमें जो पढ़ाया गया है वह गलत था। आजादी की पहली लड़ाई 1857 में लड़ी गई, जिसके बारे में आम लोगों को पता नही है। तो हम उनको यह दिखाना चाहते हैं कि आजाद होने का जज्बा था वो कांग्रेस के जन्म से बहुत पहले शुरू हो गया था। इतने लोगों ने कुर्बानियां दी और शहीद हुए, झांसी की रानी लड़ी, तांत्या टोपे लड़े, इन्फैंटरी जगह-जगह लड़ी, पेडों से बांध-बांधकर अंग्रेजों ने लोगों को गोलियां मारी और बहुत सारी यूनिटे बाद में डिस्बैंड कर दी गई। सारी चीजें छुपी हुई है जो हम इसे यहां पर दिखाने का काम करेंगे।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने स्मारक में निरीक्षण के उपरांत विभागीय अधिकारियों व निर्माण एजेंसी स्टाफ से बैठक की।

# पीपली बाजार में धूमधाम से मनाई जाएगी परशुराम जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: महीने के अंतिम** रविवार को भगवान परशुराम मंदिर पीपली बाजार अम्बाला शहर में मासिक हवन यज्ञ एवं प्रशाद वितरण किया गया। इसके बाद अम्बाला जिला ब्राह्मण सभा की मासिक मीटिंग की बैठक में परशुराम जयंती की तैयारियों बारे विचार विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 28 अप्रैल सोमवार को पड़ रही है इसलिए भगवान परशुराम जयंती मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी. इसके अंतर्गत एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन 28 अप्रैल दोपहर 2 बजे किया जा रहा है. जो की परशुराम मंदिर पीपली बाजार से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न बाजारों से होती हुई वापिस मंदिर में पहुंचेगी.इस शोभायात्रा में भगवान श्री परशुराम जी की 229 वर्ष पुरानी प्रतिमा को महाराजा रणजीत सिंह पटियाला द्वारा दिए गए प्राचीन रथ पर शहर की परिक्रमा करवाई जाएगी.29 अप्रैल को प्रातः 9 बजे मंदिर में हवन यज्ञ होगा उसके उपरांत 11 बजे महाराज आरती देवा जी महाराज जी का प्रवचन होगा और 1.00 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आज की मासिक बैठक में प्रधान सतीश शर्मा, चेयरमैन देवेन्द्र शर्मा, प्रधान महेश दत्त वशिष्ट, माधव शर्मा प्रधान,ईश्वर चन्द शर्मा, पंडित पंकज डिमरी, अविनाश चन्द्र, सुरेश कुमार, शिवम कुमार, अवधेश गिरि, सुरेश शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

# रंजिश के चलते युवक पर लोहे की रॉड से लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर थाना** क्षेत्र के मुरथल रोड पर एक कैफे पर युवक को घेर कर उस पर लोहे की राड और लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जीवन विहार निवासी लक्ष्य नैन ने बताया कि वर्ष 2022 में उसका साहिल नाम के युवक से झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर थाना सेक्टर-27 में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसी बात को लेकर साहिल उसके साथ रंजिश रखता है। लक्ष्य ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ कैफे में बैठा था। इसी दौरान साहिल अपने तीन-चार साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोपितों ने उन पर लोहे की राड और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब वह अपने दोस्तों के साथ बचकर भागने लगे तो आरोपितों ने रास्ते में घेर कर उनका पीटा। वहीं, पुलिस को शिकायत देने की सूरत में जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

# स्वयं को आत्मा समझ परमात्मा को याद करना ही सच्चा राजयोगः डॉ. स्वामीनाथन




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद :अंतर्राष्ट्रीय** मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगी ब्रह्माकुमार डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने बताया कि शरीर की एक्सरसाइज योगा है और मन की एक्सरसाइज योग है। दोनों को साधना जरूरी है, ताकि हम संतुलन बनाए रखें। ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद में चल रहे 8 दिवसीय 'वाह जिंदगी वाह' शिविर के समापन पर उन्होंने बताया कि जब मन और बुद्धि एक कार्य पर टिक जाते हैं, उसे एकाग्रता कहते हैं। यही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बताया कि स्वयं को आत्मा समझ कर परमात्मा को याद करना ही सच्चा राजयोग है। यही हमें आंतरिक शक्ति और शांति प्रदान करता है।भक्ति और आध्यात्म में भावनाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। बिना भावना के साधना अधूरी है।उन्होंने कहा कि आज हमने तय किया कि अब अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने के लिए एक ठोस योजना बनाएंगे। जीवन का हर क्षण अनमोल है। हमारा मन आकाश तत्व से बना है। जब मन अशांत होता है, तो शरीर भी बीमार होता है। इसलिए मन को शांत रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हमें राजयोग के माध्यम से परमात्मा को पहचानना और आत्मा को शक्तिशाली बनाना है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा न बनाई जा सकती है, न ही नष्ट की जा सकती है। इस वैज्ञानिक नियम को आध्यात्मिक रूप से समझाया गया कि हमारा आत्मिक बल भी अमर है।

उन्होंने बताया कि परमात्मा हमें केवल जीने की कला सिखाते हैं, यानि केवल कैसे जीना नहीं, बल्कि कैसे सम्मान और शांति के साथ इस जीवन से विदा होना है। स्वामी भाई ने कहा कि बच्चों को मेडिटेशन सिखाना अत्यंत आवश्यक है। जो आदतें माता-पिता अपनाते हैं, वही बच्चे भी जल्दी सीखते हैं। साथ ही, ड्रॉइंग और इमेजिनेशन को बढ़ावा देना चाहिए क्योंकि कल्पना ज्ञान से अधिक शक्तिशाली है। इससे पहले मुख्यातिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हरीश क्वातरा, मनीष मलिक, विक्की सेठी, नगर पालिका सदस्या निशा ठकराल व अमित सिंगला, सदस्या पति कुलवंत शर्मा, कमलेश गुप्ता, राजेंद्र रावत आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केंद्र प्रभारी बीके नीति दीदी व निजा दीदी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

# कथित घोटाले में पूर्व सरपंच सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**घोटाला**

**आरोप है कि अधिकारियो ने मिली भगत के चलते 16 लाख 38 हजार का घोटाला है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव गुहणा में सोलर स्ट्रीट लाइट के कथित घोटाले को लेकर अदालत के आदेश पर पुलिस ने पूर्व सरपंच सहित चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि अधिकारियो ने मिली भगत के चलते 16 लाख 38 हजार का घोटाला है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव गुहणा निवासी दीपक ने शिकायत देकर बताया था कि 2017 में गांव में 125 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम बालाजी एंटरप्राइजेज को दिया गया। इस काम के लिए न तो कोई कोटेशन लिया गया और न ही किसी विभाग से अनुमति ली गई। आरटीआई के माध्यम से जब दस्तावेज मांगे तो पता चला कि 8 नवंबर 2017 को 125 और 3 जनवरी 2018 को 40 सोलर लाइट लगाने का दावा किया गया। दीपक ने बताया कि 20 नवंबर 2017 को ग्राम पंचायत ने प्रति लाइट 13,800 रुपये की दर से कुल 17,25,018 रुपये का भुगतान मंजूर किया। इस दौरान जब मेहर सोलर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से इन लाइटों का रेट पूछा तो उन्होंने 6,400 रुपये प्रति नग और 5 प्रतिशत जीएसटी बताया। इस तरह प्रति लाइट में दोगुने से ज्यादा का घोटाला किया गया। मामले को लेकर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जिसके बाद जेएमआईसी जैस्मीन प्रीत कौर की अदालत के आदेश पर थाना मोहाना में पूर्व सरपंच पूनम, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनीष मलिक, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी रुपेंद्र मलिक और बालाजी एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर के खिलाफ धाराओं तहत मामला दर्ज किया गया है।

**अधिकारियों ने की जांच तो हुआ खुलासा**

शिकायतकर्ता की आरटीआई पर हरेडा ने जांच की। जांच में केवल 95 लाइटें ही लगी पाई गईं। वहीं 30 लाइटों के अलावा 40 अतिरिक्त लाइटों का फर्जी बिल बनाकर 5.52 लाख रुपये का अतिरिक्त गबन किया गया।

# ग्रीन बेल्ट में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग, 400 से ज्यादा पेड़-पौधे जले

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: लोगों की एक लापरवाही** से हरियाली पर बुरा असर देखने को मिल रहा है। शनिवार को शहर के बहालगढ़ रोड पर ग्रीन बेल्ट में अज्ञात कारणों के चलते सूखे पत्तों में आग लग गई। राहगीर ने मामले को लेकर दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक चार सौ से ज्यादा हरे पेड़-पौधे आग की चपेट में आ चुके थे। पर्यावरण को हरा भरा बनाने के अभियान में जुटे पर्यावरण मित्रों ने लोगों से गर्मी के मौसम में इस तरह की घटनाएं न घटे उसके लिए मदद की अपील की है। बता दें कि सोनीपत से बहालगढ़ रोड पर ग्रीन बेल्ट तैयार की गई है। उक्त ग्रीन बेल्ट में हजारों की संख्या में पेड़-पौधे है। शनिवार को अज्ञात कारणों के चलते ग्रीन बेल्ट में आग लग गई। शुरूआत में लोगों ने हल्का धुआं उठता देखा, लेकिन बाद में आग तेजी से ग्रीन बेल्ट में फेल गई। जिसके कारण सैकड़ों की संख्या में पेड़-पौधे आग की चपेट में आ गए। घटना के बाद क्षेत्र के पर्यावरण पर काफी प्रतिकूल असर पड़ता है। राहगीर ने मामले को लेकर दमकल विभाग को सूचना दी। उसके बाद आग पर काबू पाया गया।

**पेड़-पौधों के नीचे सूखे पत्ते व लकड़ियां, गर्मी के चलते जल्दी बढ़ी आग**

बहालगढ़ रोड स्थित ग्रीन बेल्ट में काफी संख्या में पेड़-पौधे हैं। गर्मी की वजह से पेड़ों के पत्ते मौजूदा समय में सूख कर जमीन पर पड़े हुए हैं। वहीं शनिवार को हवाओं की गति भी तेज रही। जिसके कारण एक बार आग लगने के बाद आग लगातार आगे बढ़ती रही। विशेषज्ञों के अनुसार मौजूदा समय में तापमान काफी अधिक होने के कारण आग एक छोटी सी चिंगारी से भी भयंकर रूप ले लेती है।

## अधिवक्ता का मोबाइल छीन ले गए झपटमार

**सोनीपत: शहर थाना क्षेत्र** के रोहतक फ्लाईओवर के पास बाइक सवार झपटमार एक अधिवक्ता का मोबाइल फोन छीन ले गए। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में पीड़ित के बयान दर्ज कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वेस्ट राम नगर निवासी रविंद्र ने बताया कि वह किसी काम से रोहतक फ्लाईओवर की तरफ गया था। इसी दौरान उनके पास फोन काल आ गई। वह बातचीत करते करते पैदल ही जाने लगा।। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक उनकी तरफ आए। जब तक वह कुछ समझ पाते पीछे बैठे युवक ने उनका मोबाइल फोन झपट लिया।

# जीवनशैली से हृदय रोग से बचाया जा सकता हैः डॉ. अनेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : डॉ. अनेजा** का कहना है कि कुछ खाद्य पदार्थ खाने से आपके हृदय रोग का जोखिम बढ़ सकता है। भले ही अपनी खाने की आदतों को बदलना कठिन हो सकता है, लेकिन आप आज से ही शुरूआत करने के लिए सरल कदम उठा सकते हैं। चाहे आप सालों से अस्वस्थ भोजन कर रहे हों या आप बस अपने आहार को बेहतर बनाना चाहते हों, हृदय को स्वस्थ रखने वाले ये आहार अपनाए और किन खाद्य पदार्थों को ज्यादा खाना चाहिए और किन खाद्य पदार्थों को सीमित करने से आप अपने हृदय को स्वस्थ रख सकते है। डॉ. अनेजा का कहना है कि आप कितना खाते हैं यह



उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि आप क्या खाते हैं। अपनी प्लेट में जरूरत से ज्यादा खाना, बार-बार खाना और तब तक खाना जब तक आपका पेट न भर जाए, इससे आप जरूरत से ज्यादा कैलोरी खा लेते हैं। रेस्टोरेंट में अक्सर परोसे जाने वाले खाने की मात्रा किसी की भी जरूरत से ज्यादा होती है।भोजन की मात्रा

**भावना**

**डॉ. अनेजा का कहना है कि कुछ खाद्य पदार्थ खाने से आपके हृदय रोग का जोखिम बढ़ सकता है**

को नियंत्रित करने के लिए कुछ सरल सुझावों का पालन करें। ये सुझाव आपके आहार के साथ-साथ आपके दिल और कमर को भी सही आकार देने में मदद कर सकते हैं जैसे कि अपने हिस्से को नियंत्रित करने के लिए एक छोटी प्लेट या कटोरी का प्रयोग करें। कम कैलोरी वाले, पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे फल और सब्जियां अधिक खाएं।उच्च कैलोरी, उच्च सोडियम वाले खाद्य पदार्थों को कम मात्रा में खाएं। इनमें रिफाइंड, प्रोसेस्ड और फास्ट फूड शामिल हैं। सब्ज़ियाँ और फल विटामिन और खनिजों के अच्छे स्रोत हैं। इनमें कैलोरी भी कम होती है और फाइबर भी भरपूर होता है। अन्य पौधों या पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों की तरह, सब्ज़ियों और फलों में ऐसे पदार्थ होते हैं जो हृदय रोग को रोकने में मदद कर सकते हैं। अधिक फल और सब्ज़ियाँ खाने से आपको अधिक कैलोरी वाला खाना कम खाने में भी मदद मिल सकती है। उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों के कुछ उदाहरण मांस, पनीर और स्नैक फूड हैं। अपने आहार में ज्यादा सब्ज़ियाँ और फल शामिल करना आसान हो सकता है।

# राजेंद्र शर्मा कोऑपरेटिव सोसाइटी बैंक के निर्विरोध बने प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। लंबी कसम कस** के बाद आखिर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के छोटे भाई राजेंद्र शर्मा उर्फ राजू कोऑपरेटिव सोसाइटी बैंक के प्रधान बनने में सफल रहे। वही दीपक उपप्रधान चुने गए यह चुनाव निर्विरोध हुआ। चुनाव सतीश रोहिल्ला पीठासीन अधिकारी प्रधानाचार्य केंद्रीय सहकारी प्रशिक्षण संस्थान केंद्र रोहतक कम ऑफ रजिस्टर सहकारी समितियां करनाल बैंक मैनेजर दिनेश चौहान की अध्यक्षता में बैंक मुख्यालय में शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस चुनाव में राजेश तंवर, कंवर सिंह यादव, राजेंद्र कुमार शर्मा, क्रिरोस्ता देवी, दीपक कुमार, लीलाराम, राजबाला, पृथ्वी



चंद, सतीश कुमार, नवल सिंह, निदेशक एवं बंशीलाल उपरजिस्टर सहकारी समितियां भिवानी, सुरेंद्र पाल महाप्रबंधक भिवानी प्रतिनिधि हरको बैंक ने भाग लिया। जहां 10 निवेशकों चुनाव के लिए वोट डालने का अधिकार था, वही दो सरकारी अधिकारियों को भी वोट डालने का अधिकार था। महेंद्रगढ़ जिला भाजपा में गुटबाजी को चलते यह चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ था। इससे पहले भी 14 फरवरी को चुनाव के लिए घोषणा हो गई थी, लेकिन पीठासीन अधिकारी के बीमार होने के कारण यह चुनाव स्थगित कर दिया था। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के निर्देश पर पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा के भाई राजेंद्र शर्मा को बैंक का प्रधान बनने के निर्देश जारी हो चुके थे। इसी के चलते शुक्रवार को नांगल चौधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह के महेंद्रगढ़ आवास पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा, नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव एवं सभी 10 निर्देशकों की आवश्यक बैठक हुई, जिसमें राजेंद्र शर्मा के नाम पर सर्वसम्मति बनी।

वहां से सभी अलग-अलग गाड़ियों में बैठकर कोऑपरेटिव सोसाइटी बैंक में पहुंचे और राजेंद्र शर्मा को निर्विरोध बैंक का प्रधान एवं दीपक को उपप्रधान बनाने की घोषणा हुई। राजेंद्र शर्मा ने निर्विरोध प्रधान चुने जाने के बाद कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह यादव, पूर्व विधायक सीताराम यादव एवं सभी नौ साथी निर्देशकों के सहयोग के कारण मुझे कोऑपरेटिव बैंक का प्रधान बनाकर सेवा करने का अवसर मिला हैं।

# जीवनवाहिनी गाड़ियों में एक-एक दवा व यंत्रों की रखी जायेगी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले में सड़कों पर दौड़कर** आपातकालीन स्थिति सहित वीवीआईपी व वीआईपी कार्यक्रमों में भेजी जाने वाली जीवनवाहिनी के अंदर मिलने वाली सुविधाओं का एक-एक ब्यौरा गाड़ी में तैनात ईएमटी व चालक को रखना होगा। शनिवार को जिला स्तर पर गठित टीम ने एंबुलेंस गाड़ियों में रखी दवाइयों व यंत्रों को लेकर गाड़ियों की जांच की। निरीक्षण के दौरान गाड़ी पर तैनात कर्मचारियों को एक-एक दवाई के साथ पट्टी व यंत्रों की जानकारी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही गाड़ियों में रखी दवाइयां की अंतिम तिथि तक की जानकारी का ब्यौरा रखने की बात कही। लापरवाही मिलने पर गाड़ी में तैनात कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। बता दें कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूदा समय में 29 जीवन वाहिनी (एम्बुलेंस) शामिल है। जो लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाने का कार्य करती है। ताकि आपातकालीन स्थिति में मरीजों को जल्द से जल्द उपचार उपलब्ध हो सके। उक्त गाड़ियों में रखी जाने वाले सामान व यंत्रों के रखरखाव को बेहतर रखने के लिए जिला स्तर पर उच्च अधिकारियों की तरफ से टीम का गठन किया हुआ है। गठित टीम ने डॉ. मंजीत राठी व डा?. प्रवीण के नेतृत्व में शनिवार को गाड़ियों को चेक किया। गाड़ियों के अंदर रखी दवाइयां व यंत्रों को जरूरत के हिसाब से जानकारी रखते हुए उनके स्थान पर रखा गया। ताकि जरूरत पड़ने पर उक्त दवाई व यंत्र का इस्तेमाल किया जा सके।

**पेट्रो कार्ड की नहीं मिली अनुमति, परिसर में खड़ी है गाड़ी**

प्रशासनिक विभाग की तरफ से मिली एंबुलेंस गाड़ी कई महीनों से अस्पताल परिसर में धूल फांक रही है। उक्त गाड़ी के सभी कागजात पूरे है, लेकिन उसमें तेल डलवाने के लिए पेट्रो कार्ड की जरूरत होती है।

# केयू ईसी की ऐतिहासिक बैठक में 52 शिक्षकों की पदोन्नति के खुले लिफाफे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में रविवार को कार्यकारिणी परिषद 285वीं बैठक में पहली बार ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए बजटीड एवं एसएफएस 52 शिक्षकों की पदोन्नति के लिफाफे खोलकर उन्हें मंजूरी प्रदान की गई। इसके साथ ही फाइव-डे-वीक का प्रस्ताव भी आम सहमति से कार्यकारिणी परिषद की बैठक में पास हुआ। बैठक में पहली बार एक साथ 5 सीनियर प्रोफेसर की



नियुक्ति की लिफाफे भी खोले गए। यह जानकारी देते हुए लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विधि विभाग के प्रो. दलीप कुमार, जियोफिजिक्स से प्रो. दिनेश कुमार, प्रबंधन विभाग से प्रो. सुदेश छिकारा, कंप्यूटर साइंस विभाग से प्रो. शुचिता उपाध्याय तथा रसायन विभाग के प्रो. संजीव अरोड़ा को सीनियर प्रोफेसर पद पर नियुक्ति को मंजूरी मिली है। उन्होंने बताया कि केयू इतिहास में पहली बार ईसी में 52 शिक्षकों को एक साथ पदोन्नति देने की मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. हेमलता, डॉ. अर्चना चौधरी, जूलोजी विभाग के डॉ. दीपक राय बब्बर, रसायन विभाग से डॉ. परवीन कुमार, फिजिक्स विभाग से डॉ. सुमन मेहंदिया को सीएएस के तहत प्रोफेसर पद पर नियुक्ति को मंजूरी मिली। इसके साथ ही यूआईईटी (एसएफएस) के डॉ. संजीव आहूजा, डॉ. राजेश अग्निहोत्री, आईआईएचएस (एसएफएस) से डॉ. रेनू मालरा, टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट से डॉ. सुरजीत कुमार व डॉ. अंकुश अम्बरदार, यूआईईटी से डॉ. राम अवतार, डॉ. विजय गर्ग, डॉ. कुलविन्द्र सिंह व डॉ. अजय जांगड़ा को सीएएस एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी प्रदान की गई है। इसके साथ ही बैठक में प्रबंधन अध्ययन संस्थान (एसएफएस) से डॉ. राजन शर्मा, डॉ. जयकिशन चंदेल, फामेसी संस्थान से डॉ. मंजूषा व डॉ. सुखबीर लाल, यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से डॉ. अजय सोलखे, आईआईएचएस से डॉ. सुरेन्द्र कुमार, यूआईईटी से डॉ. रीटा देवी, ललित कला से डॉ. जया दरोदे को एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी मिली।

# विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट से ही करें सम्पर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :शिक्षा या घूमने** के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। यह बात पुलिस अधीक्षक श्री नीतीश अग्रवाल ने वीजा के नाम पर धोखाधड़ी की बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर लोगों को जागरूक करते हुए कही। जिला पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की



अपील की गई है। एसपी नीतीश अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा के काफी लोगों की विदेश जाने की इच्छा होती है। लोगों की इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रैवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों के माध्यम से एजेंट पीड़ितों को अपने झांसे में फंसा लेते हैं। एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं। बहुत से मामलों में ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दूसरे देशों में भेज देते हैं और वहा से जगंलो, समुन्द्री रास्तों, सड़क मार्ग द्वारा पैदल नावों, कन्टेनरों द्वारा गैर कानूनी तरीके से सीमा पार करवाते हैं। इस यात्रा के दौरान बहुत से लोगों की ठण्ड के कारण, जहरीले जानवरों के काटने से, नाव डुबने या कन्टेनर मे दम घुटने से मृत्यु हो जाती है। बहुत से मामलों मे इस प्रकार से विदेश गये लोगों के पासपोर्ट आदि दस्तावेज अपराधियों द्वारा छीन लिए जाते है और उनसे डरा-धमकाकर गलत कार्य करवाये जाते हैं। इसलिए हमें ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से बचकर रहना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### मंडियों व खरीद केंद्रों में की जा चुकी है 03 लाख 91 हजार 109 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**सोनीपत। उपायुक्त डॉ0 मनोज** कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक व खरीद तेज हो गई है। शनिवार देर सांय तक जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में 03 लाख 91 हजार 109 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 03 लाख 91 हजार 109 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 01 लाख 18 हजार 204 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 01 लाख 61 हजार 507 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 82 हजार 919 मीट्रिक टन और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा 12 हजार 984 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केन्द्र पर 3995 मीट्रिक टन, भैंसवाल खरीद केंद्र पर 4680 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केन्द्र पर 1244 मीट्रिक टन, दातौली खरीद केन्द्र पर 5170 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केन्द्र पर 11380 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 32322 मीट्रिक टन, गोहाना मण्डी में 123111 मीट्रिक टन, हुल्लाहेड़ी खरीद केन्द्र पर 1725 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केन्द पर 9975 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केन्द्र पर 8918 मीट्रिक टन, खानपुर खरीद केन्द्र पर 8460 मीट्रिक टन, खरखौदा मण्डी में 56965 मीट्रिक टन, मोहाना खरीद केन्द्र पर 11259 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केन्द्र पर 8525 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केन्द्र पर 9058 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केन्द्र पर 8515 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केन्द्र पर 8219 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 8000 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 12535 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केन्द्र पर 10122 मीट्रिक टन तथा सोनीपत मण्डी में 31426 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। उपायुक्त ने बताया कि 03 लाख 91 हजार 109 मीट्रिक टन गेहूं को 30 हजार 608 किसान लेकर आए हैं और गेहूं की खरीद 2425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई है।

### सेक्टर 7 वासियों ने बैंड- बाजे के साथ निकाली भगवान श्री परशुराम की शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : आज भगवान** परशुराम सेवा समिति सेक्टर -7 के सौजन्य से भगवान परशुराम की शोभा यात्रा गाजे- बाजे के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा निकालने से पहल गाँव कश्मीर मे हुए शहीदों को श्रृद्धांजलि दी गई जिसमें सेक्टर -7 के सर्व समाज ने हिस्सा लिया और भगवान श्री परशुराम के जीवन से प्रेरणा ली कि हिंसा करना और हिंसा सहना दोनों पाप है। शोभा यात्रा सेक्टर -7 के शिव शक्ति मंदिर से निकाली गई। शंख गाड़ियाल बजाते हुए नारी शक्ति व समाज के साथ रथ यात्रा निकली।इस अवसर पर कार्यकारिणी के सदस्य अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, वाई पी शर्मा, डॉ सुशील शर्मा, डॉ सुरेश शर्मा, रामदत्त शर्मा, ब्रह्मप्रकाश शर्मा, राजेश भारद्वाज, डॉ संजीव शर्मा, जयपाल शर्मा, डॉ ओमप्रकाश शर्मा व पंडित कुलदीप शर्मा, गुरुदत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मन की बात कार्यक्रम के 121वें एपिसोड को सुना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। विधायक जगमोहन** आनंद ने निजी वाहन से यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 121वें एपिसोड को सुना। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश के सभी वर्गों को प्रेरणा देने वाला कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश के युवाओं को प्रेरित करते हैं, प्रगतिशील किसानों के प्रयासों की सराहना करते हैं और विज्ञान व अन्य क्षेत्रों में देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने वाले हर उस प्रयास को भी देश के सामने रखते हैं, जिससे देश अपरिचित होता है।

# मूर्ति स्थापना समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**सनातन धर्म रघुनाथ** मंदिर मॉडल टाउन समालखा में श्री श्री 1008 हरमिलापी महाराज व श्री श्री 1008 शील बहन महाराज की छत्रछाया में श्री श्री 108 मदन मोहन हरमिलापी जी महाराज की अध्यक्षता में मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया गया, जिसका आज विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया , इस अवसर पर अंबाला शहर के अनंत प्रेम मंदिर की अध्यक्षा परम पूज्य श्री श्री 108 गीता बहन महाराज ने रघुनाथ मंदिर मॉडल टाउन समालखा में में सत्संग कीर्तन किया जानकारी देते हुए रघुनाथ मंदिर सभा के अध्यक्ष प्रदुमन



गुल्याणी व श्री हरमिलाप धर्मार्थ सभा के अध्यक्ष श्याम पटेला ने बताया कि रघुनाथ मंदिर मॉडल टाउन समालखा में तीन दिवसीय मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें गीता बहन ने कहा कि भगवान राम भी ऋषि मुनियों का सम्मान करते थे, जब वह वनवास के लिए जंगल में गए तो उन्होंने वहां पर ऋषि मुनियों से जंगल में रहने के लिए आज्ञा मांगी, उन्होंने कहा कि ऋषि मुनियों को मेरी वजह से किसी तरह का कष्ट ना हो, लेकिन वाल्मीकि महाराज ने भगवान राम के इस सुंदर आचरण पर कहा कि आप तो सर्व व्यापक हैं, निराकार रूप से सर्वत्र हैं, उन्होंने वाल्मीकि की भी कथा सुनाई उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जी कहते थे व्यक्ति कई तरह से भगवान का नाम सिमरन कर सकता है भगवान जी के चरणों में ध्यान लगाया जाता है, वाणी से भगवान का नाम लिया जाता है, कानों से भगवान का श्रवण किया जाता है, मनुष्य को अपने कान समुद्र की तरह विशाल रखना चाहिए, जिस तरह समुद्र किसी भी नदी को जल डालने से मना नहीं करते, उसी तरह कान विशाल रखना चाहिए, कान भी मधुर कथा को सुनते हैं भगवान जी की कथा को सुनते हैं और भागवत कथा जितनी भी सुनाई जाए कान ग्रहण करते हैं।

# गुरुद्वारा की धर्मशाला के लिए दी गई राशि के लिए सीएम का धन्यवाद किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला /नारायणगढ़: मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी व उनकी धर्मपत्नी एवं हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी का गुरुद्वारा रातगढ़ साहिब की प्रबंधक कमेटी ने गुरुद्वारा रातगढ़ साहिब की धर्मशाला के लिए दिये गये 11 लाख रुपए के लिए मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में जाकर धन्यवाद किया। सरदार कुलदीप सिंह दीपी ने बताया कि इससे पहले भी लगभग



42 लाख रुपए गुरुद्वारा साहिब की बिल्डिंग के लिए मुख्यमंत्री दे चुके है। इस अवसर पर सचिव गुर्जेन्ट सिंह, कुलदीप सिंह, भगत सिंह, लाल सिंह, हर्जिन्द्र सिंह, हरिन्द्र सिंह, जग्गी सिंह, पृथ्वी सिंह, जसपाल सिंह गुरमीत सिंह, बलविंद्र सिंह मौजूद रहे और सीएम का धन्यवाद किया।

# पहलगाम आतंकी हमलाः आपसी सौहार्द और शांति बनाकर रखें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा** सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना बेहद दुखद एवं दर्दनाक है। उन्होंने समस्त जिलावासियों से अपील की है कि सभी आमजन आपसी सौहार्द और शांति बनाकर रखें। कोई भी व्यक्ति किसी भी ऐसी घटना में शामिल न हों, जिससे जिला में कानून व्यवस्था बिगड़े और कोई आपात स्थिति पैदा हो। उपायुक्त नेहा सिंह ने आमजन से यह भी अपील की है कि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम व अन्य किसी सोशल अकाउंट पर किसी तरह का भड़काऊ



कंटेंट पोस्ट न करें। इसके साथ-साथ इस तरह के किसी कंटेंट को शेयर भी मत करें। पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा इस तरह की भड़काऊ पोस्ट व अन्य गतिविधियों पर निरंतर नजर रखी जा रही है।

# बुजुर्गों से जीवन में आगे बढ़ाने की मिलती है प्रेरणाः एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: बुजुर्ग हमारे प्रेरणा** स्रोत हैं तथा हमारे शहर की अमूल्य धरोहर होते हैं। घर में जो हमारे बुजुर्ग होते है वे बड़े कीमती होते है उनसे बड़ी कोई चीज नहीं होती , यह अभिव्यक्ति एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार ने सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल सैक्टर-7 अम्बाला शहर द्वारा सामुदायिक भवन सैक्टर 7 में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि कहीं। इस मौके पर वशिष्ठ अतिथि के तौर पर मेयर शैलजा सचदेवा ने शिरकत की। सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर उनका यहां पर पहुंचने पर भव्य



अभिनंदन भी किया। एसडीएम दर्शन कुमार ने इस मौके पर कहा कि बुजुर्ग हमारे प्रेरणा स्त्रोत होते है। उनके जीवन रूपी अनुभव को अपने जीवन में उतारकर हमें आगे बढ़ना चाहिए। हमें अपने बच्चों को बुजुर्गों का आदर मान सम्मान बारे प्रेरित करते हुए उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी करना चाहिए। एसडीएम ने इस मौके पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल सैक्टर-7 अम्बाला शहर द्वारा सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा भी की और कहा कि और संस्थाओं को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने पर उन्हें बहुत खुशी मिली है तथा बुजुर्गों का आशीर्वाद पाकर वह अपने आपको गौरवांवित भी महसूस करते हैं। सभी बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी झलकती रहें, वे स्वस्थ रहे ऐसी प्रभु से कामना करते हैं। इस मौके पर मेयर शैलजा सचदेवा ने भी उपस्थित सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि आज कार्यक्रम में आकर उन्हें ऐसा महसूस हुआ है कि वे अपने ही परिवार में बैठे है। बुजुर्ग अपने आप मे एक संस्था है, अनुभवों का खजाना है, हमें इनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए, अपनी युवा पीढ़ी को बुजुर्गों के संघर्ष व कहानी के माध्यम से तथा उनके जीवन रूपी अनुभव को अपने जीवन में उतारकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए।

# मेंटर-मेंटी व अभिभावक-शिक्षक मीटिंग आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/शहजादपुर: राजकीय** महिला महाविद्यालय, शहजादपुर में प्राचार्या डॉ. उमेश भारती की अध्यक्षता में मेंटर-मेंटी मीटिंग और अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना तथा अभिभावकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना था । मेंटर-मेंटी मीटिंग में छात्राओं और उनके मेंटर्स के बीच सकारात्मक संवाद हुआ। प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने इस अवसर पर छात्राओं को उनके करियर लक्ष्यों और



चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित किया। मेंटर्स ने छात्राओं को समय प्रबंधन, अध्ययन की तकनीकों और व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मीटिंग में छात्राओं ने अपनी समस्याओं को साझा किया और मेंटर्स से उपयोगी सुझाव प्राप्त किए । अभिभावक-शिक्षक बैठक में अभिभावकों ने अपनी बेटियों की प्रगति, उपस्थिति और शैक्षणिक प्रदर्शन पर शिक्षकों के साथ चर्चा की। प्राचार्या ने अभिभावकों को महाविद्यालय की गतिविधियों, सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से नियमित रूप से अपनी बेटियों की प्रगति पर नजर रखने और उनके समग्र विकास में सहयोग करने का आग्रह किया। शिक्षकों ने अभिभावकों को उनकी बेटियों की ताकत और सुधार के क्षेत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्राचार्या डॉ उमेश भारती ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल छात्राओं को शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों के साथ समाज में योगदान देने के लिए तैयार करना है।

# यूनिवर्सिटी के दुकानदारों, अग्रवाल समाज व मैसी सदस्यों ने बंद रखी दुकानें

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र : पहलगाम आतंकी** हमले को लेकर पूरे देश की भांति कुरुक्षेत्र में भी सामाजिक संगठनों, व्यवसायियों एवं दुकानदारों में भारी गुस्सा है। शनिवार को अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा एवं मैसी के सदस्यों सहित कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी मार्किट के दुकानदारों ने भी कुरुक्षेत्र के अन्य बाजारों की भांति दोपहर तक दुकानें बंद रखी। साथ ही मारे लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की व श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी मार्किट के प्रधान अजय गुप्ता ने बताया कि सभी दुकानें बंद रही।

उन्हें विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी सहयोग किया। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी मार्किट में गिरीश मेहता, राम कुमार, कृष्ण वर्मा, सुनील कुमार, रजनीश चुघ, संजय वधवा, प्रवीण कुमार, विक्रम वधवा, दीपक कुमार, महावीर मित्तल सहित अन्य दुकानदारों का सहयोग रहा। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला, लोकसभा महासचिव अजय गुप्ता, महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना के प्रधान मुनीश मित्तल, कपिल मित्तल, संजीव गर्ग, प्रमोद बंसल, बीबी जिंदल, अशोक गर्ग, जंग बहादुर सिंगला, विजय गर्ग, नरेश सिंगला इत्यादि ने कहा कि पूरा देश दुखी और गुस्से में है। पहलगाम आतंकी हमले में खोए हर जीवन का हिसाब लिया जाना चाहिए।

# महिलाओं को सुरक्षा के मद्देनजर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/नारायणगढ़: पुलिस** विभाग की दुर्गा शक्ति वूमैन नारायणगढ़ एवं सेफ सीटी टीम टू नारायणगढ़ (अम्बाला) द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय रायपुर बीरान नारायणगढ़ में जाकर बच्चों एवं छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा के मध्यनजर जागरूक किया जा रहा है। हैड कांस्टेबल एवं इंचार्ज दुर्गा शक्ति वूमैन नारायणगढ़ एवं सेफ सीटी टीम टू नारायणगढ़ अंजू रानी ने बताया कि डायल 112 और दुर्गा शक्ति एप तथा महिला सुरक्षा के मध्यनजर ट्रीप मोनिटरिंग/यात्रा निगरानी आई टी एक्ट व



महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर स्टाफ को दुर्गा शक्ति एप को उनके मोबाइल में डाउन लोड करवाकर उसकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। इस टीम का नेतृत्व कर रही हैड कांस्टेबल अंजू रानी ने हेल्पलाइन नम्बर 112, दुर्गा शक्ति एप, पॉक्सो एक्ट, गुड टच/बैड टच, साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा, ट्रिप मॉनिटरिंग और नये आपराधिक कानूनों तथा सोशल मीडिया के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पॉक्सो एक्ट 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ किसी भी प्रकार से सैक्सुअल शोषण करने वाले व्यक्ति पर इस एक्ट के तहत कार्यवाही की जाती है। इस कानून के माध्यम से नाबालिग बच्चों के साथ होने वाले यौन उत्पीडन, यौन शोषण, पोर्नोग्राफी और छेड़छाड़ के मामलों को रोकने के लिए किया गया है। इस कानून के द्वारा अलग-अलग अपराधों के लिए अलग सजा का प्रावधान है। उन्होंने बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कौन सा स्पर्श ठीक है और कौन सा नहीं, यह बताया, अगर कोई बैड टच करता है तो मदद मांगे, किसी से डरने की जरूरत नहीं है। इस बारे में अपने किसी भरोसे मंद व्यक्ति या माता-पिता को बताये।


उन्होने 112 हेल्पलाइन नंबर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सेवा 24&7 उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस, एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड की सहायता तुरंत प्राप्त की जा सकती है।

हेल्पलाइन नम्बर 1098 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक राष्ट्रीय आपातकालीन टोल-फ्री फोन सेवा है, यह सेवा 24 घण्टे उपलब्ध रहती है। इस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले बच्चों को मदद मिलती है।

# वर्ष 2025-26 के लिए इन्वेस्टर सेरेमनी का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**आशा दीप आदर्श हाई स्कूल** करहंस में वर्ष 2025-26 के लिए इन्वेस्टर सेरेमनी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य महेंद्र सिंह शास्त्री ने की। विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को बैच व स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया गया । प्राचार्य ने बताया कि इन्वेस्टर सेरेमनी एक महत्वपूर्ण अवसर है। जहां नव निर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को कुछ भूमिकाएं और जिम्मेदारियां



सौंपी जाती हैं। जिम्मेदारी का पदनाम और प्रतिनिधियों को अधिकार देना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन्हें एक ही समय में शक्तिशाली और देखभाल करने का आजीवन कौशल सिखाता है। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए सलामी दी। परिषद के नए पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

# नरेलाः प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने किया मीडिया सेमिनार का आयोजन

## कार्यक्रम के दौरान विश्व शांति और एकता में मीडिया की भूमिका पर हुई विशेष रूप से चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः प्रजापिता ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने रविवार को 'विश्व शांति एवं एकता हेतु मीडिया व अध्यात्मिकता की भूमिका' विषय पर नरेला के संजय कालोनी में एक विचारोत्तेजक सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार में मीडिया और आध्यात्मिकता के क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और विश्व शांति के लिए सकारात्मक मीडिया की भूमिका पर गहन चर्चा की। सेमिनार का आयोजन ब्रह्माकुमारीज मीडिया प्रभाग (आर.ई.एफ.) द्वारा किया गया। जिसमें नरेला के स्थानीय निवासियों और मीडिया से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद ब्रह्माकुमारीज नरेला पाना उद्यान केंद्र की प्रभारी बी.के. गीता बहन ने सभी अतिथियों और मीडिया से जुड़े लोगों का पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह देकर हार्दिक स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम में राजयोग का अभ्यास करने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन जीत लिया। उनकी ऊर्जा और उत्साह ने समारोह में चार चांद लगा दिए। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री व विशिष्ट अतिथियों में ओम शांति




मीडिया के संपादक राजयोगी बी.के. डॉ. गंगाधर, राष्ट्रीय प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी ब्रह्मकुमारी संस्था बीके सुशांत, राजयोगिनी बीके सुनीता दीदी मौजूद रहे। प्रोफेसर डॉ. प्रदीप माथुर ने अपनी प्रेरणादायी बातें साझा कीं। उन्होंने कहा कि मीडिया आज समाज का दर्पण है। यदि हम विश्व में शांति और एकता लाना चाहते हैं, तो मीडिया को सकारात्मकता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना होगा। आध्यात्मिकता के साथ जुड़कर ही हम एक बेहतर समाज का निर्माण



कर सकते हैं। इसके अलावा, प्रोफेसर प्रदीप माथुर ने मीडिया में न्यूज की सत्यता और विश्वसनीयता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'मीडिया को सत्य और निष्पक्षता के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि समाज में विश्वास और एकता बनी रहे। ब्रह्माकुमारी संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी बी.के. सुशांत ने मीडिया की वर्तमान स्थिति, उसकी चुनौतियों, और आध्यात्मिकता के साथ उसके समन्वय पर गहन विचार-विमर्श किया। बी.के. सुशांत ने कहा, आध्यात्मिकता और राजयोग के अभ्यास से पत्रकारों को मानसिक शांति और संतुलन मिल सकता है, जो उन्हें सकारात्मक और प्रभावशाली खबरें प्रस्तुत करने में मदद करेगा। प्रोफेसर माथुर ने इस बात पर जोर दिया कि मीडिया को सनसनीखेज खबरों के बजाय ऐसी खबरें प्रकाशित करनी चाहिए जो समाज को प्रेरित करें। दिल्ली मंडल की केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी.के. सुनीता बहन ने भी अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा कि आज के समय में विश्व में अशांति और तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में मीडिया और आध्यात्मिकता का संगम विश्व शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। राजयोग के अभ्यास से हम अपने मन को शांत और सकारात्मक बना सकते हैं, जो हमें बेहतर निर्णय लेने में मदद करता है। सेमिनार में शामिल प्रतिभागियों ने इस आयोजन की सराहना की। एक स्वतंत्र पत्रकार ने कहा कि यह सेमिनार हमारे लिए बहुत प्रेरणादायी रहा। हमने यहाँ से यह सीखा कि कैसे आध्यात्मिकता के साथ जुड़कर हम अपनी पत्रकारिता को और सकारात्मक बना सकते हैं। एक अन्य प्रतिभागी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज का यह प्रयास सराहनीय है। यह हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाता है। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पहलगाम में हुई घटना के विरोध में मॉडल टाउन में निकाला गया कैंडल मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः कश्मीर के** पहलगाम में पाकिस्तानी आंतकवादियों द्वारा हिन्दुओं की पहचान करके जो 28 निर्दोषों की निर्मम हत्या की गई है। उसके विरोध में मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा, फेडरेशन ऑफ मॉडल टाउन रेजिडेंस एसोसिएशन व मॉडल टाउन युवा मंडल के द्वारा सामूहिक रूप से विराट विरोध प्रदर्शन, मार्च व मशाल जुलूस का आयोजन मॉडल टाउन में किया गया।

इस मौके पर मॉडल टाउन क्षेत्र से विधायक अशोक गोयल



देवराहा ने भी कार्यक्रम में भागीदारी दी।

इस मौके पर मॉडल टाउन के प्रसिद्ध समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि इस कैंडल मार्च में करीब 200 लोगों ने भागीदारी कर पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार एक्शन लेने हेतु आवाज उठाई व भारत के प्रधानमंत्री मोदी से निवेदन



किया की पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्यवाही करें।

इस मौके पर सुभाष तायल, राजेश गुप्ता, समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता, बृजमोहन गोटे वाले, प्रवीन कांत, सतीश गोयल, विकास बंसल, विनोद गुप्ता, चन्दर, प्रबोध मल्होत्रा व अन्य सैंकड़ो नागरिक उपस्थित रहे।



दिल्ली के काठिया बाबा आश्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गुरूओं से आशीर्वाद लेते हुए भाजपा नेता धर्मवीर यादव व अन्य गणमान्य लोग।

# वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के निमड़ी कॉलोनी में राशन वितरण व भंडारे का हुआ आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के** वजीरपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाले निमड़ी कॉलोनी इलाके में अमावसा के अवसर पर राशन वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन योग शक्ति संस्थान के द्वारा किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने शिरकत की और लोगों में राशन व भंडारे का वितरण भी किया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि आज बड़े ही पुण्य का कार्य किया जा रहा है, इस प्रकार के कार्य सभी को करने चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को इस प्रकार के पुण्य के कार्य आयोजित करने चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि मैं आयोजको का इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद भी करती हूं। इस मौके पर अनीता, सुमन सहित कई महिलाएं व कई लोग मौजूद रहे।

# फर्जी रेड डालने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने दबोचा

**नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की** क्राइम ब्रांच ने लिफ्ट और एस्केलेटर कारोबारी के यहां फर्जी रेड डालकर डकैती डालने के मामले में फरार चल रहे आयकर विभाग के कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान दीपक कश्यप के रूप में हुई है। आरोपी आयकर विभाग में निजी सचिव के पद पर तैनात थे। उसने अपने पद और सूचना का गलत फायदा उठाकर कारोबारी को फर्जी रेड का निशाना बनाया। इस दौरान उसके परिवार को बंधक बनाकर वसूली की। जनकपुरी थाने में इस संबंध में मामला दर्ज हुआ। बाद में आरोपी दीपक को गिरफ्तार भी कर लिया गया, लेकिन वह जमानत लेकर फरार हो गया। कोर्ट ने उसकी जमानत रद्द की तो वह कोर्ट की कार्रवाई से बचता रहा। बाद में उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपित को एक गुप्त सूचना के आधार पर उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके से गिरफ्तार किया। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि जनकपुरी इलाके में लिफ्ट और एस्केलेटर निर्माण करने वाली कंपनी के मालिक ने जनकपुरी थाने में एक अगस्त 2023 को एक शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि उनके पास पत्नी का कॉल आया और उसने बताया कि कुछ लोग घर में जबरन दाखिल हो गए हैं।

# 'मौहल्ला क्लीनिकों का नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर की जगह अम्बेडकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रखा जायें'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि मौहल्ला क्लीनिक का नाम बदल कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रखने से क्या दिल्ली वालों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सकती है। खस्ताहल 533 मौहल्ला क्लीनिक की जगह एक साल में 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का लक्ष्य रखना, कहीं रेखा गुप्ता सरकार की अतिश्योक्ति तो नहीं क्योंकि आम आदमी पार्टी 1000 मौहल्ला क्लीनिक खोलने का ढ़ोल पीटती रही और 10 वर्षों में 533 मौहल्ला क्लीनिक ही खोल पाई।



जो मरीजों को इलाज करने की जगह खुद बीमार और बदहाल रहे। मोहल्ला क्लीनिक का भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस मांग करती है कि यदि भाजपा की दिल्ली सरकार लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए मोहल्ला क्लीनिकों की हालत सुधार कर उन्हें गरीब लोगों के इलाज के लायक बनाना ही चाहती है तो आयुष्मान आरोग्य मंदिर की जगह इनका नाम डा. अम्बेडकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रखना चाहिए। क्योंकि डा. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में देश के हर वर्ग के अधिकारों विशेषता गरीब, वंचित और समाज में निचली रेखा के लोगों को समानता का अधिकार देने के अवसर प्रदान किए थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस के शासन के दौरान दिल्ली सरकार के अधिकृत वर्ष 2013-14 में डिस्पेंसरी 450 थी, जिनमें एलोपैथिक, मोबाइल हेल्थ क्लीनिक, स्कूल हेल्थ स्कीम शामिल थी जिनको आम आदमी पार्टी ने बंद करके मोहल्ला क्लीनिक खोल दिए। 2022-23 में घटकर 228 रह गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का मकसद हर गरीब का सही इलाज करना था, लेकिन भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार आम आदमी पार्टी की तरह सिर्फ नाम बदलकर अपनी मोहर लगाने की राजनीति कर रही है, इन्हें मरीजों के इलाज की सुनिश्चितता से कोई सरोकार नहीं है।

# एक मई को भाकियू भानू दिल्ली प्रदेश निकालेगा कैंडल मार्चः राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भारतीय** किसान यूनियन भानू दिल्ली प्रदेश के प्रमुख महासचिव संजय राघव ने जानकारी देते हुए बताया कि पहलगाम में हुई दुखद घटना को लेकर संगठन के द्वारा जन आक्रोश कैंडल मार्च 1 मई 2025 शाम 6:00 बजे निकाला जा रहा है।

जिसमें समस्त दिल्ली प्रदेश के भारतीय किसान यूनियन भानू के सिपाही चाहे, वह किसी भी मोर्चा में हो और मंडल में सभी समय से पहुंचने। श्री राघव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कैंडल मार्च एक मई को शाम 6:00 बजे एच



ब्लॉक डिस्पेंसरी जहांगीरपुरी से शुरू होगा और महिंद्रा पार्क से होते हुई अग्रवाल चौक से सीधा आदर्श नगर सौ नम्बर बस स्टॉप से होते हुए आदर्श नगर के सुभाष पार्क शहीद भगत सिंह की प्रतिमा जाना तय हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन भानू इस घटना की निंदा करता है।

# शिक्षा का हमारे जीवन में है विशेष महत्व, इसलिए सभी शिक्षित बनेंः खन्ना ढ़िकोलिया









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के शाह** ऑडिटोरियम में बहादुरगढ़ हरियाणा की तरफ से दिल्ली में पहली बार एक ऐतिहासिक और एक बड़ा ढोल कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें पहली बार सोने व चांदी के मेडल देकर विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। उक्त जानकारी ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने दी। उन्होंने आगे बताया कि यह कार्यक्रम उस्ताद अशोक ढिकोलिया ने अपने उस्ताद व खलीफाओं की याद में करवाया। इस कार्यक्रम में ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट की भी अहम भूमिका रही। खन्ना ढिकोलिया ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि कार्यक्रम के दौरान बड़ो और गुरुओं को याद भी किया गया और प्रथम और द्वितीय प्राईज के रूप में सोने व चांदी का मेडल देकर सम्मानित किया। इस शुभ अवसर पर बिल्लू, सूरज, ओम दत्त, राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार, विक्रम, खुर्शीद भाई, सलमानी, राजू ढिकोलिया, रामचंद्र ढिकोलिया, अनिल कुमार, संजय मेहरौलिया, नरेश कीर, अनिल ढिल्लौर, जगदीश खेरालिया, दिनेश लोधी, कुलदीप अशोक मौजूद रहे। इस दौरान जितने भी दिल्ली और दिल्ली से बाहर से आए हुए ढोल बाजी के जो भी खलीफा थे उनको मां सरस्वती का मोमेंटो देकर व फूल माला और पगड़ी पहनाकर कर सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि बड़ा ही अच्छा कार्यक्रम आज आयोजित किया गया है, यहां पर मौजूद सभी सम्मानित लोगों का मैं तहेदिल से धन्यवाद करता हूं कि आप सभी ने अपना कीमती समय निकाला और इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चाहे ढ़ोलबाजी हो या कोई भी कला हो, यह सब हमारी संस्कृति से जुड़ी हुई है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवश्य ही अवगत कराये, जिससे की बच्चे भारतीय संस्कृति के बारे में जान सके। उन्होंने आगे बताया कि हमारे जीवन में शिक्षा का भी विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में आतंकवाद और उनके आकाओं को दिया कड़ा संदेश: उषा बिरला

**मन की बात**

**जो आक्रोश भारत के लोगों में है वही आक्रोश आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया में भी है**



जो आक्रोश भारत के लोगों में है वही आक्रोश आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया में भी है

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने कार्यक्रम की शुरूआत में ही पीएम मोदी ने पहलगाम हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए इस हमले से मन में गहरी पीड़ा है। पीएम मोदी ने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा उषा बिरला ने कहा कि पीएम ने कहा कि हमारे देश के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में भी है।

इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सबने कड़ी निंदा की। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमले के पीड़ितों को न्याय मिलेगा। पहलगाम हमले का किया जिक्र पीएम ने कहा, 'पहलगाम में हुआ ये हमला, आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता है, उनकी कायरता को दिखाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में एक वाइब्रेंसी थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी। देश के दुश्मनों को, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। उन्होंने कहा कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। भाजपा नेत्री उषा बिरला ने कहा प्रधामंत्री मोदी ने मन की बात में पूर्व ढ्ढस्क्रह्र के डॉक्टर कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि दी प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा कि भारत के युवाओं ने दुनिया का नजरिया बदला भाजपा नेत्री ने कहा कि कुछ और अहम बातों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में जिक्र किया* स्पेस सेक्टर को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया गया है * म्यांमार के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया * अफ्रीका के बीमार बच्चों का भारत में होगा इलाज * मोबाइल एप सचेत आपदा से निपटने के लिए होगी मददगार* 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की होगी शुरूआत * प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के बागलकोट के रहने वाले श्री शैल तेली जी मैदान में सेब उगाने की तारीफ की और खेती के नए प्रयोगों को सराहा * प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में 1917 के चंपारण सत्याग्रह को याद किया उषा बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस तरह मन की बात के जरिए देशवासियों के साथ इन अहम बातों का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि एक ओर हमारा देश जहां विकास और अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ रहा है और जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना है हम उसकी ओर भी अग्रसर हो रहे है

# पांच बार के सांसद को कोई जिम्मेवारी न देकर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने किया जनता से छल: संदीप सांख्यान

**प्रतिक्रिया**

**केंद्र की मोदी सरकार ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ छल किया है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने बिलासपुर में अनुराग सिंह ठाकुर के दौरे पर अपने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ छल किया है, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनावों में भाजपा के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को पांचवी बार सांसद बनाकर भेजा था तथा उम्मीद थी कि इस बार केंद्र सरकार में अनुराग ठाकुर का कद और ऊंचा होगा तथा उन्हें कोई बड़ा मंत्रालय मिलेगा। लेकिन केंद्र की एनडीए सरकार ने इस लोकसभा क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और सांसद महोदय को कोई मंत्रालय न देकर भद्दा मजाक किया है। उन्होंने कहा कि अब सांसद का काम केवल दिशा आदि जैसी जिलास्तरीय बैठकों की समीक्षा करना ही रह गया है। इससे ज्यादा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पांच बार के सांसद का काम विपक्ष को गाली देना या टारगेट करने का दिया गया है। संदीप सांख्यान ने कहा कि बीबीसीआई के अध्यक्ष रहने के साथ भारत सरकार में खेल मंत्री का पदभार संभालने वाले हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद से आखिर क्या गलती हुई कि इनके पर पूरी तरह से काट दिए गए। 17 विधानसभा क्षेत्रों की जनता भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और पीएम से यह जबाव मांगती है कि आखिर किन कारणों से इन्हें ठंडी छांव में बिठाया गया है। उन्होंने कहा कि एक सांसद से हर विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में बहुत ज्यादा आस होती है लेकिन इस लोकसभा क्षेत्र के साथ छल किया गया है। पहले तो बहलाया गया कि अनुराग ठाकुर को बड़ी जिम्मेवारी मिलने वाली है लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद इस लोक सभा क्षेत्र के लोग स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। संदीप सांख्यान ने कहा कि हालांकि जनता भी इस बात से वाकिफ है कि डोमेस्टिक पॉलिटिक्स के कारण पुराने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं।

लेकिन इसमें जनता का क्या दोष है। वहीं सांसद अनुराग ठाकुर की कुछ न बोल पाना उनकी राजनीतिक मजबूरी हो सकती है।

**न्यूज फ्लैश**

## राज्य सरकार ने चिकित्सा विशेषज्ञों के स्टाइपंड में 170 प्रतिशत तक की वृद्धि की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** राज्य सरकार ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और विशेषज्ञ चिकित्सकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक तकनीकों के उपयोग और चिकित्सा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के साथ-साथ, सरकार ने वरिष्ठ रेजिडेंट, विशेषज्ञ और सुपर स्पेशलिस्ट के स्टाइपंड में बढ़ोतरी की घोषणा की है। राज्य सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए, चिकित्सा विशेषज्ञों के मासिक स्टाइपंड में 50 से 170 प्रतिशत की वृद्धि की है। वरिष्ठ रेजिडेंट और ट्यूटर स्पेशलिस्ट के लिए स्टाइपंड 60,000-65,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है, जबकि सुपर स्पेशलिस्ट और वरिष्ठ रेजिडेंट (सुपर स्पेशलिस्ट) के लिए स्टाइपंड 60,000-65,000 से बढ़ाकर 1.30 लाख रुपये तक कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश में छह मेडिकल कॉलेज और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल हैं। आईजीएमसी शिमला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा जैसे संस्थान पोस्टग्रेजुएट सुपर स्पेशलिस्ट और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के सहयोग से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। हालांकि, राज्य के मेडिकल कॉलेजों में स्वीकृत 751 पदों में से, वर्तमान में केवल 375 ही भरे हुए हैं, 376 विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद रिक्त हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इस चुनौती की गंभीरता को समझते हुए, वर्तमान राज्य सरकार ने निर्णायक कदम उठाए हैं, जो पूर्व सरकार नहीं उठा सकी। बढ़ाए गए स्टाइपंड से कुशल चिकित्सा पेशेवरों के लिए सरकारी सेवा को और अधिक आकर्षक बनाने की उम्मीद है, जिससे इस महत्वपूर्ण अंतर को मिटाने और सभी स्तरों पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। राज्य में चिकित्सा विशेषज्ञों को आकर्षित करने के एक अन्य कदम में, अध्ययन अवकाश पर गए चिकित्सकों को पूरा वेतन मिलेगा, जिससे उनके पेशेवर विकास को और बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार डॉक्टर-नर्स-रोगी अनुपात के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों को लागू करने के लिए कार्य कर रही है और इन मानदंडों को पूरा करने के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है, जिससे राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, हर वर्ष लगभग 9.5 लाख मरीज इलाज के लिए हिमाचल प्रदेश से बाहर जाते हैं, जिससे राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को 1350 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान होता है। अगर राज्य के भीतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं तो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का वार्षिक 550 करोड़ रुपये बचाया जा सकता है, साथ ही मरीजों का बहुमूल्य समय भी बचेगा।

## रद्द हो प्राथमिक शिक्षक संघ के नेताओं के निलंबन आदेश: सुरेंद्र पुंडीर

**नाहन/टीम एक्शन इंडिया**

हिमाचल प्रदेश नई पेंशन योजना कर्मचारी संघ तथा हिमाचल प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ जिला सिरमौर के अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर ने चोड़ा मैदान शिमला में प्राथमिक शिक्षकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के नेताओं के निलंबन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस प्रकार की सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं तथा इससे कर्मचारियों तथा सरकार के मध्य टकराव की स्थिति उत्पन्न होगी जो प्रदेश की जनता मुख्यत विद्यार्थियों के हित में नहीं हैं।

संघ अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर ने कहा कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में सभी को अपनी मांग रखने की आजादी मिलनी चाहिए। कर्मचारियों द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन की यह अभूतपूर्व घटना नहीं हैं पूर्व में भी कर्मचारी संगठनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला तथा राज्य स्तर पर प्रदर्शन किए है ।

संघ अध्यक्ष ने शिक्षा मंत्री महोदय से निवेदन किया कि वह इस विषय में हस्तक्षेप कर इस निलंबन को रद्द करवाए तथा प्राथमिक शिक्षक संघ से वार्ता कर उनकी मांग का न्यायोचित समाधान करे।

# सिरमौर के केएल जुनेजा चंडीगढ़ में चाणक्य अवार्ड से सम्मानित



**नाहन/टीम एक्शन इंडिया**

हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की उपतहसील नारग के अजगा गांव निवासी के केएल जुनेजा को समिट इंडिया ट्रस्ट को चंडीगढ़ में चाणक्य अवार्ड से सम्मानित किया। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने उन्हें इस अवार्ड से हाल ही में नवाजा। चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड सेरामनी के दौरान यह सम्मान मिला। इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया व हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले करीब 150 लोगों को नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड देकर सम्मानित किया। इंजीनियर केएल जुनेजा दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से अधीक्षण अभियंता के पद से सेवानिवृत हुए हैं।

# कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण हर वर्ग त्रस्त: सुभाष ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर:** भाजपा सदर मंडल के उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने आरोप लगाया कि इस प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण समाज का हर वर्ग त्रस्त है। आलम यह है कि जहां सरकारी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने प्रदर्शन पर बैठे हैं वहीं आम आदमी को भी सरकार केवल करदाता ही मानती है जबकि सुविधाओं के नाम पर सरकार के पास कुछ शेष नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आर्थिक कुव्यवस्था के कारण आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। मुख्यमंत्री जैसे कैसे अपना समय काट रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि गर्मियों के मौसम में जहां पानी के लिए हाहाकार मचना शुरू हो गई है वहीं कांग्रेस सरकार के शासनकाल में आम लोगों को सस्ते राशन के डिपो से आधा सामान लेकर ही लौटना पड़ रहा है। कभी डिपुओं में दालों की कमी है तो कभी तेल नहीं आता और अब चीनी का रोना रोया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तहत पिछले 2 महीनों से चीनी नहीं मिल रही है, जबकि इस महीने से तो दाल उड़द व चना दाल भी मिलना बंद हो गई है। जिससे आम आदमी को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरन दुकानों से राशन खरीदना पड़ रहा है। जिससे सरकार की यह सस्ते राशन की सुविधा सफेद हाथी साबित हो रही है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों को सस्ता राशन उपलब्ध करवाने के लिए दालों व चीनी के टेंडर नहीं लगा पाई है। सुभाष ठाकुर ने आरोप लगाया कि मित्रों को लाभान्वित करने के लिए इस सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है, लेकिन जब बात आम आदमी को राहत पहुंचाने की होती है तो यह सरकार पैसे का रोना रो देती है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आने वाले समय में अपने झूठ का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटियों के सहारे सत्तासीन हुई कांग्रेस सरकार से हर वर्ग दुखी हो गया है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ कि 31 मार्च को भी ट्रेजरी बंद रही।

इतना ही नहीं इस सरकार ने डेढ़ साल में एक भी भर्ती सरकारी नौकरी में अधीनस्थ चयन आयोग के माध्यम से नहीं की। चुनावों से पहले इस सरकार ने बेरोजगारों को कई सब्जबाग दिखाए थे।

# पूर्व एसडीएम ने खोल दी सुक्खू सरकार की व्यवस्थाओं की पोल : विश्व चक्षु

**पोल**

**स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश को मुख्यमंत्री सुक्खू नहीं सरकार के आला अधिकारी सरकार को चला रहे हैं**

**धर्मशाला/टीम एक्शन इंडिया**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि धर्मशाला के पूर्व एसडीएम संजीव कुमार भोट द्वारा दिए गए इस ब्यान को लेकर कि "मुझे दूसरा विमल नेगी नहीं बनना है" को लेकर प्रदेश सरकार की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि विमल नेगी की मौत में यह बात सामने आई है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनका मानसिक उत्पीड़न किया गया, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। भाजपा लगातार इस मामले में सीबीआई की जांच की मांग करती आ रही है, परंतु प्रदेश की सुक्खू सरकार इस मामले में पर्दा डालने में लगी हुई है। विश्व चक्षु ने कहा कि अब पूर्व एसडीएम संजीव भोट द्वारा दिए गए ब्यानों से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश को मुख्यमंत्री सुक्खू नहीं सरकार के आला अधिकारी सरकार को चला रहे हैं। इन अधिकारियों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। सरकार के वरिष्ठ अधिकारी निचले तबके के अधिकारियों को मानसिक दबाव में कार्य करने को मजबूर कर रहे हैं। बार-बार तबादला कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। यह कारण है कि धर्मशाला के पूर्व एसडीएम संजीव भोट को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पर मजबूर होना पड़ा है।

## नवभारत युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भावन शर्मा ने ग्रहण की बीजेपी की सदस्यता

**नाहन/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय दीपकमल में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवभारत युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भावन शर्मा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की मौजूदगी में अपने करीब आधा दर्जन सहयोगियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। गौर हो भावन शर्मा अपने समय की तेजतरार भाजपा नेत्री स्वर्गीय सुश्री श्यामा शर्मा के भाई का पोता है।

# घुमारवीं में समाज सेवी संस्था संस्कार सोसायटी का साधारण अधिवेशन संपन्न




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** घुमारवीं की समाज सेवी संस्था संस्कार सोसायटी का साधारण अधिवेशन रविवार को संतोषी माता मन्दिर हारकुकार में आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक महेंद्र धमार्णी ने कहा कि अपनी क्षमता और सामर्थ्य के अनुसार समाज के लिये निरंतर काम करते रहना चाहिए, समाजिक काम करना ही संस्था का ध्योय है। उन्होंने कहा कि 2008 से संस्था निरंतर काम कर रही है और निरंतर आगे बढ़ रही है। संस्था में केवल मेंबरशिप देना ही सब कुछ नही है बल्कि समाज के उथान के लिए सुझाव दे और उन सुझावों को समाज में लागू करना है। बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य, खेल यही संस्था की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अपने गांव में बच्चों के लिये अच्छा माहौल दें ताकि गांव नशा व चिट्टा मुक्त बन सके। संस्था के अध्यक्ष कुन्दन रतवान ने वर्ष 2024 .25 में संस्था द्वारा वर्ष भर की गई गतिविधियों की पूर्ण जानकारी सभी सदस्यों के समक्ष रखी। संस्था के महासचिव डॉ तिलक राज धमार्णी ने पूरे वर्ष के आय वय की जानकारी सबके समक्ष रही और वर्ष 2024.25 में की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर 22 अप्रैल 2025 को जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में जेहादी आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। संस्था की ओर से भारत सरकार से मांग की गई कि इन राष्ट्रविरोधी शक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं निर्णायक कार्रवाई की जाए ताकि देश की संप्रभुता और सुरक्षा अक्षुण बनी रहे। संस्कार सोसाइटी घुमारवीं की जनता से भी आह्वान करती है कि वे सतर्क रहें, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें तथा एकजुट होकर आतंकवाद का विरोध करें।

# दा यूरो डाइट वर्ल्ड स्कूल को मिली भारतीय शिक्षा बोर्ड की मान्यता

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**




**नाहन** : जिला सिरमौर के पांवटा साहिब स्थित दा यूरो डाइट वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को भारतीय शिक्षा बोर्ड की मान्यता मिल गई है जिसके चलते अब दा यूरो डाइट वर्ल्ड स्कूल इस सत्र से नौवीं कक्षा से 11वीं कक्षा तक की एडमिशन शुरू करेगा। दा यूरो डाइट वर्ल्ड स्कूल पांवटा साहिब के निदेशक एवं प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से दा यूरो डाइट वर्ल्ड स्कूल को मान्यता मिल गई है। उन्होंने कहा कि दा यूरो डाइट वर्ल्ड स्कूल की भारतीय शिक्षा बोर्ड की संबद्धता संख्या ॥क्कहृस्न25030020 है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2025 के सत्र से 9वी और 11वीं कक्षा में छात्र प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 11 वीं में विज्ञान चिकित्सा और गैर चिकित्सा , वाणिज्य और कला के लिए सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड एक राष्ट्रीय स्कूल शिक्षा बोर्ड है। उन्होंने बताया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत स्थापित एक राष्ट्रीय बोर्ड है। इसे भारतीय विश्वविद्यालय के संघ द्वारा भी मान्यता प्राप्त है। राजेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गठित एक राष्ट्रीय स्कूल शिक्षा बोर्ड है। उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब के बाता मंडी के समीप दा यूरो डाइट वर्ल्ड पब्लिक स्कूल गत आठ वर्षों से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक दा यूरो डाइट वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में केवल आठवीं तक के कक्षाएं ही चल रही थी , लेकिन अब इस सत्र से नौवी, 10वीं और 11वीं की कक्षाएं भी आरंभ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से मान्यता मिलने के बाद छात्रों में भी खुशी की लहर है। अब स्कूल ने नौवीं , 10वीं और 11वीं के लिए प्रवेश आरंभ कर दिया है।

# कांग्रेस ने बाबा साहेब और सरदार पटेल का हमेशा अपमान किया, मोदी ने सम्मान किया: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**सिरमौर** : सिरमौर में आयोजित बाबा साहेब सम्मान अभियान को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आजादी की लड़ाई के बाद देश के सामने दो प्रमुख चुनौतियां थी। पहली चुनौती 500 से ज्यादा रियासतों का विलय करना और दूसरी चुनौती देश को एक बेहतरीन संविधान देना जो हर देशवासी के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों का संरक्षण कर सके तथा भारत को एक लोकतांत्रिक देश के रूप में आगे ले जा द्य सके। रियासतों को विलय करने का जिम्मा सरदार वल्लभभाई पटेल को मिला। देश के संविधान निर्माण का जिम्मा बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को। इन दोनों को यह जिम्मेदारी प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के इच्छा के विपरीत मिली। जवाहरलाल नेहरू बाबा साहब को बिल्कुल भी पसंद नहीं करतेथे। उन्होंने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया। बाबा साहेब के जीते जी उन्हें सरकार से दूर रखने के हर प्रयास किया तो उनकी मृत्यु के बाद उनके शव के अपमान में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। बाबा साहेब को सम्मान तब मिला जब भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से सरकार बनी। 1990 में उन्हें भारत रत्न मिला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यकाल में बाबा साहेब से जुड़े स्मृतियों को पंच तीर्थ बनाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी तरह सरदार पटेल को सम्मान देने के लिए भाजपा सरकार ने उनका स्मारक बनाया। नरेंद्र मोदी ने दुनिया का सबसे विशाल स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेता पूरे देश में घूम-घूम कर संविधान बचाओ यात्रा चला रहे हैं और संविधान में खतरे है का नारा दे रहे हैं। जबकि हकीकत है कि संविधान दुनिया के सबसे मजबूत नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्णतया सुरक्षित है और कांग्रेस पार्टी ही खतरे में है। जिस तरीके से चुनाव दर चुनाव कांग्रेस पार्टी का संविधान खतरे में है का झूठा नैरेटिव बेनकाब हुआ है और देश के लोगों ने उन्हें नकारा है। उससे यह साफ है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस ढूंढे नहीं मिलेगी। बाबा साहब का योगदान देश की आजादी की लड़ाई के साथझसाथ आजादी के बाद देश की चुनौतियों से निपटने में भी रहा। आजादी के बाद भारत को एक लोकतांत्रिक देश बनाने के साथ-साथ एक सर्वाग्रही, सर्व समावेशी, सर्वहितकारी संविधान बनाने का दायित्व भी मिला। संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने यह दायित्व पूरी निष्ठा के साथ पूरा किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सामाजिक न्याय और समानता के हितों की रक्षा करते और शोषण के विरुद्ध लड़ते हुए बीता। बाबासाहेब आधुनिक भारत के सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। देश के वंचित- शोषित समुदाय के हकों के लिए उन्होंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया। बाबा साहेब के दिखाए गए रास्ते ही शोषण मुक्त, समानता और समरसता युक्त आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। उनका जीवन दर्शन और शिक्षाएं हमेशा लोगों का पथ प्रदर्शन करता रहेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब के खिलाफ साजिशें रची। उनका अपमान किया। उनकी क्षमताओं का, उनकी शिक्षा का लाभ देश को नहीं उठाने दिया। उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर रखने और लोक सभा का उपचुनाव हराने के लिए साजिशें रची। 1952 के लोक सभा उपचुनाव में 74333 मतों को अमान्य करवाकर कांग्रेस ने पहली बार जनादेश की लूट का प्रयास किया। 1937 के बॉम्बे प्रेसीडेंसी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को हराने के प्रयास में प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी बालू पालवंकर को उनके खिलाफ मैदान में उतारा। हालांकि बालू पालवंकर चुनाव हार गए, लेकिन इस प्रयास ने कांग्रेस की डॉ. आंबेडकर के विरोध की भावना को बेनकाब कर दिया। इसी प्रकार कांग्रेस के बंबई प्रीमियर, बी.जी. खरे ने यह सुनिश्चित किया कि डॉ. अंबेडकर को संविधान सभा में चुना न जाए। योगेन्द्रनाथ मंडल की वजह से बाबा साहेब बंगाल से संविधान सभा के चुनाव में चुने गए। डॉ. अंबेडकर को जिन क्षेत्रों ने वोट दिया था, जैसे कि बारिसाल, जेसोर-खुलना और फरीदपुर-वे मुस्लिम बहुल क्षेत्र न होने के बावजूद कांग्रेस ने उन्हें पाकिस्तान जाने की अनुमति दे दी। जिससे बाबासाहेब एक बार फिर संविधान सभा से बाहर हो गए। हिंदू महासभा के नेता और नेहरू के मुखर आलोचक, श्री एम. आर. जयकर ने पुणे से अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया ताकि डॉ. अंबेडकर को संविधान सभा के लिए चुना जा सके। कांग्रेस को बाबा साहेब के साथ किए गए कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, शिमला सांसद सुरेश कश्यप, पोंटा साहिब से विधायक सुखराम चौधरी, पच्छाद विधायक रीना कश्यप, प्रदेश महासचिव बिहारी शर्मा, पार्टी सचिव डेजी ठाकुर और मुनीश चौहान, जिलाध्यक्ष धीरज गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 28 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## शहडोल में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

शहडोल। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में शनिवार देर रात एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। घटना लूप लाइन में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी और आरपीएफ मौके पर पहुंची और फिर गार्ड डिब्बे को पटरी के ऊपर चढ़ाने में जुट गए। जानकारी के अनुसार घटना सिंहपुर रेलवे स्टेशन की लूप लाइन में हुई। कटनी से बिलासपुर की ओर जा रही कॉपर लोड से भरी मालगाड़ी का गार्ड वैन डिब्बा पटरी से उतर गया। देर रात तक गार्ड ब्रेक वैन डिब्बे को पटरी में लाने का काम चला। हालांकि इस घटना से मुख्य रेल मार्ग प्रभावित नहीं हुआ। अप और डाउन दोनों मेन लाइन पूरी तरह चालू रहीं। रेलवे के आवागमन में कोई बाधा नहीं आई। सभी मालगाड़ियां और यात्री ट्रेनें सामान्य रूप से संचालित होती रहीं। रेल यातायात में किसी तरह का व्यवधान नहीं आया।

## संभाजीनगर में फूड प्वाइजनिंग से एक बच्चे की मौत

मुंबई। संभाजीनगर के अंबाला-ठाकुरवाड़ी इलाके में आयोजित एक सामूहिक शादी समारोह में फूड प्वाइजनिंग होने से एक बच्चे की मौत हो गई और 17 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इन सभी का संभाजीनगर जिले के घाटी अस्पताल में इलाज हो रहा है। इस घटना की सूचना मिलते ही जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभय धनुरकर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. लहाने और कन्नड़ तहसील अधिकारी डॉ. योगेश सोलंके ने निरीक्षण के लिए पीएचसी का दौरा किया है और फूड प्वाइजनिंग के शिकार मरीजों का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर में आदिवासी ठाकर समुदाय के सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत आयोजित अजय पांडुरंग पोकाले की शादी में शिपघाट-ठाकुरवाड़ी, महादेव खोरा और धमनडोह गांवों के रिश्तेदार शामिल हुए थे। इस शादी समारोह में मेहमानों ने चावल, मटकी (मोठ), आलू की सब्जी और बूंदी से बना भोजन खाया था। बाद में देर शाम को कई लोग घर लौटे तो उन्हें अचानक उल्टी, चक्कर और दस्त के लक्षण दिखाई दिए। इसकी सूचना मिलते ही करंजखेड़ के पूर्व उप सरपंच हर्षवर्धन निकम और बुंदा मेंगल ने निजी परिवहन की व्यवस्था करके सभी 155 प्रभावित व्यक्तियों को करंजखेड़ और नागापुर के सरकारी और निजी अस्पतालों में पहुंचाया । लेकिन करंजखेड़ पीएचसी में इलाज के दौरान सुरेश माधे नामक 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

# उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार हो गंगा एक्सप्रेसवे: योगी

☐ सीएम योगी ने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का किया भ्रमण और प्रगति का लिया जायजा ☐ हरदोई (बिलग्राम), शाहजहांपुर (जलालाबाद) और हापुड़ (गढ़मुक्तेश्वर) में बन रहे एक्सप्रेसवे का किया निरीक्षण



**हरदोई/शाहजहांपुर/हापुड।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का भ्रमण किया और यूपीडा व निर्माण में जुटी एजेंसियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समयसीमा में एक्सप्रेसवे को तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे पर ग्रुप-1 और ग्रुप-2 के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया, जबकि ग्रुप-3 और ग्रुप-4 के तहत चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं एक्सप्रेसवे पर कार से यात्रा (राइड) की और क्वालिटी पर खुशी जताई। वहीं उन्होंने पहली बार एक्सप्रेसवे में उपयोग में लाई जा रही जर्मन तकनीक को भी विस्तार से समझा। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने कार्य कर रहे श्रमिकों से भी मुलाकात की और उनके साथ फोटो शूट भी कराया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने तीन जनपदों में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की प्रगति को देखा। सबसे पहले वह हरदोई के बिलग्राम तहसील स्थित ग्रुप-3 के 347+000 चैनेज पर गए, जबकि यहां से वह शाहजहांपुर के जलालाबाद स्थित बदायूं-हरदोई ग्रुप-2 पर 242 +650 चैनेज का भी भ्रमण किया। अंत में वह हापुड के गढ़मुक्तेश्वर तहसील के तहत मेरठ-बदायूं ग्रुप-1 पर स्थित 62+200 चैनेज पहुंचे और प्रगति का जायजा लिया।

**रोड क्वालिटी और कम्फर्ट के विषय में ली जानकारी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले हरदोई जनपद के मल्लावां व माधोगंज विकास खण्ड में गंगा एक्सप्रेस वे का निरीक्षण करने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हसनपुर गोपाल के पास एक्सप्रेसवे के हेलीपैड पर उतरने के बाद कुछ दूर पैदल चलकर एक्सप्रेसवे को देखा।

उन्होंने कार से करीब 5 किलोमीटर की दूरी भी तय की। वहीं, उन्हें रोड क्वालिटी और रोड कम्फर्ट के लिए ज्यूरिख यूनिवर्सिटी द्वारा उन्नत टेक्नोलॉजी से भी अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने खुशी जताई। इस दौरान उन्होंने यूपीडा के अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक्सप्रेसवे के इस ग्रुप को समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं।

### एयरस्ट्रिप का भी किया हवाई सर्वे

इसके बाद मुख्यमंत्री जलालाबाद, शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को देखने पहुंचे। यहां उन्होंने हवाई सर्वे के माध्यम से कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने 3.5 किमी. लंबी एयरस्ट्रिप का एरियल सर्वे भी किया। इस एयरस्ट्रिप पर 2 और 3 मई को एयरशो का आयोजन किया जाना है। अभी तक किसी भी एयरस्ट्रिप पर नाइटलैंडिंग नहीं की गई है।

### श्रमिकों से की मुलाकात, कराया फोटोशूट

इसके बाद मुख्यमंत्री हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की प्रगति देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हापुड़ में गंगा पर बने ब्रिज को भी देखा, इस ब्रिज पर उन्होंने चहलकदमी भी की। मजदूरों के साथ फोटो सेशन कराया। उनका हाल जाना और 18 महीने में पुल बनाने के लिए उनकी और आईआरबी के स्टाफ की प्रशंसा की। यहां उन्हें परियोजना निदेशक ने गंगा एक्सप्रेसवे के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मुख्यमंत्री जी ने कार्य की भरपूर प्रशंसा की और समयसीमा के अंतर्गत निर्माण पूर्ण कराने के लिए निर्देशित दिया।

## मप्र: कर्मचारियों का महंगाई भत्ता पांच प्रतिशत बढ़ा




### सभी वर्गों का प्रमोशन शुरू किया जाएगा

अब इनका महंगाई भत्ता केंद्रीय कर्मचारियों के समान 55 प्रतिशत हो गया है। एरियर की राशि का भुगतान पांच समान किस्तों में जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक कर दिया जाएगा। अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जल्द सभी वर्गों का प्रमोशन शुरू किया जाएगा। साल 2016 से प्रमोशन का मामला कई कारणों से मामला उलझा हुआ है। ऐसे में हमारी मंत्रिमंडल की एक समिति बनाई गई थी।

सौगात

☐ एक जुलाई 2024 से तीन फीसदी और एक जनवरी 2025 से दो फीसदी महंगाई भत्ते की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल:** मध्य प्रदेश के करीब 7.30 लाख सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता पांच फीसदी बढ़ाकर 55 प्रतिशत कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को भोपाल मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के कार्यक्रम में इसकी घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को एक जुलाई 2024 से तीन फीसदी और एक जनवरी 2025 से दो फीसदी महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त स्वीकृत करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को भारत सरकार के कर्मचारियों के समान ही 55 फीसदी महंगाई भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए एक साथ 2024 से तीन फीसदी और एक जनवरी 2025 से दो फीसदी महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त मंजूर की गई है।

### नागदा- एनजीटी (दिल्ली) के चंगुल में बिड़ला का ग्रेसिम एवं विदेशी उद्योग

**नागदा।** उज्जैन जिले के नागदा में संचालित तीन उद्योग प्रदूषण के आरोप में एनजीटी (नई दिल्ली) के चंगुल में फंस गए हैं। तीनों इंड्रस्टीज पर प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है। जिसमें देश में मशहूर बिड़ला घराना का ग्रेसिम एवं इसी कंपनी का केमिकल डिवीजन उद्योग का नाम भी शामिल है। यहां संचालित विदेशी कंपनी के लैंक्सेस उद्योग को भी नोटिस जारी हुआ है। प्रकरण में मुख्य सचिव के माध्यम से मप्र शासन एवं मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी प्रतिवादी बनाया गया है। जिला कलेक्टर उज्जैन को भी बतौर प्रतिवादी नोटिस भेजा गया। उक्त सभी की भौतिक सुनवाई फरीदकोट हाउस नई दिल्ली में सात मई 2025 को निर्धारित है। उल?लेखनीय है कि एनजीटी ने यह कार्यवाही एक पत्र याचिका के आधार पर पंजीकृत की है। यह मूल आवेदन एनजीटी में क्रमांक 875/2019 पर पंजीकृत हुआ था।

## शहरों की सूरत बदलने से जीवन सुधरेगा: मुख्यमंत्री फडणवीस



**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को पुणे में कहा कि शहरों की सूरत बदलने से 50 प्रतिशत आबादी का जीवनस्तर सुधरेगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र की 50 प्रतिशत आबादी 500 शहरों में रहती है और शेष आबादी 40,000 गांवों में रहती है। यदि हम शहरों की सूरत बदल सकें तो हम 50 प्रतिशत आबादी को बेहतर जीवन मुहैया करा सकते हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस रविवार को पुणे में यशदा, बर्वे चैरिटेबल ट्रस्ट, इंटरनेशनल सेंटर और पुणे महानगरपालिका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'पुणे शहरी संवाद-चुनौतियां और समाधान' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मुंबई में उपनगरीय रेलवे, मेट्रो, मोनोरेल की सुविधा एक ही टिकट पर उपलब्ध कराई जाएगी तथा जल टैक्सी भी उपलब्ध कराई जाएगी।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में खेलो इंडिया प्रतियोगिता की तैयारी की निरीक्षण करते हुए।

## तेजसवी के पिता ने बिहार में अराजकता फैलाने का काम किया था: सम्राट चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए नेता विपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर बरसे। तेजस्वी यादव द्वारा भारतीय जनता पार्टी पर लगाए गए आरोप कि भाजपा 'अपराधियों और बलात्कारियों की पार्टी' बन गई है पर पलटवार करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि "तेजस्वी यादव के पिता ने बिहार में अराजकता फैलाने का काम किया था। जदयू नेताओं ने भी स्पष्ट किया है कि किसने गोली चलाई थी। पुलिस की नजर में जो भी अपराधी हैं, उन पर कार्रवाई होगी। हम जाति और धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि अपराध के आधार पर कार्रवाई करते हैं। अपराधी आपस में लड़ेंगे, मरेंगे, और पुलिस उन्हें जेल भेजेगी।" उपमुख्यमंत्री को डरपोक, निकम्मा और नकारे करार दिया था।

पलटवार

☐ हम जाति और धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि अपराध के आधार पर कार्रवाई करते हैं: जदयू

## पीएम का उद्बोधन एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की देता है प्रेरणा : मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ह्यमन की बातह्य कार्यक्रम की 121वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने मुंबई प्रवास के दौरान मुंबई एयरपोर्ट पर ह्यमन की बातह्य कार्यक्रम को सुना। उन्होंने मन की बात में कई विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भारत की विकास यात्रा की उल्लेखनीय उपलब्धियों का चित्रण करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के शब्दों में गहरा प्रभाव है, जो हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

गहरा प्रभाव

☐ प्रधानमंत्री के शब्दों में गहरा प्रभाव है, जो हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है

## ईडी कार्यालय की इमारत में लगी आग

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के बैलार्ड पियर इलाके में स्थित कैसर हिंद बिल्डिंग में देर आधी रात आग लग जाने से अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस घटना में बिल्डिंग में स्थित प्रवर्तन निदेशालय का दफ्तर जलने से बाल-बाल बच गया और कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार बैलार्ड पियर इलाके में स्थित कैसर हिंद नामक बिल्डिंग के चौथे मंजिल पर आधी रात करीब ढ़ाई बजे आग लग गई थी।

**प्राकृतिक खेती** *सरकार ने प्राकृतिक खेती से उगाए गए मक्का पर पूरे भारत वर्ष में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया*

## *प्राकृतिक खेती से आत्मनिर्भर बने शिमला के डीडी कश्यप*

योजनाएं

☐ डीडी प्राकृतिक खेती से 116 प्रकार की खाद्य फसलें उगा रहे है, जिससे वह प्राकृतिक खेती से पैदा कर रहे है



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश की 69 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। इसी के द्दष्टिगत प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और उनकी आय बढ़ाने व खेती की लागत घटाने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं लागू कर रही है। प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उदेश्य से हिमाचल प्रदेश सरकार ने नए आयाम स्थापित किए है, जिसकी बदौलत आज प्रदेश में किसानों को उसका लाभ प्राप्त हो रहा है। प्रदेश सरकार ने इस वित्त वर्ष में एक लाख नए किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है ताकि रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उगाए गए मक्का पर पूरे भारत वर्ष में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया है। इसी के मध्यनजर इस वित्त वर्ष में प्राकृतिक खेती से तैयार किये गए मक्का का समर्थन मूल्य 30 रुपए से बढ़ाकर 40 तथा गेहूं को 40 से बढ़ाकर 60 रुपये प्रति किलो करने की घोषणा की गई है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है, जिससे प्रदेश के किसानों को आवश्यक रूप से लाभ प्राप्त होगा। जिला शिमला के शिमला ग्रामीण उपमंडल के अंतर्गत पाहल गांव के निवासी दुर्गा दत्त कश्यप ने प्राकृतिक खेती कर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है, जो आज अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बने है। डीडी कश्यप आज प्राकृतिक खेती से लगभग 116 प्रकार की खाद्य फसलें उगा रहे है, जिससे वह घर की आवश्यकता वाली अधिकतर चीजें प्राकृतिक खेती से पैदा कर रहे है। खुले बाजार से वह बहुत कम चीजें खरीदते है।

